# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 204 | जयपुर | गुरूवार, 29 मई, 2025 | ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष तृतीया संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# प्रदेश में जोधपुर-उदयपुर समेत 8 जिलों में बारिश

## भीलवाड़ा में तेज हवा से टोल-प्लाजा पर लगा टीनशेड उड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जोधपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, पाली, जैसलमेर, राजसमंद, बांसवाड़ा और भीलवाड़ा में बुधवार को दोपहर बाद मौसम बदला। तेज हवा के साथ बरसात हुई। इस दौरान सड़कों पर पानी बहने लगा। बारिश के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिली। भीलवाड़ा और राजसमंद में आंधी के कारण टीनशेड और टेंट भी उड़ गए। चित्तौड़गढ़ में कार पर पेड़ गिर गया। जैसलमेर में सुबह रेत का गुबार छाया रहा। शाम को बारिश से धोरों में पानी बहने लगा। बूंदी के बसौली थाना इलाके में पहाड़ी पर 70 साल की बुजुर्ग महिला का शव मिला। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार भोजगढ़ गांव निवासी मोतियाबाई मीणा (70) की मौत गर्मी और हीट वेव से हुई है। आज दिन में जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर समेत तमाम शहरों में उमस वाली गर्मी रही। अधिकांश शहरों में ह्यूमिडिटी का लेवल 50 से 80 के बीच पहुंच गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अगले कुछ दिन उमस वाली गर्मी रहने का अनुमान है। वहीं, 30 मई से लोगों को हीटवेव से राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर ने गुरुवार को राज्य के 9 जिलों में तेज गर्मी का येलो अलर्ट जारी किया है, जबकि 20 जिलों में आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

### पाली में दिन में गर्मी, शाम को बारिश

पाली में भीषण गर्मी बाद बारिश हुई। शहर में जहां हल्की बरसात हुई, वहीं ग्रामीण हिस्सों में तेज बारिश का दौर चला।गलियों में पानी बहने लगा।

### जैसलमेर में चली आंधी

जैसलमेर में देर शाम मौसम बदल गया। यहां बादल छाए और आंधी चली। इसके कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### बूंदी में भीषण गर्मी से बुजुर्ग महिला की मौत

#### उदयपुर में तेज बरसात, सड़क पर बहने लगा पानी

उदयपुर में दोपहर 3 बजे बाद बारिश का दौर शुरू हुआ। शहर के कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। यूनिवर्सिटी रोड, फतहपुरा, सुखाड़िया सर्किल के पास, केशवनगर, रूपसागर सहित ओल्ड सिटी के कई इलाकों में बारिश का पानी सड़क पर बहने लगा। वहीं केशवनगर इलाके में तेज बारिश का दौर चला। बारिश के बाद तापमान में कमी आई। वहीं फतहसागर, रानी रोड पर लोगों की आवाजाही बढ़ गई।

### टोल प्लाजा पर लगा टीन शेड तेज हवा से उड़ा

भीलवाड़ा में बारिश के दौरान मांडल थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे-158 पर जीवलिया टोल प्लाजा के ऊपर लगा टीन शेड तेज हवा से उड़ गया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई।

### जोधपुर में आंधी के बाद हुई बारिश

जोधपुर में भी बुधवार शाम को मौसम बदला और आंधी के बाद बारिश हुई। पावटा चौराहे समेत कई इलाकों में बारिश होने से तापमान में कमी आई।

### भीलवाड़ा में दोपहर बाद बदला मौसम, बारिश हुई

भीलवाड़ा में शाम करीब 4 बजे बादल छाए और कुछ देर बाद ही बारिश का दौर शुरू हो गया। इससे लोगों को भीषण गर्मी ओर उमस से राहत मिली है। मौसम विभाग ने जिले में आज और कल बारिश व तेज हवा चलने का अलर्ट जारी किया है।



**चित्तौड़गढ़ में तेज हवा के साथ बारिश**-चित्तौड़गढ़ में दोपहर बाद मौसम बदला। दोपहर करीब 3 बजे बादल छाए और तेज हवा चलने लगी। शाम 4 बजे तेज हवा के साथ बारिश होने लगी। बारिश के बाद सड़कों पर पानी बहने लगा।

**बूंदी में गर्मी से बुजुर्ग महिला की मौत**-बूंदी के बसौली थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला की गर्मी से मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला की मौत गर्मी और हीट वेव से हुई है। जानकारी के अनुसार, भोजगढ़ की मोतिया बाई मीणा (70) सोमवार को बकरियां चराने गई थीं। शाम तक वह नहीं लौटीं और बकरियां अकेले घर पहुंचीं तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। महिला का कोई पता नहीं चला तो मंगलवार को बसौली थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस को मंगलवार शाम करीब 7 बजे दूधिया महादेव की पहाड़ी पर महिला का शव मिला। डॉक्टर दिग्विजय सिंह मीणा ने बताया- गर्मी में पानी नहीं मिलने के कारण महिला की जान गई है।

**जयपुर में अच्छी बारिश के लिए विशेष यज्ञ**-जयपुर में भीषण गर्मी से राहत और अच्छी बारिश के लिए विशेष पर्जन्य यज्ञ किया गया। यह धार्मिक अनुष्ठान बुधवार को स्वेज फार्म स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में संपन्न हुआ। वार्ड नंबर 134 के कांग्रेस पार्षद पंडित करण शर्मा की पहल पर यह यज्ञ आयोजित किया गया।

**जैसलमेर में अंधड़ और रेत का गुबार**-जैसलमेर में बीती रात आए अंधड़ से धूल का गुबार छा गया। बुधवार सुबह से आसमान में धूल का गुबार व हल्के बादल छाए हैं। अंधड़ से कई इलाकों में बिजली के पोल भी गिरे हैं। मौसम विभाग ने कल और आज अंधड़, तेज हवाओं व हल्की बारिश का अलर्ट जारी किया है।

**उदयपुर संभाग में बारिश**-मंगलवार को पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान में कई शहरों में आसमान साफ रहा, लेकिन दक्षिण राजस्थान के उदयपुर संभाग के जिलों में दोपहर में हल्के बादल छाए। इससे यहां शहरों में तापमान कंट्रोल रहा।

उदयपुर में मंगलवार को अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री सेल्सियस, डूंगरपुर में 34.5, प्रतापगढ़ में 34.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

पिछले 24 घंटे के दौरान डूंगरपुर में 8एमएम, झालावाड़ के अकलेरा में 15एमएम बारिश हुई। इसके अलावा बांसवाड़ा के कुछ एरिया में हल्की बूंदाबांदी हुई।

## संक्षिप्त समाचार

### हिंडनबर्ग केस में सेबी की पूर्व चीफ को क्लीनचिट

#### लोकपाल ने कहा- माधबी बुच के खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं मिला



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच को हिंडनबर्ग मामले में लोकपाल ने क्लीनचिट दे दी है। लोकपाल की एंटी करप्शन बॉडी ने हिंडनबर्ग केस में उनके खिलाफ सभी शिकायतों का निपटारा कर दिया है। लोकपाल ने कहा है कि बुच के खिलाफ जांच का आदेश देने के लिए कोई ठोस सबूत नहीं है। लोकपाल ने अपने आदेश में कहा, हम इस नतीजे पर पहुंचे हैं कि शिकायतों में लगाए गए आरोप अनुमानों और मान्यताओं पर आधारित हैं। इसके अलावा इस मामले में कोई भी वेरिफाइड मटेरियल नहीं मिला है। इसलिए उनके खिलाफ की गईं सभी शिकायतों को खारिज किया जाता है।

लोकपाल ने कहा, शिकायतकर्ताओं ने इस स्थिति के प्रति सचेत रहते हुए रिपोर्ट से स्वतंत्र होकर आरोपों को स्पष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन हमारे द्वारा आरोपों के एनालिसिस से यह निष्कर्ष निकला कि वे सभी आरोप अपुष्ट, अप्रमाणित और तुच्छ हैं। इसके अलाव लोकपाल ने अपने आदेश में कहा कि किसी भी आरोप में कोई दम नहीं है। माधबी बुच और उनके पति धवल बुच ने अडाणी ग्रुप में निवेश से जुड़े एक फंड में काफी बड़ी रकम निवेश की।

### कमल हासन बोले- तमिल भाषा से निकली कन्नड़

#### प्रो कन्नड़ संगठन ने शिकायत दर्ज कराई

बढ़ता राजस्थान

**चेन्नई ( एजेंसी )।** शनिवार, 24 मई को चेन्नई में फिल्म 'ठग लाइफ' के ऑडियो लॉन्च के दौरान कमल हासन ने कहा था कि तमिल भाषा ने कन्नड़ भाषा को जन्म दिया। इस बयान का कर्नाटक में जोरदार विरोध हो रहा है। मुख्यमंत्री सिद्धारमय्या ने इस विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, कन्नड़ भाषा का इतिहास बहुत पुराना है। कमल हासन को इसकी जानकारी नहीं है।

हासन के बयान से प्रो-कन्नड़ संगठन कर्नाटक रक्षण वेदिके में भी गहरा रोष है। संगठन के नेता प्रवीण शेट्टी ने बेंगलुरु के आरटी नगर पुलिस स्टेशन में एक्टर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि हर बार जब कोई नई तमिल फिल्म रिलीज होती है, तब लगातार कन्नड़वासियों के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचाई जाती है। अभिनेता द्वारा दिया गया विवादित बयान न केवल कन्नड़वासियों की भावनाओं को आहत करता है, बल्कि इससे उनकी और तमिलों के बीच नफरत की जड़ें भी मजबूत हुई हैं और अपमान हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने कमल हासन के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की भी मांग की है।

#### कर्नल सोफिया मामला

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को सुनवाई से रोका

#### एसआईटी को जांच के लिए जुलाई तक का वक्त; अभी मंत्री विजय शाह से नहीं हुई पूछताछ

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/भोपाल।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी से विवादों में घिरे मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले की सुनवाई हुई। जस्टिस जेजे सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने मामला सुना। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- एसआईटी ने 21 मई को जांच की, वो बयान देने वाली जगह गई थी। मोबाइल समेत कुछ सबूत भी इकट्ठा किए गए। गवाहों के बयान लिए गए। जांच अभी शुरुआती चरण में है। हाईकोर्ट से हमारी रिक्वेस्ट है कि वो हमारे साथ-साथ सुनवाई न करे। एसआईटी ने तय तारीख को जांच रिपोर्ट पेश कर दी। एसआईटी ने कुछ और समय मांगा है। इस मामले की सुनवाई अब जुलाई के पहले हफ्ते में होगी। स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन 19 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही हुआ था।

# योग दिवस के आयोजन को प्रदेश की धरोहर से जोड़ें : सीएम शर्मा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नीतिगत निर्णय लेकर राजस्थान को स्वस्थ एवं स्वच्छ प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर इस वर्ष गंगादशमी का अनूठा संयोग बना है। गंगादशमी की मान्यता को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार इस अवसर को जल स्वावलम्बन पखवाड़े के माध्यम से वर्षा जल के अधिक संग्रहण तथा जल स्त्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए व्यापक स्तर पर मनाने जा रही है। श्री शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि जल स्वावलम्बन पखवाड़े में आयोजित होने वाली गतिविधियों में आमजन की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित हो तथा प्रत्येक गांव को इन गतिविधियों में जोड़ा जाएं ताकि यह एक जन आंदोलन का रूप ले सके।

### जल संचयन बनें जन-अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सबका श्रम-सबकी सहभागिता' की भावना के साथ जल स्वावलम्बन पखवाड़े में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जागरूकता के लिए वृहद् स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए तथा जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन को सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही, उन्हें सरकारी संस्थाओं में दान करने एवं रेलवे स्टेशनों आदि पर यात्रियों एवं आमजन के लिए जल सेवा की व्यवस्था एवं पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी ऐसी संस्थाओं एवं समाजसेवियों का सम्मान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करेगी।

श्री शर्मा ने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के अन्तर्गत भामाशाहों, प्रवासी राजस्थानियों के माध्यम से क्राउण्ड फण्डिंग द्वारा व कॉरपोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी निधि के तहत रिचार्ज/जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल स्वावलम्बन पखवाड़े में पेयजल स्त्रोतों की सफाई मरम्मत, जल बचत हेतु जन जागरूकता अभियान सहित अन्य कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। उन्होंने इस दौरान अस्पतालों सहित सरकारी संस्थाओं में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों एवं सीएसआर के जरिए जन भागीदारी बढ़ाने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान एवं हरियालो राजस्थान मिशन के अन्तर्गत प्रदेश ने पिछले वर्ष 7 करोड़ से अधिक पौधारोपण का रिकॉर्ड बनाया था। इस वर्ष भी 11 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आगामी मानसून सत्र में पौधारोपण की आवश्यक गतिविधियों की भी तैयारियां शुरू की जाएं।

## अकाली दल के नेता सुखदेव सिंह ढींडसा का निधन

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** पंजाब में शिरोमणि अकाली दल के सीनियर नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींडसा का 89 साल की उम्र में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। बुधवार को शाम 5 बजे उन्होंने मोहाली के अस्पताल में अंतिम सांस ली। ढींडसा की बेटी विदेश में है। वह कल भारत पहुंचेगी। ऐसे में 30 मई को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। 2019 में केंद्र सरकार ने ढींडसा को पद्म भूषण अवॉर्ड से सम्मानित किया था, लेकिन उन्होंने दिसंबर 2020 में किसान आंदोलन के समर्थन में अवॉर्ड लौटा दिया था। वे वर्ष 2000 से 2004 तक केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे। ढींडसा पूर्व सीएम प्रकाश सिंह बादल के साथी रहे हैं। उनके बेटे परमिंदर सिंह ढींडसा भी पंजाब सरकार में वित्त मंत्री रह चुके हैं। पिछले साल ढींडसा को श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ने धार्मिक सजा



सुनाई थी। उन्होंने गोल्डन टेंपल में व्हीलचेयर पर बैठकर गेट पर पहरेदारी की थी।

संगरूर जिले के उभवाल गांव में जन्म सुखदेव सिंह ढींडसा का जन्म 9 अप्रैल 1936 को पंजाब के संगरूर जिले के उभवाल गांव में हुआ था। उन्होंने स्नातक की पढ़ाई गवर्नमेंट रणबीर कॉलेज संगरूर से की थी।

## भारत शांति चाहता है, पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता, वह उस जमीन को पाना चाहता है जो उसकी है ही नहीं : थरूर

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पनामा के दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि भारत अकेले शांति से जीना चाहता है, लेकिन पाकिस्तान ऐसा नहीं होने देता। उन्होंने साफ किया कि भारत युद्ध नहीं चाहता था, लेकिन आतंकवादियों को सजा दिए बिना नहीं छोड़ा जा सकता। न्यूज एजेंसी हृद्ध के मुताबिक थरूर ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ आतंकी हमलों को बढ़ावा दे रहा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर इसलिए शुरू किया क्योंकि पाकिस्तान ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के अपराधियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की थी। आतंकवाद के खिलाफ पनामा का भारत को समर्थन थरूर के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पनामा की यात्रा पर पहुंचा है। इसमें भाजपा, कांग्रेस और दूसरे दलों के सांसद भी हैं। इस यात्रा का मकसद दुनिया को भारत की आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता और सख्त रवैये का संदेश देना है। इस मुलाकात के बाद पनामा ने भारत के समर्थन का ऐलान किया है। पनामा की असेंबली की अध्यक्ष डाना कास्टानेडा ने कहा है कि पनामा शांति के इस अभियान में भारत के साथ खड़ा होना चाहता है, और हमें उम्मीद है कि हम आतंकवाद को हरा सकते हैं।




# देश के निर्धन मेधावी छात्रों को सीए बनायेगा 'रेखा सोमानी फाउंडेशन'

## प्रतिवर्ष छात्रों को नि:शुल्क खान-पान,ठहरने एवं कोचिंग की सुविधा भी उपलब्ध करायेगा

### मेघावी बच्चों को आर्थिक अभाव में नही रुकेगा करियर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** अपने बच्चों को जीवन में बेहतर से बेहतर शिक्षा उपलब्ध करानें का हर अभिभावक का सपना होता है ताकि वह बच्चा आगे जाकर अपने परिवार का नाम रोशन कर सकें लेकिन रेखा सोमानी फाउंडेशन देश के 12 वीं पास निर्धन मेधावी छात्रों को सीए बनानें का बीड़ा उठाया है ताकि वह छात्र-छात्रा आगे चल कर न केवल अपने परिवार का वरन् अपने शहर, राज्य व देश का नाम रोशन कर देश के विकास में अपनी सहभागिता निभा सकें।

ट्रस्ट के प्रबन्ध न्यासी सीए देवेन्द्र सोमानी ने बताया कि इसकी शुरूआत इसी वर्ष से होगी। हाल ही में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड या व सीबीएसई में 12 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले निर्धन मेधावी छात्रों का एक कमेटी द्वारा चयन किया जायेगा। उन चयनित छात्रों की सीए कोर्स की फीस,उनके आवास,खाने-पीने एवं उनकी देश की ख्यातनाम शिक्षकों से नि:शुल्क कोचिंग करायी जायेगी।

सीए सोमानी ने बताया कि इस चयन प्रक्रिया में देश के किसी भी हिस्से एवं किसी भी समुदाय का कोई भी निर्धन मेधावी छात्र भाग ले सकता है।

छात्रों का चयन होने के पश्चात् उदयपुर में ही हिरण मगरी से.9 में बनने वाले भवन में उनके ठहरने की व्यवस्था की जायेगी। छात्रों के नियमित अध्ययन पर ट्रस्ट की पूरी निगरानी रहेगी। उनका मासिक एवं त्रैमासिक स्तर पर उनकी शैक्षिक योग्यता का पुनर्मूल्यांकन किया जायेगा। लगातार दो सत्रों में वांछित परिणाम नही देने वाले छात्र की आगे की पढ़ाई के लिये संस्था द्वारा दी जानें वाली सुविधा बंद कर दी जायेगी।

रेखा सोमानी- सीए सोमानी ने बताया कि सीए रेखा सोमानी का जन्म बिराट नगर नेपाल में 15 अक्टूबर 1975 को हुआ। श्रीमती रेखा सोमानी प्रारम्भ से मेघावी विद्यार्थी रही। इन्होंने अर्थशास्त्र में ही एम फिल की उपाधि हासिल की थी। आप नेट एव स्लेट उतीर्ण करने वाली ब्यवार की पहली महिला रही।

# डीएफएमटी मैनेजिंग कमेटी की बैठक आयोजित

## स्वीकृत समस्त कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 27 मई को जिला मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट की मैनेजिंग कमेटी की बैठक में जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने स्वीकृत समस्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने जिला मिनरल फाउण्डेशन ट्रस्ट (डीएफएमटी) की मैनेजिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए जिला स्तर पर डीएफएमटी का गठन किया गया है। इसके माध्यम से कई विकास कार्य स्वीकृत किए गए है। इस विकास कार्यों की जिला स्तरीय अधिकारी मॉनिटरिंग कर पूर्ण करवाने के लिए निर्माण कार्य की गति बढ़ाएं। इसकी तृतीय पक्ष के माध्यम से जांच भी अनिवार्य रूप से कराएं। इस दौरान डीएफएमटी के माध्यम से स्वीकृत कई कार्य अभी तक आरम्भ नहीं किए गए है। इन कार्यों की जन उपयोगिता की जांच करें। इसके आधार पर इस कार्यों की स्वीकृति निरस्त करवाने के लिए कार्यवाही की जानी चाहिए। सम्बन्धित कार्य की राशि को पुन: लौटाने की कार्यवाही भी साथ-साथ करें। इनके स्थान पर नए कार्य स्वीकृत करवाएं जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण करवाएं। इससे ये कार्य आम जन के लिए काम आ सकेंगे। पूर्ण कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा पूर्णता प्रमाण पत्र जिला स्तर पर



भिजवाना सुनिश्चित करें। उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा पूर्णता प्रमाण पत्र में किसी प्रकार का आक्षेप होने पर इसे हटवाने के लिए समस्त दस्तावेज पूर्ण करावें। समस्त प्रमाण पत्र की कार्यवाही होने के उपरान्त सम्बन्धित एजेन्सी को अवसंरचना हस्तांतरित करने चाहिए। और कहा कि सांसद एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष के माध्यम से होने वाले स्वीकृत कार्यों को प्रारम्भ कर जल्दी पूर्ण कराने का प्रयास करें।

पूर्ण कार्यों के उपयोगिता प्रमाण पत्र एवं पूर्णता प्रमाण पत्र जिला परिषद को उपलब्ध कराएं। इनके सम्बन्ध में मांगी गई जानकारी आगामी 2 दिवस में उपलब्ध कराएंगे। इनकी जीयो टेग करवाना आवश्यक है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का महत्वपूर्ण फैसला

## भिनाय में औद्योगिक क्षेत्र के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृति

### औद्योगिक विकास को मिलेगी गति, बढ़ेंगे स्थानीय रोजगार के अवसर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुयमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पित है। औद्योगिक निवेश से स्थानीय रोजगार बढ़ाने के साथ विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए निरंतर महत्वपूर्ण फैसले किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में मुयमंत्री श्री शर्मा ने एक और महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नवीन औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिए अजमेर की भिनाय तहसील स्थित ग्राम कनईकलां में 106 हैक्टेयर से अधिक भूमि आवंटन की स्वीकृति प्रदान की है। राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं विनियोजन निगम लिमिटेड (रीको) को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 92 के तहत भूमि गैर प्रदूषणकारी औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए आवंटित की गई है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित होंगे और औद्योगिक विकास को गति मिलेगी।

### अंता में 765 केवी जीएसएस के लिए भूमि स्वीकृत

एक अन्य निर्णय के तहत मुयमंत्री श्री शर्मा ने बारां जिले की अंता तहसील के ग्राम सोरसन में 765 केवी जीएसएस के लिए भूमि आवंटन प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके तहत 39.17 हैक्टेयर भूमि को राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड को कीमतन आवंटित किया गया है। इसकी स्थापना से विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ एवं गुणवत्तापूर्ण हो जाएगी।

# पेयजल समस्या से परेशान ग्रामीणों ने दिया सांकेतिक धरना, ज्ञापन सौंपा

### अधिशाषी अभियंता से हुई दूरभाष वार्ता, 1 दिन बाद सप्लाई व्यवस्था सुधारने का मिला आश्वासन, धरना समाप्त*

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के वार्ड नम्बर 5 में गत एक माह से पेयजल सप्लाई की परेशानी से जूझ रहे वार्डवासीयों ने साहवा जलदाय विभाग कार्यालय के आगे सांकेतिक धरना देकर सहायक अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा । गर्मी के मौसम में पिछले एक माह से पानी की समस्या से परेशान वार्ड के लोगो ने बुधवार को जलदाय विभाग हेड वर्क्स साहवा में सांकेतिक धरना देकर पेयजल समस्या के निराकरण की मांग का ज्ञापन दिया। पेयजल समस्या को लेकर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग अधिशाषी अभियंता तारानगर द्वारा ग्रामीणों से दूरभाष पर वार्ता हुई, जिसमें विभाग ने



एक दिन में पानी सप्लाई को सुचारु करने की बात कही। एक दिन बाद पानी की व्यवस्था सुचारू किए जाने के अश्वासन पर ग्रामीणों ने धरना समाप्त कर दिया। धरने पर बैठे ग्रामीण रोहिताश सैनी ने बताया कि गुरुवार तक पेयजल आपूर्ती दुरुस्त नहीं होने पर जलदाय विभाग साहवा का घेराव कर तालाबन्दी करते हुए धरना प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में एनएसयूआई कार्यकर्ता संजय भरुंडिया, कांग्रेस नगर अध्यक्ष रोहितास सैनी, भोमाराम, चिमनाराम , रमेश मिरासी , भजनलाल बेरवाल, राजेश सालवान , महेन्द्र कुमार, रूपाराम सूडा , जुगलाल कस्वां, फुलाराम बेरवाल , थानाराम, दलीप, शौकीन खां, फूलाराम, कालुराम, मनीराम , सीताराम, कमलेश, सुनिल कुमार , रामचन्द्र जोगी, रूपाराम, इन्द्रचन्द सैनी सुरेन्द्र शर्मा सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे ।

# गैर औद्योगिक भूखंडों की ई-नीलामी शुरू

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद।** रीको के धोईन्दा एवं बग्गड़ औद्योगिक क्षेत्रों में गैर औद्योगिक भूखण्डों की ई-नीलामी की प्रक्रिया 26 मई से शुरू हो गई है जिसमें 10 भूखण्ड ई-नीलामी के लिए है औद्योगिक क्षेत्र धोईन्दा में एक भूखण्ड इन्स्टीट्यूशनल, एक धर्म कांटा एवं एक सीएनजी स्टेशन के लिए आरक्षित है। औद्योगिक क्षेत्र बग्गड़ में एक भूखण्ड अस्पताल, एक भूखण्ड रिटेल फ्यूल फिलिंग स्टेशन के लिए आरक्षित है बाकी सब भूखण्ड वाणिज्यिक उपयोग के लिए है एवं इन सभी गैर औद्योगिक क्षेत्रों के लिए पूर्ण मूल्य के साथ-साथ जीएसटी भी लगता है। इस सम्बन्ध में दिनांक 27 मई को कलेक्ट्रेट हॉल में कलेक्टर सर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें अधिकांश जिला स्तरीय अधिकारी व अलग-अलग एसोसिएशन के पदाधिकारी यथा अध्यक्ष मार्बल गैग्सा एसोसिएशन, अध्यक्ष राजसमंद ग्रेनाइट संस्थान व लघु उद्योग भारती के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# माँ वाउचर योजना में हर गर्भवती माँ को मिले समुचित लाभ, लाडो योजना में कोई बेटी वंचित न रहे : कलक्टर

## जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक बुधवार सुबह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में सीएमएचओ डॉ हेमंत बिंदल, आर के जिला चिकित्सालय राजसमंद पीएमओ डॉ रमेश रजक, श्री गोवर्द्धन राजकीय जिला चिकित्सालय नाथद्वारा पीएमओ डॉ कैलाश भारद्वाज सहित समस्त बीसीएमओ, चिकित्सा संस्थानों एसडीएच, सीएचसी, पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आदि मौजूद रहे।

बैठक की शुरुआत टीबी रोकथाम की समीक्षा से हुई। इस दौरान कलक्टर ने संभावित क्षेत्र में सैंपलिंग बढ़ाने, फील्ड वाहन को और अधिक सक्रिय करने, जांच के पश्चात रोगी का उपचार और दवाइयाँ तुरंत शुरू कर पोर्टल पर डाटा फ़ीड करने, समस्त टीबी मरीजों की आभा आईडी त्वरित प्रभाव से जनरेट करने के निर्देश दिए। कलक्टर ने रोगी पाए जाने पर उसके परिजनों और अन्य लोगों को टीबी के प्रति जागरूक और शिक्षित करने के निर्देश दिए और कहा कि कोई परिवार खतरे में न रहे।

कलक्टर ने गत वर्षों में जिले में टीबी के ट्रेंड का एनालिसिस करके एक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए जिससे पता चल सके कि जिले में वे कौन से क्षेत्र हैं जहां टीबी के मरीज अधिक है और जिले में टीबी बढ़ रहा है या घट रहा



है। कलक्टर ने कहा कि ऐसे इलाकों का क्लस्टर बनाकर वहाँ गंभीरतापूर्वक उपचार एवं जागरूकता गतिविधियां करने के निर्देश दिए।

टीबी मरीजों की जियो टैगिंग को लेकर केलवाड़ा की प्रगति संतोषजनक पाई गई, अन्य को भी यह कार्य जल्द करने के निर्देश दिए। निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी मरीजों को 6 हजार की राशि दी जाने की समीक्षा की। कलक्टर ने कहा कि अगर कहीं टीबी बढ़ा है तो उसके कारणों का एनालिसीस करें। हर मरीज पर एक निक्षय मित्र नियुक्त करने के निर्देश दिए।

माँ वाउचर योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि एक भी माता इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। अब कोई भी महिला कहीं भी वाउचर बनवा सकती है तो किसी भी स्थान पर सोनोग्राफी करवा सकती है, ऐसे में शत प्रतिशत लाभान्वित हों। कलक्टर ने कहा कि यह योजना गर्भवती महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण हैं अत: सभी इस पर गंभीर रहें।

अंत में कलक्टर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की मंशा के अनुसार प्रत्येक योजना में हर पात्र मरीज को लाभान्वित कर राहत पहुंचाएं। कलक्टर ने विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा अधिकारियों को बैठक के अंत में सम्मानित किया।


# नौतपा के चौथे दिन भी लगातार बारिश का दौर

## गर्मी और तपन से परेशान लोगों को उमस से मिली राहत

### तेज अंधड़ और बारिश के साथ गिरे चने के आकार के ओले

- राजसमंद नाथद्वारा खमनोर में जोरदार बारिश की सूचना,
- चार दिनों से अलग-अलग स्थानो पर बारिश के कारण नौतपा हुआ बे बेअसर,

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** इन दोनों देश में नौ दफा चल रहा है। जिसमें मौसम विभाग ने भीषण गर्मी की चेतावनी दे रखी है।लेकिन इस वर्ष मानसून की गड़बड़ी के चलते नौतपा पूरी तरह से बेअसर है। 25 मई से शुरू हुआ नौतपा।लेकिन लगातार राजसमंद में 4 दिन से अलग-अलग स्थान पर अंधड़, बारिश और ओले गिरने का क्रम जारी है। जिससे लू के स्थान पर केवल उमस बरकरार है। बाकी लोगों को गर्मी से राहत मिली है। आज चौथे दिन भी राजसमंद नाथद्वारा,खमनोर सहित आधा दर्जन तहसीलों में अंधड के साथ तेज बारिश हुई। भरी दोपहरी में तीखी धूप की बजाय मौसम सुहाना हो गया।वहीं सड़कों पर पानी बाहर निकाला। कृषि के जानकार लोगों के अनुसार इस भीषण गर्मी में यह बारिश फसल बोने के लिए जमीन को उपयुक्त आद्रता प्रदान करेगी। लेकिन स्वास्थ्य के हिसाब से देखा जाए तो यह मौसम की बारिश बीमारियों को बढ़ावा देने वाली है।

# नवजागृति सामाजिक सेवा संस्था की ओर से पांच दिवसीय शिविर का आज हुआ समापन

### संस्था की ओर से 51 जोड़ों का निशुल्क विवाह हर वर्ष हर संपन्न करवाया जाता है



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर नव जागृति सामाजिक सेवा संस्था के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सियाराम स्वामी के द्वारा पूर्व में दी गई। इस सूचना के तहत एक शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 21 मई से 26 मई तक शिविर का आयोजन हुआ और शिविर के माध्यम से नव दंपति को मौके पर बुलाकर उपहार स्वरूप भूखंड का मौके पर कब्जा नव दंपति को सुपर्थ कर दिया। इस दौरान नवदंपति जोड़ों ने हर्ष उल्लास के साथ बढ़ चढ़कर आयोजन शिविर में भाग लिया। संस्था के महासचिव राधाकिशन नायक और उपाध्यक्ष रवि कुमार ललावत ने बताया कि संस्था द्वारा दिए गए भूखंडों का मौके पर कब्जा देने से नवदंपति जोड़ो में काफी हर्ष और खुशी जाहिर की और कहा संस्था परिवार का आभार व्यक्त किया। किस दौरान नव जागृति संस्था द्वारा मौके पर 415 नव दंपति जोड़ो ने अपने अपने भूखंड प्राप्त कर लिए और इस इस आयोजित शिविर में नव दंपति ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और आगामी नवजागृति सामाजिक सेवा संस्था का सामूहिक विवाह सम्मेलन के रजिस्ट्रेशन फ्रॉम पर चर्चा करते हुए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्री सियाराम स्वामी ने बताया कि संस्था की वेबसाइट 2.22. ठ्ठ्1 छ्ड्डदह्लद्बह्लद्ब ह्यड्डद्वड्डद्धद्दद्ब ह्यद्1ड्ड स्ड्डठ्ठह्यह्लद्धड्ड.ष्टद्ग पर संपर्क कर सकते है इस । मौके पर संस्था परिवार की ओर से संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सियाराम स्वामी ने समस्त नवदंपति को शुभा-शुभ आशीर्वाद प्रदान किया। और बताया कि अभी आगामी विवाह सम्मेलन के लिए रजिस्ट्रेशन जारी है आप कभी भी अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर संस्था का लाभ ले सकते हैं।

# बोर्ड परीक्षा कक्षा 10 में ब्लॉक कुंभलगढ़ में प्रथम दो स्थान पर जनावद

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** चारभुजा निकटवर्ती जनावद स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का कक्षा 10 का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, प्रधानाचार्य संजय पालीवाल ने बताया कि विद्यालय के प्रभु सिंह खरवड ने 94.33त्न अंक प्राप्त कर कुंभलगढ़ ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों में प्रथम स्थान तथा राजश्री पालीवाल ने 92.83त्न प्रतिशत के साथ राजकीय विद्यालयों में कुंभलगढ़ ब्लॉक में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय स्तर पर रवीना कंवर 90.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। विद्यालय का परीक्षा परिणाम मात्रात्मक के साथ ही गुणात्मक दृष्टि से श्रेष्ठ रहा है, परीक्षा प्रभारी कपिल पालीवाल ने बताया कि ग्राम वासियों एवं अभिभावकों द्वारा इस श्रेष्ठ उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए समस्त विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों को बधाई प्रेषित की है।

## ब्राइट स्टार स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 8 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 17 विद्यार्थियों ने परचम फहराया

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** वर्धमान नगर ब्राइट स्टार स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 8 वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में परचम फहराया है। कक्षा 8 वीं बोर्ड परीक्षा में कुल 17 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिनमें से 16 विद्यार्थियों ने॒ ग्रेड से सफलता प्राप्त की।1 विद्यार्थी ने क्च ग्रेड प्राप्त कीइस अवसर पर सभी मेधावी विद्यार्थियों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मान किया गया।

# मिस्त्री मार्केट के व्यापारियों ने बिजली की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** मिस्त्री मार्केट के व्यापारियों ने बिजली की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा शहर मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ सैकड़ों दुकानदार महवा मार्ग स्थित बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता कार्यालय पहुंचे।भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी के अनुसार, मिस्त्री मार्केट में लगभग 500 दुकानें हैं। यहां ग्रामीण फीडर से बिजली आपूर्ति की जा रही है। दिनभर में 20-25 बार बिजली की ट्रिपिंग होती है। इससे वाहन मरम्मत का काम प्रभावित हो रहा है।दुकानदारों का कहना है कि दिन में केवल 2-3 घंटे ही बिजली मिलती है। ग्रामीण लोड बढ़ने से वोल्टेज भी कम रहता है। अधिशाषी अभियंता ने समस्या का समाधान 7 दिन में करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने हिंडौन शहर और ग्रामीण सहायक अभियंता को तुरंत समस्या के समाधान के निर्देश दिए।भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन में समस्या का समाधान नहीं होता है, तो सभी दुकानदार ऊर्जा मंत्री से मिलकर शिकायत करेंगे। प्रदर्शन में सम्पत कोली, जुगल चतुर्वेदी, चंदू कोली, सोन्टू गोयल, गौरव चतुर्वेदी, बरकत मिस्त्री समेत कई दुकानदार मौजूद थे।

## जयपुर रेलवे स्टेशन के पास से 150 ग्राम अवैध एमडी (मेफेड्रोन) सहित एक व्यक्ति गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) राजस्थान के जयपुर सेल के अधिकारियों ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए स्टेशन रोड जयपुर रेलवे स्टेशन के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी के दौरान 150 ग्राम अवैध एमडी (मेफेड्रोन) बरामद कर उसे गिरफ्तार कर किया गया है।

उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुन्देल ने बताया कि सीबीएन को एक विशेष सूचना मिली की एक व्यक्ति जयपुर रेलवे स्टेशन के निकट स्टेशन रोड पर आपूर्ति के लिए अवैध एमडी (मेफेड्रोन) ले जा रहा है। उन्होंने इस कार्यवाही के लिए (सीबीएन) जयपुर के अधिकारियों की एक टीम गठित की गई और उस संदिग्ध व्यक्ति को जयपुर रेलवे स्टेशन के निकट स्टेशन रोड पर रोक कर सामान की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके स्पोर्ट्स शूज के सोल के नीचे दो पॉलीथिन बैग में छिपाकर रखा हुआ 150 ग्राम वजन का अवैध एमडी (मेफेड्रोन) बरामद किया गया। टीम ने अवैध एमडी (मेफेड्रोन) को एनडीपीएस अधिनियम 1985 के प्रासंगिक प्रावधानों के अंतर्गत जब्त कर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

## मजाक-मजाक में इंस्टाग्राम पर सुसाईड की झूंठी पोस्ट अपलोड करना पड़ा भारी
### पुलिस ने किया युवक को गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर ग्रामीण जिले के गोविंदगढ़ थाना पुलिस ने सोशल मीडिया (इंस्टाग्राम) पर सुसाइड की झूठी पोस्ट अपलोड करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। इंस्टाग्राम पर सुसाइड की स्टोरी देखने के बाद पुलिस ने एटीएस जयपुर के माध्यम से लोकेशन निकाल कर युवक को दबोच लिया। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया कि एक व्यक्ति ने इंस्टाग्राम पर सुसाइड करने की स्टोरी लगाई । जिसके बाद पुलिस ने एटीएस जयपुर की सहायता से मोबाइल नंबर की लोकेशन निकलवाई। जो हस्तेडा गोविंदगढ़ जिला जयपुर की बताई गई। जिसके बाद पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर तकनीकी सहायता के आधार राकेश सब्बल (20) निवासी हस्तेडा,गोविंदगढ़ को डिटेन कर हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि राकेश सब्बल ने मजाक में आत्महत्या करने की स्टोरी बनाई और इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लगा ली। पुलिन ने पूछताछ के दौरान गिरफ्तार राकेश सब्बल को समझाने का प्रयास किया तो वो आवेश में आ गया। आरोपी ने कहा कि मेरा मोबाइल , मै कुछ भी करु, इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## 2 करोड़ 37 लाख रुपये का गबन करने वाला कंपनी अकाउंट मैनेजर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सेज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कंपनी के अकाउंट मैनेजर को 2 करोड़ 37 लाख रुपये के गबन मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस जानकारी में सामने आया कि आरोपी अकाउंट मैनेजर ने कंपनी का पैसा अपने रिश्तेदारों के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिया था। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि सेज थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक कंपनी में 2 करोड़ 37 लाख रुपये के गबन मामले कंपनी अकाउंट मैनेजर अजय कुमार शर्मा उर्फ हेमराज शर्मा (34) निवासी बगरू को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि आरोपित अजय कुमार लंबे समय से सत्यम पॉलीप्लास्ट में अकाउंट्स मैनेजर के पद पर कार्यरत था। उसने कंपनी के खाते में आए पैसों को अपने रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थानाधिकारी उदयसिंह ने बताया कि 26 मई को सत्यम पॉलीप्लास्ट फर्म के पार्टनर आशीष अग्रवाल ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि फर्म के अकाउंट्स मैनेजर अजय कुमार शर्मा ने विश्वासघात करते हुए करीब 2.37 करोड़ रुपए का गबन कर लिया। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपी को पकडा है।

## टाईल्स से भरे चोरी किये गये ट्रेलर को कोटपूतली थाना पुलिस ने मय माल के किया बरामद

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** स्थानीय थाना पुलिस ने विगत 24 मई की रात्रि को जयपुर -दिल्ली राजमार्ग पर बानसूर कट के पास से हुई एक ट्रेलर चोरी की वारदात का पर्दाफाश करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस ने 80 लाख रूपये बाजार भाव के ट्रेलर व उसमें भरे माल को भी सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि ट्रेलर चालक महेन्द्र यादव ने दर्ज करवाया था कि वह ट्रेलर नं. आर जे 32 जी डी 5803 में टाईल्स भरकर मोरबी, गुजरात से हरियाणा के फरीदाबाद जा रहा था। इसी दौरान विगत 24 मई की रात्रि को करीब 11.30 बजे कोटपूतली स्थित बानसूर कट पर ट्रेलर को राजमार्ग पर साईड में खड़ा करके चाय पीने होटल पर चला गया था। इतनी ही देर में पीछे से अज्ञात व्यक्ति आया एवं ट्रेलर को स्टार्ट करके चोरी कर ले गया। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस में शिकायत दी। बाद में पता चला कि पीड़ित के उक्त ट्रेलर को नारायणपुर के ग्राम कोठिया निवासी सुरेन्द्र पुत्र जंगलीराम गुर्जर ने चोरी करके अपने घर ले जाकर छुपा दिया है। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज करते हुये विशेष पुलिस टीमों का गठन कर राजमार्ग एवं टोल नाकों पर सीसीटीवी फुटेज की जाँच करते हुये वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्त सुरेन्द्र (32) पुत्र जंगलीराम गुर्जर निवासी ग्राम कोठिया, नारायणपुर को गिरफ्तार कर लिया है।

# उपजिला अस्पताल चाकसू में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से आमजन परेशान

बढ़ता राजस्थान






उपजिला अस्पताल के दरवाजे पर वाहनों की भारी भीड़

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** चाकसू उपजिला अस्पताल अभी भी पुराने भवन में ही संचालित हो रहा है। विगत सरकार में भी इस अस्पताल को न तो भूमि मिली और न ही भवन मिला। स्टेट टाइम में यहां एक मात्र छोटी डिस्पेंसरी चला करती थी। एक चिकित्सक ही होता था। समय बदलता गया, सरकारें भी बदलती रही, चिकित्सालय का स्तर भी बदलता रहा लेकिन परिसर वहीं है। भीड़भाड़ इतनी कि सामान्य आदमी भी बिहार हो जाए। अंदर मरीजों की रेलमपेल तो बाहर प्रत्येक काउंटर पर मरीजों की भीड़। अस्पताल भवन के चारों तरफ सड़क है लेकिन दवा विक्रेताओं, जांच केंद्रों की बढ़ती संख्या के कारण दोपहिया एवं चौपहिया वाहनों का चारो मार्गो पर भीड़ इतनी की हमेशा जाम लगा रहता है। सरकारी अधिकारी हो अथवा जनप्रतिनिधि सभी आश्वासन देते आ रहे है कि अस्पताल के लिए सरकार ने पर्याप्त भूमि आवंटित कर दी है , शीध्र ही निर्माण आरंभ होने वाला है।

लेकिन बरस बीत गए हालात बद से बद्तर होते जा रहे हैं। अनेकों बात दुर्घटना ग्रस्त मरीज के वाहनों, एम्बुलेंस तक को अस्पताल तक पहुंचने में घंटों लग जाते हैं। वर्तमान भाजपा विधायक रामावतार बैरवा ने जानकारी दी है कि पुराने जयपुर टोंक रोड पर झरनियों के पास उपजिला अस्पताल निर्माण के लिए पर्याप्त भूमि का आवंटन जारी हो चुका है। चिकित्सा विभाग द्वारा भवन निर्माण की आवश्यक प्रक्रिया चल रही है। संभावना लग रही है कि अतिशीघ्र कार्य आरंभ हो जाएगा। विधायक स्वयं इस कार्य को जल्दी से जल्दी शुरू करवाने के लिए सतत् प्रयत्नशील है।

## अधिकारी जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण करते हुए पात्रों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं- जिला कलक्टर
### नारेहड़ा में आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर ने सुनी आमजन की समस्याएं

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु मंगलवार को कोटपूतली उपखंड के ग्राम नारेहड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने ग्रामीणों के अभाव-अभियोग सुने और कई समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निस्तारण कर उन्हें राहत प्रदान करने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया ।रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामजनों ने अपनी समस्याओं को जिला कलक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया। इनमें बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पीएम आवास, सड़क निर्माण, पेंशन सत्यापन, चिकित्सा सुविधा, राजस्व संबंधी, अतिक्रमण हटाने आदि समस्याएं शामिल रही। जिला कलेक्टर ने समाज कल्याण अधिकारी को पेंशन सत्यापन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा एवं आरएसआरडीसी अधिकारी को स्वीकृति नारहेडा सड़क निर्माण कार्य तुरंत प्रारंभ करने के निर्देश दिए. उन्होंने पीएचईडी और विद्युत विभाग अधिकारी को गर्मी के मद्देनजर बिजली एवं पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने व आवश्यक प्रबंध पुख्ता रखने को कहा ।जिला कलक्टर ने प्रत्येक ग्रामीण की समस्या को धैर्यपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत

नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रामीणों की समस्याओं का यथासंभव मौके पर ही समाधान किया जाएं। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, रसद विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने आमजन को विभागीय योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। साथ ही पात्रता व आवेदन प्रक्रिया के बारे में भी बताया। रात्रि चौपाल के दौरान उपखंड अधिकारी कोटपूतली बृजेश कुमार चौधरी, तहसीलदार रामधन गुर्जर एवं जिला रसद अधिकारी शशि शेखर शर्मा, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी रामनिवास मीणा, अधीक्षण अभियंता पी डब्लयू डी रामवतार कुमावत, समाज कल्याण अधिकारी विपिन कुमार सहित जिला व उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

## फल एवं सब्जियों की दुकानों का किया औचक निरीक्षण
### नमूने लेकर जाँच के लिये प्रयोगशाला भेजे, रिपोर्ट आने पर होगी कार्यवाही

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक, एडीएम ओमप्रकाश सहारण एवं सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देशन में मंगलवार को कोटपूतली में फल एवं सब्जियों की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान आम, तरबूज, मौसमी, केला, भिंडी एवं करेला आदि का नमूना लेकर जाँच के लिये प्रयोगशाला भेजा गया। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद कार्यवाही की जायेगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी नेहा शर्मा ने बताया की निरीक्षण के दौरान फल व सब्जियों को प्रतिबंधित रसायनों से पकाया जाने पर खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। फलों में मिलाये जा रहें हानिकारक रसायन से लिवर को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है और कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी होने का खतरा रहता है। कदू और लोकी जैसी सब्जियों का आकार बढ़ाने के लिए ऑक्सीटोसीन इंजेक्शन लगाया जाता है, जिससे हड्डियां कमजोर होती है। निरीक्षण के दौरान मौजुद सभी थोक व खुदरा विक्रेताओं को खाद्य लाईसेंस व पंजीयन करवाने के लिये पाबंद किया गया एवं अधिकारियों द्वारा निर्देश दिये गये कि अगर कोई भी थोक व खुदरा विक्रेता बिना लाईसेंस के फल या सब्जी बेचते पाया गया तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी ताकि आमजन को सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री मिल सके।

## मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अशोकनगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 9.13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक भी जब्त की है। फिलहाल आरोपी तस्कर महिला से पूछताछ की जा रही है। थानाधिकारी कृ?ण कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाली महिला तस्कर रजनी निवासी भोजपुरा कच?ची बस्ती सहकार मार्ग जयपुर को गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से 9.13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। पुलिस आरोपित महिला से मादक पदार्थ की खरीद—फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

## अल कुरैश फाउंडेशन के चुनाव संपन्न
### हमीद अध्यक्ष, सगीर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोबीन सविच व रियाज कोषाध्यक्ष बने

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पंजीकृत संस्था अल कुरैश फाउंडेशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आज यहां आदर्श नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में हुई। अध्यक्ष वसीम अकरम कुरैशी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें अब्दुल हमीद कुरैशी उर्फ भैया भाई को अध्यक्ष, एडवोकेट सगीर अहमद कुरैशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, बबलू भाई उपाध्यक्ष, मोबीन कुरैशी सचिव एवं एडवोकेट रियाजुद्दीन कुरैशी को सर्व सम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया।

इसी प्रकार संरक्षक नवाब कुरैशी, संयुक्त सचिव सलीम कुरैशी, संगठन मंत्री आरिफ मोहम्मद, नईम कुरैशी, शकील कुरैशी एवं मुशताक कुरैशी तथा प्रचार मंत्री शहजाद कुरैशी, रियाज कुरैशी, इदरीस कुरैशी व साजिद कुरैशी को बनाया गया। मुख्य चुनाव अधिकारी वसीम कुरैशी के अनुसार नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा।



**रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर रहेगा फोकस**

**उल्लेखनीय है कि अल कुरैश फाउंडेशन समाज में शिक्षा, व्यवसाय, चेतना के साथ ही सामाजिक कुरुतियों का खात्मा तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा के लिए गत तीन वर्षो से प्रयासरत है। आगामी दिनों में संस्था के संविधान, नीति एवं कार्यक्रमों के अनुसार इस दिशा में गति लाई जाएगी। वहीं रोजगारोन्मुखी शिक्षा के लिए विशेष प्रयास होंगे।**

## हाईवे पर पड़ा मिला वृद्ध का शव
### संदिग्ध अवस्था में शव मिलने से मचा हडकंप

**जयपुर ( का.स. )।** बस्सी थाना इलाके में स्थित बांसखोह स्टेशन के पास हाईवे पर बुधवार को एक वृद्ध का संदिग्ध अवस्था में शव पड़ा मिला। शव मिलने के बाद आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल के मुर्दाघर में भिजवाया। पुलिस के बताए अनुसार बांसखोह के पास हाईवे पर बने डिवाइडर के पास एक बुजुर्ग का शव पड़ा मिला था।


### कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत मेडिकल कॉलेज खण्ड जयपुर

क्रमांक दिनांक =

**संशोधित निविदा सूचना संख्या 05/2025-26**

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि निविदा संख्या 05/2025-26 जो कि कमांक 222 दिनांक 22.05.2025 के द्वारा जारी की गई थी जिसमें निविदा दिनांक 28.05.2025 को बेची जाकर दिनांक 28.05.2025 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जानी थी जो कि अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक 02.06.2025 बेची जाकर दिनांक 02.06.2025 को खोली जावेगी। अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

**भवदीय,**
**अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. विद्युत खण्ड मेडीकल कॉलेज जयपुर**



### कार्यालय उप वन संरक्षक, टोंक
### जखीरा नर्सरी परिसर, सवाई माधोपुर रोड, टोंक दूरभाष नं. 01432-254479

Email: dcf.tonk.forest@rajasthan.gov.in

NOTICE INVITING TENDER Bids are invited from eligible contractors/firm for supply of Goods in various ranges of Tonk Forest Division as following:

| क्र.सं. | UBN Number:- | NIB Code | Estimate Cost | Start Date | End Date |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | FOR2526GLRC00264 | FOR2526A0199 | 3879616 | 20-05-2025 | 30-05-2025 |
| 2. | FOR2526GLRC00265 | FOR2526A0200 | 6520384 | 20-05-2025 | 30-05-2025 |
| 3. | FOR2526GLRC00266 | FOR2526A0201 | 9120000 | 20-05-2025 | 30-05-2025 |
| 4. | FOR2526GLRC00267 | FOR2526A0202 | 9880000 | 20-05-2025 | 30-05-2025 |
| 5. | FOR2526GLRC00268 | FOR2526A0203 | 5744900 | 20-05-2025 | 30-05-2025 |
| 6. | FOR2526GLRC00269 | FOR2526A0204 | 9655100 | 20-05-2025 | 30-05-2025 |

Tender can be seen downloaded at www.sppp.rajasthan.gov.in & www.eproc.rajasthan.gov.in

उपवन संरक्षक
टोंक



### खोया-पाया

मैं, मांगी लाल साहू (पुत्र श्री रामवतार साहू), निवासी 229, विश्वकर्मा नगर-3, महारानी फार्म, दुर्गापुरा, जयपुर, यह सूचित करता हूँ कि मेरा एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ (प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट नंबर- 8352) दिनांक 20 मई 2025 को दुर्गापुरा बस स्टैंड के पास कहीं खो गया है।

यदि किसी सज्जन को यह दस्तावेज़ प्राप्त हो, तो कृपया संपर्क करें- 9929903839



### RAJASTHAN HOUSING BOARD

No. :- 396 Dated :- 26/05/2025

**NIT : 01/2025-26**

Bids for Hire of Equipments, Labour and Material for Mansoon Season for year 2025-26 are invited from interested bidders from 30.05.2025 at 10.00 AM to 06.06.2025 upto 12.00 PM. Other particular of bid may be visited on the procurement portal **(http://sppp.raj.nic.in)** of the state & **http://rhb.rajasthan.gov.in** Department Website.

UBN No. :- RHB2526WSOB00051

Raj.Samwad/C/25/ Resident Engineer, Div.-Bhiwadi

## सम्पादकीय

# भारत के लिए मुद्रास्फीति के अनुकूल हालात

भारत की मुद्रास्फीति एक नए दौर में प्रवेश कर गई है। छह वर्षों तक लक्ष्य से ऊंची रही मुद्रास्फीति से संघर्ष करने के बाद और महामारी, जंगों और खाद्य मुद्रास्फीति के झटकों से गुजरते हुए हेडलाइन मुद्रास्फीति आखिरकार 2025-26 में रिजर्व बैंक के 4 फीसदी के लक्ष्य से नीचे रहती नजर आ रही है। यदि यह अवस्फीतिकारक दायरा बरकरार रहता है तो मौद्रिक नीति द्वारा वृद्धि को समर्थन देने की गुंजाइश उससे अधिक होगी जितनी कि लोगों को अपेक्षा है। यह सही है कि 4 फीसदी से कम मुद्रास्फीति का टिकाऊ स्तर पर बरकरार रहना महत्त्वाकांक्षी प्रतीत होता है, लेकिन हमें मांग और आपूर्ति संबंधी कई अनुकूल कारक भी नजर आते हैं। सबसे पहली बात यही कि हेडलाइन यानी समग्र मुद्रास्फीति 4 फीसदी से नीचे आ चुकी है और इसकी आंशिक वजह सब्जियों की कीमत भी है। परंतु उसे बाहर कर देने पर भी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति बीते वर्ष के दौरान औसतन 3.6 फीसदी रही है। अंतर्निहित मुद्रास्फीति भी कम बनी हुई है। हमारे 20 फीसदी कटौती वाले माध्य सीपीआई मुद्रास्फीति का माप जिसमें उच्चतम और न्यूनतम मुद्रास्फीति वाले बाहरी मूल्य शामिल नहीं हैं, जनवरी 2024 में 4 फीसदी से नीचे आ गया और इस अप्रैल में यह केवल 3.3 फीसदी था। रिजर्व बैंक का कोर मुद्रास्फीति संबंधी माप 4 फीसदी ऊपर निकल गया लेकिन ऐसा मुख्य रूप से सोने की ऊंची कीमतों की वजह से हुआ। कोर बास्केट से जिंसों को निकाल दिया जाए तो तीन महीने की मौसम समायोजित वार्षिक दर 3.5 फीसदी रही। दूसरा, खाद्य मुद्रास्फीति में आगे और गिरावट आने की उम्मीद है। आमतौर पर दालों की कीमत अधिक होने पर अधिक बोआई को प्रोत्साहन मिलता है, इससे आपूर्ति बढ़ती है और कीमतों में कमी आती है। उच्च उत्पादन और बढ़े हुए आयात के कारण दालों की कीमतों में पहले ही कमी आने लगी है और आने वाले दिनों में इनमें और कमी आएगी। बेहतर घरेलू उत्पादन और कम मांग के कारण मसालों की कीमत में कमी आई है। रबी की अच्छी फसल, जलाशयों में बेहतर जल स्तर और इस वर्ष अनुकूल मॉनसून के कारण प्रमुख खाद्यान्नों की कीमत में और गिरावट आने की संभावना है। भारत का मुद्रास्फीति चक्र खाद्य कीमतों से संचालित होता है इसलिए यह महत्त्वपूर्ण है। तीसरी बात, कच्चे माल या इनपुट की लागत में भी कमी आ रही है। कृषि की बात करें तो उर्वरक, डीजल और चारे की कीमतों में महंगाई कम हो रही है और ग्रामीण कृषि मेहनताने में इजाफा भी धीमा है। विनिर्माण की बात करें तो ऊर्जा और औद्योगिक धातु कीमतों में कमी आई है। इससे जिंस लागत मुद्रास्फीति कम हुई है। सेवा क्षेत्र की बात करें तो सूचीबद्ध कंपनियों के वेतन और मजदूरी में कमी, जो शहरी वेतन का संकेतक है, इनपुट की कम लागत का संकेत देती है। चौथा, चीन भी मुद्रास्फीति में कमी का एक स्रोत है। अमेरिका और चीन के बीच हालिया समझौते के बावजूद चीन के आयात पर अमेरिकी टैरिफ, भारत पर अमेरिकी टैरिफ की तुलना में कहीं अधिक हैं। मार्च-अप्रैल में चीन से होने वाले हमारे आयात में साल दर साल आधार पर 26 फीसदी का इजाफा हुआ। इससे संकेत मिलता है कि कम कीमत वाले चीनी उत्पाद भारत में आ रहे हैं और उसके लिए अलग-अलग रास्तों का प्रयोग किया जा रहा है। पांचवां, अर्थव्यवस्था में भी शिथिलता आई है। कमजोर होती ऋण वृद्धि, कमजोर वैश्विक मांग, निजी पूंजी निवेश पर अनिश्चितता का प्रभाव और नीतियों के लागू होने में लगने वाला समय, इन सब का अर्थ यह है कि उत्पादन में अंतराल वित्त वर्ष 26 में भी मामूली रूप से नकारात्मक बना रहेगा। छठी बात, मुद्रा कोई बड़ा जोखिम नहीं है। अमेरिकी वृद्धि में धीमापन आने, परिसंपत्ति आवंटन के अमेरिका से दूर होने, अमेरिकी वित्तीय स्थिति को लेकर जोखिम उत्पन्न होने और बाजार का यह नजरिया होने कि पूर्वोत्तर एशिया के साथ व्यापार वार्ताओं में विनिमय दर पर भी चर्चा हो रही है, इन सबका यह अर्थ है कि अमेरिकी डॉलर में आने वाले महीनों में नरमी बनी रहेगी।

भविष्य में कम रहेगी मुद्रास्फीति

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 29 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- प्रिकमर्ग गणराज्य हंगरी से औपचारिक रूप से 1919 में स्वाधीन हो गया।
- ब्रिटिश लिबरल सांसद होरटियो बॉटोमली को धोखाधड़ी के अपराध में 7 साल के लिए जेल में 1922 को बंद कर दिया गया।
- माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने वाले पहले व्यक्ति एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नॉर्गे 1953 में बने।
- यूनाइटेड रुस ने अंडरग्राउंड न्यूक्लियर टेस्ट 1970 में किया।
- यूरोपीयन फुटबॉल कप के फाईनल को लेकर 1985 में हुए दंगों में 39 खेलप्रेमी मरे।
- बोरिस येल्तसिन सोवियत संघ के राष्ट्रपति निर्वाचित 1990 हुये।
- नाइजीरिया में नागरिक सत्ता की स्थापना 1999 में हुई।
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर इराक के पुनर्निर्माण कार्यों का आकलन करने के लिए 2003 में बसरा पहुँचे।
- म्यांमार में चक्रवाती तूफ़ान ने 140 लोगों की जान ली। पाकिस्तान ने परमाणु वैज्ञानिक अब्दुल कादिर ख़ान पर 2004 में लगाये गये प्रतिबंधों में ढील दी।
- जापान की रियो मोरी मिस यूनिवर्स 2007 बनीं।
- भारतीय जनता पार्टी के नेता वीएस येदुरप्पा ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में 2008 को शपथ ली।
- अमेरिका और भारत के बीच सितंबर 2008 में हुए 123 अग्रीमेंट में छोड़ दिए गए परमाणु ईंधन की रिप्रोसेसिंग के पहलू पर अमेरिकी प्रशासन ने सहमति का ऐलान 2010 में किया।
- भारत की राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने हेनान प्रांत के लुओयांग में पहली सदी के प्राचीन श्वेताश्व व्हाइट हार्स मंदिर परिसर में भारतीय शैली से निर्मित एक बौद्ध मंदिर का लोकार्पण 2010 में किया।

### 29 मई को जन्मे व्यक्ति

- स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार रामानन्द चैटर्जी का जन्म 1865 में हुआ।
- हिन्दी के जाने-माने निबंधकार कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर का जन्म 1906 में हुआ।

### 29 मई को हुए निधन

- भारत के स्वतंत्रता सेनानी, पत्रकार और संगठनकर्त्ता लोकराम नयनराम शर्मा का निधन 1933 में हुआ।
- हिंदी फ़िल्म और रंगमंच अभिनय के इतिहास पुरुष, जिन्होंने मुम्बई में 'पृथ्वी थिएटर' स्थापित करनेवाले पृथ्वीराज कपूर का निधन 1972 में हुआ वो किया।
- भारत के प्रसिद्ध भाषाविद, साहित्यकार तथा विद्याशास्त्री सुनीति कुमार चटर्जी का निधन 1977 में हुआ।
- भारत के पाँचवें प्रधानमंत्री, जो किसानों की आवाज़ बुलन्द करने वाले प्रखर नेता चौधरी चरण सिंह का निधन 1987 में हुआ।

## विशेष आलेख

# रक्षा में आत्मनिर्भरता के बढ़ते कदमों से बढ़ती सैन्य-ताकत

**निस्संदेह, हमारे रक्षा वैज्ञानिकों की सराहना की जानी चाहिए कि उनके अथक परिश्रम, तकनीकी कौशल और मेधा के कारण देश जल्द ही सुरक्षा साजो-सामान के मामले में भी आत्म-निर्भर बन जाएगा। इन स्थितियों के लिये जहां रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की सराहना होनी चाहिए वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का लोहा मानना चाहिए। मौजूदा समय में भारत लड़ाकू विमान के मामले में दूसरे देशों पर निर्भर है। सरकार ने इस दिशा में भी आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इस फैसले से घरेलू एयरोस्पेस इंडस्ट्री को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी।**



ललित गर्ग

ऑपरेशन सिंदूर की शानदार कामयाबी, पाकिस्तान को करारी चोट पहुंचाने, विश्व को भारत की सैन्य ताकत दिखाने और अपने सैनिकों के अद्भुत पराक्रम के प्रदर्शन की गौरवपूर्ण स्थितियों के बीच एक बड़ी खुशखबरी है कि भारत सरकार ने पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एएमसीए) के प्रोडक्शन मॉडल को मंजूरी देते हुए इस परियोजना पर आगे बढ़ने को हरी झंडी दिखा दी है। निश्चित ही इस फैसले से दुनिया की महाशक्तियां चौंकी है, वहीं यह भारतवासियों के लिये एक नई आशा एवं संभावनाभरी खुशखबरी है। क्योंकि दुनिया की महाशक्ति बनने के लिये सैन्य साजो-सामान की दृष्टि से आत्म निर्भर होना प्रथम प्राथमिकता है। दुनिया पर वर्चस्व स्थापित करने का यह सबसे बड़ा आधार है कि हम सैन्य साजो सामान में स्वावलम्बी ही नहीं, निर्यातक बने। क्योंकि उन्हें दूसरे देशों से खरीदने में विदेशी पूंजी का व्यय होने के साथ कई तरह के दबावों का भी सामना करना पड़ता है। दूसरे देश अपनी शर्तों पर ये हमें उपलब्ध कराते हैं, अर्थ का व्यय भी स्वदेशी उत्पादन की तुलना में बहुत ज्यादा करना पड़ता है। जबसे रक्षा सामग्री के निर्माण में निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाई गई है, तब से भारत का रक्षा निर्यात तेजी से बढ़ा है। रक्षा मंत्रालय के ताजा फैसले के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के शेयर जिस तरह उछले, उससे यही पता चलता है कि देश रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने के लिए नई दिशाओं को उद्घाटित कर रहा है।

निश्चित ही पांचवीं पीढ़ी के उन्नत लड़ाकू विमानों का देश में ही निर्माण करने और उसमें निजी क्षेत्र का सहयोग लेने की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की घोषणा एक ऐसा फैसला है, जो दूरगामी एवं देशहित का सराहनीय कदम है। ऐसे फैसलों में बिना विलम्ब के प्रोत्साहन एवं सहयोग होना चाहिए। हमें निश्चित करना चाहिए कि आधुनिक लड़ाकू विमानों के निर्माण तय समय में हो, इसके लिए हरसंभव उपाय किए जाने चाहिए। ऐसे फैसलों से भारत की ताकत बढ़ती है, दुनिया की अधीनता कमतर होती है। गौरतलब है, अभी तक अमेरिका, रूस और चीन ने ही पांचवीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान बनाने में सफलता हासिल की है। इस योजना के जरिये दुनिया को यह संदेश देना है कि भारत अब पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान खरीदने की बजाय खुद बनाने का काम करेगा। इस स्वदेशी विमान के डिजाइन और विकास के लिए सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने हाल ही में पन्द्रह हजार करोड़ रुपये की राशि मंजूर की थी। अब रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी (एडीए) इस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेगी और डीआरडीओ के मुखिया की मानें, तो अगले एक दशक में यह लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना के बेड़े का हिस्सा होगा। एएमसीए का विकास भारतीय वायु सेना की लड़ाकू क्षमताओं को मजबूत करने और देश की रक्षा को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा। पडोसी देशों की हरकतों, युद्ध की संभावनाओं एवं षडयंत्रों को देखते हुए आने वाले समय में होने वाले युद्ध में वायुसेना की क्षमता और तकनीक को अधिक सशक्त बनाने की अपेक्षा है। भारत हमेशा से एक शांतिकामी मुल्क रहा है, मगर अपनी सरहदों व विशाल आबादी की सुरक्षा के लिए वह दूसरे देशों के हथियारों या सुरक्षा उपकरणों पर पूरी तरह निर्भर नहीं रह सकता। विदेशी लड़ाकू विमानों या हथियारों की खरीद में उनके तकनीकी हस्तांतरण को लेकर कई तरह की पेचीदगियां पेश आती हैं। कई देश उन्नत रक्षा उपकरण तो दे देते हैं, लेकिन उनकी तकनीक नहीं देते या फिर उनके कलपुर्जे देने में देरी करते हैं। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि पर्याप्त संख्या में तेजस लड़ाकू विमान बनाने में इसलिए विलंब हो रहा है, क्योंकि अमेरिका उनके लिए इंजन देने में आनाकानी कर रहा है। इसलिए एचएएल, डीआरडीओ की स्थापना की जरूरत मससूस की गई थी और आज इनके बनाए हथियार न सिर्फ हमारी सैन्य शक्ति का हिस्सा बन रहे हैं, बल्कि इस वजह से हमारा 20 फीसदी से भी अधिक सैन्य आयात कम हुआ है। आज हम अपने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुनिया को बेचने की स्थिति में हैं।

मौजूदा समय में लड़ाकू विमान के लिए भारत अमेरिका और पश्चिमी देशों और रूस पर निर्भर है। देश में लड़ाकू विमानों की कमी भी है। ऐसे में सरकार स्वदेशी निर्मित आधुनिक लड़ाकू विमान के निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में कदम उठाकर सूझबूझ एवं दूरगामी सोच का परिचय दिया है। आज जब युद्ध के तौर-तरीके बदल रहे हैं, तब भारत को हर तरह की रक्षा सामग्री स्वदेश में ही बनाने में इसलिए सक्षम होना होगा, क्योंकि ऐसा करके ही वह सच्चे अर्थों में महाशक्ति बन सकता है। प्रारंभ में विदेशी कंपनियों का सहयोग लेने में हर्ज नहीं, क्योंकि ऐसा करके ही तेजी के साथ उन्नत रक्षा समाग्री का निर्माण किया जा सकता है। भारत आधुनिक रक्षा उपकरण एवं तकनीक का निर्माण करने में सक्षम है, इसे आपरेशन सिंदूर ने साबित भी कर दिया। हमारे रक्षा उपकरणों और तकनीक ने जिस तरह तुर्किये के ड्रोन की हवा निकालने के साथ चीनी एयर डिफेंस की पोल खोल दी, उसे विश्व भर के रक्षा विशेषज्ञ भी मान रहे हैं।

## महाराणा प्रताप जयंती विशेष

# स्वाभिमान की प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप - एक अमर योद्धा की गाथा



संजय खाबिया

**भारतभूमि अनेक वीरों की जन्मस्थली रही है, परंतु यदि स्वाभिमान, आत्मसम्मान, और मातृभूमि-प्रेम का जीवंत प्रतीक ढूंढना हो, तो एक ही नाम सर्वप्रथम स्मरण में आता है – महाराणा प्रताप सिंह। उनकी जयंती पर हम न केवल उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, बल्कि उनके जीवन-संदेश को आधुनिक भारत में पुनर्स्थापित करने का संकल्प भी लेते हैं।**

**महाराणा प्रताप- जन्म और प्रारंभिक जीवन**-महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को मेवाड़ की राजधानी कुम्भलगढ़ दुर्ग (वर्तमान राजस्थान) में हुआ था। वे महाराणा उदयसिंह द्वितीय और महारानी जयवंता बाई के पुत्र थे। बचपन से ही उनमें वीरता, धैर्य और आत्मगौरव की ज्योति प्रज्वलित थी। राजपूताना के दुर्गम क्षेत्रों में घुड़सवारी, तलवारबाज़ी, धनुर्विद्या और गुरिल्ला युद्धनीति की शिक्षा उन्हें उसी मिट्टी से मिली, जिसे उन्होंने ताउम्र प्रणाम किया।

**हल्दीघाटी का युद्ध- पराजय नहीं, पराक्रम की पराकाष्ठा**-18 जून 1576 को हल्दीघाटी की भूमि पर मुगल सेनाओं और महाराणा प्रताप के बीच हुआ युद्ध भारतीय इतिहास का सबसे प्रसिद्ध युद्ध बन गया। राणा प्रताप ने सीमित संसाधनों और सेना के बावजूद अकबर की विशाल और सुसज्जित सेना का डटकर मुकाबला किया। उनके प्रिय घोड़े चेतक ने उस दिन वीरता की नई परिभाषा रच दी — घायल अवस्था में भी प्रताप को युद्धभूमि से सुरक्षित निकाल लाया और फिर वीरगति को प्राप्त हुआ। यह युद्ध भले ही निर्णायक न रहा हो, लेकिन यह संदेश अवश्य दे गया — स्वतंत्रता किसी भी कीमत पर न छोड़ी जाए।

**स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता की जीवंत मूर्ति**-अकबर द्वारा भेजे गए कई संधि प्रस्तावों, धन-संपत्ति, और सम्मान के प्रलोभनों को महाराणा प्रताप ने ठुकरा दिया। उन्होंने जंगलों में रहकर घास की रोटियां खाईं, लेकिन आत्मसम्मान को कभी समझौते की मेज़ पर नहीं रखा।

**उनका यह जीवन-संदेश आज भी प्रेरणास्त्रोत है** - मृत्यु स्वीकार है, पर दास्य जीवन नहीं।

चेतक- महाराणा प्रताप का अमर संग्राम-साथी

महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की वीरता इतिहास का वह अद्भुत अध्याय है जिसे पढ़कर हर भारतीय का हृदय गर्व से भर उठता है। चेतक ने न केवल प्रताप को युद्धभूमि से बाहर निकाला, बल्कि अपनी अंतिम सांस तक अपने स्वामी की रक्षा की।

आज भी हल्दीघाटी में चेतक स्मारक प्रताप और चेतक की अटूट निष्ठा की गवाही देता है।

**इतिहास के भ्रम और सच्चाई**

अनेक किताबों में हल्दीघाटी युद्ध को राणा प्रताप की हार बताया गया है, किंतु कई इतिहासकार इसे रणनीतिक युद्धविराम मानते हैं। इस युद्ध के बाद प्रताप ने वर्षों तक गुरिल्ला युद्ध किया और मुगलों की नाक में दम किया। सत्य यह है कि प्रताप ने कभी मुगल सम्राट अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की। यह तथ्य उन्हें उनके समकालीन राजाओं से अलग बनाता है।

**मृत्यु और अमरता**-महाराणा प्रताप का देहांत 19 जनवरी 1597 को चावंड में हुआ, लेकिन उनकी आत्मा आज भी राजस्थान की हवाओं में, भारत के कण-कण में गूंजती है। उन्होंने अंतिम सांस तक यह सुनिश्चित किया कि मेवाड़ स्वतंत्र रहे।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान



महेन्द्र कुमार मीणा
(राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं 1 अगस्त सन 966 को जयपुर में जन्में राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी महेन्द्र मीणा जी। इस समय अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, डीडवाना डीडवाना.कुचामन पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये भू.प्रबन्ध अधिकारीए जयपुर। उपायुक्त, नगर निगम जयपुर ग्रेटर, जयपुर। जिला रसद अधिकारी प्रथम जयपुर। सचिव, नगर विकास न्यास सवाईमाधोपुर। शासन उप सचिव, कला संस्कृति एवं साहित्य विभाग, जयपुर। सचिव, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव, खेल एवं युवा मामलात विभाग जयपुर। रजिस्ट्रार, वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा। अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर अलवर। उपखण्ड अधिकारी, कुचामनसिटी नागौर। उपखण्ड अधिकारी, बागौडा जालौर।

तहसीलदार, जयपुर। तहसीलदार, जोधपुर। तहसीलदार, सवाई माधोपुर। तहसीलदार, अलवर। तहसीलदार, नागौर। तहसीलदार, झुंझुनू। तहसीलदार, सीकर। तहसीलदार, करौली। तहसीलदार, टोंक। नायब तहसीलदार, नागौर रहे। अलवर एडीएम सिटी के दौरान आपकी शानदार कार्यशैली देखने को मिली। अनुभव के आधार पर प्रशासनिक व्यवस्थाए सहजता में करना व सरकारी की कल्याण कारी योजनाओं का क्रियान्वहन करना आपके लिए सहज है। मिलनसार व्यक्तित्व व मजबूत अधिकारी के रूप में आपकों जाना जाता है। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जलव भविष्य की कामना करती है।

-रूपक शर्मा

## 2025_027
बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | 1 | | | 5 |
| | 8 | | | 4 | | | | 2 |
| 4 | | 3 | | 9 | | | | |
| 6 | | | 7 | | | 8 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | 9 | | | 3 | | | 4 |
| | | | | 8 | | 2 | | 6 |
| 7 | | | | 3 | | | 5 | |
| 2 | | | 9 | | | 1 | | |

Ans_2025_026

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |
| 8 | 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 2 |
| 4 | 5 | 2 | 9 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 4 | 7 |
| 6 | 4 | 7 | 3 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 6 | 4 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 9 | 3 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 4 | 3 | 2 | 9 |

**कैसे खेलें**

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
नौकरी में पदोन्नति होगी। गृहस्थ जीवन में भी आनंद का वातावरण छाया रहेगा। व्यापार के उद्देश्य से कहीं बाहर भी जाना हो सकता है। आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी।

**वृष**
विवाहोत्सुक लोगों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं। रुचिकर भोजन प्राप्त होगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी।

**मिथुन**
मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी। धार्मिक काम में धन का खर्च होगा। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है। विवाद या झगड़े से हर संभव दूर रहें।

**कर्क**
आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह**
पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा।

**कन्या**
क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी।

**तुला**
आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुख और असंतोष की भावना हो सकती है।

**वृश्चिक**
काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सकें, तो टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**धनु**
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा। किसी प्रवास या पर्यटन स्थल पर जाने से दिन रोमांचक बन जाएगा।

**मकर**
नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा।

**कुंभ**
आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है।

**मीन**
आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान-सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## मांगों को लेकर आज निवाई से रवाना होगा शिक्षकों का पैदल जत्था



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के तत्वावधान में ट्रांसफर पॉलिसी से न्यायपूर्ण भेदभाव रहित शिक्षकों के ट्रांसफर करने, लंबित डीपीसी पूर्ण करने, संविदा, ठेका प्रथा बंद करने, एनईपी 2020 की समीक्षा करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को सुबह 6=15 बजे पैदल जत्था सोहेला से रवाना होकर निवाई पहुंचा। जिसका निवाई के प्रवेश द्वार पर स्थानीय शिक्षकों ने भव्य स्वागत किया गया। जिला मंत्री रामप्रसाद धाकड़ ने बताया कि पैदल जत्था तृतीय श्रेणी अध्यापकों के स्थानांतरण शुरू करने, पिछले 5 वर्षों से बकाया पदोन्नति करने, शिक्षा नीति 2020 की समीक्षा कर सार्वजनिक शिक्षा को मजबूत करने तथा शिक्षकों को बीएलओ सहित सभी गैर-शैक्षिक कार्यों से मुक्त करने जैसी प्रमुख मांगों पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि पैदल जत्थे में कोटा, बारां, पीपलू और निवाई, टोंक के शिक्षक शामिल हुए। पैदल जत्थे का नेतृत्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक लोदवाल, राज्य कमेटी सदस्य बाबूलाल बलवानी, प्रांतीय संघर्ष समिति सह-संयोजक महावीर मीणा, बारां ज़िलाध्यक्ष चन्द्रभान मीणा, टोंक ज़िलाध्यक्ष प्रकाश चौधरी, जिला मंत्री रामप्रसाद धाकड़, प्रांतीय संयुक्त मंत्री शिवजीलाल ताखर, जिला कोषाध्यक्ष भवंरलाल चौधरी, रामावतार चौधरी सहित अन्य शिक्षक नेता कर रहे हैं। इस अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत संघ के अध्यक्ष श्रीराम जाट, प्रहलाद गुर्जर, विनोद जैन, दिनेश गोयल, मुकेश विजय, मनमोहन चौधरी, शंकरलाल चौधरी व सीताराम जाट सहित कई शिक्षक पैदल जत्थे में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि 29 मई को सुबह पांच बजे निवाई से पेदल जत्था रवाना होगा।

## एसडीएम अनीता खटीक ने उप जिला अस्पताल का किया औचक निरीक्षण



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** एसडीएम अनीता खटीक ने उप जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करके आवश्याक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था, सोनोग्राफी, एक्सरे, दवा वितरण केंद्र, महिला वार्ड, साफ-सफाई, दवाइयों का स्टॉक और मरीजों की सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने लू ताप-घात के लिए बनाए गए वार्ड का भी निरीक्षण किया और अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की और उनसे दवाइयों की उपलब्धता एवं स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सोनोग्राफी व एक्सरे को देखा और उपस्थित स्टाफ से जानकारी ली। एसडीएम ने दवा वितरण केंद्र पर मिलने वाली दवाइयों की जानकारी ली एवं पीएमओ डॉ राजेश जैन से लू ताप-घात के लिए बनाए गए वार्ड की जानकारी ली। एसडीएम ने अस्पताल की साफ - सफाई , दवा वितरण पर सन्तोष जताया। अस्पताल में आवश्यक दवाओं का स्टॉक रखने, साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डों, जांच केंद्रों और अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया एवं पीएमओ डॉ राजेश जैन द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस दौरान बीसीएमएचओ डॉ पवन हाथीवाल भी मौजूद थे।

## खेत पर काम रहे किसान मौत

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गांव अरनिया में कृषि कार्य करने के दौरान एक किसान की मृत्यु हो गई। दत्तवास थानाधिकारी कालूराम ने बताया कि बुधवार की सुबह रामदयाल गुर्जर खेत में अचेत अवस्था में पड़ा था। परिजनों ने उसे निवाई अस्पताल लेकर आए। जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने रामदयाल पुत्र नंदराम गुर्जर उम्र 30 वर्ष निवासी अरनिया को मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों की सूचना पर दत्तवास पुलिस अस्पताल पहुंची। जहां मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई /सिरस।** गुरुवार को 33 केवी व 11 केवी सिरस ग्रामीण लाईट 4 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। कनिष्क अभियंता राघव अग्रवाल ने बताया कि सिस ग्रामीण क्षेत्र में सुबह 7 से 11 तक 33 केवी सिरस फीडर व 11 केवी सिरस ग्रामीण फीडर पर मरम्मत कार्य के चलते खिडक़ी, भंवरसागर, सिंदरा, नला, मंडालिया,सकतपुर, सिरस, बस्सी, खेड़ा, खेड़ीमानपुर मेहताबपुरा के आस-पास के क्षेत्र में बंद रहेगी।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, गर्भवती महिलाओं में एनीमिया की रोकथाम दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** बंधन कोन्नगर संस्था द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से एक महत्वपूर्ण हेल्थ फोरम का आयोजन किया गया। संस्था की कम्युनिटी ऑर्गेनाइजर प्रियंका बैरवा एवं टीम लीडर कल्पना मीणा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को एनीमिया की रोकथाम और गर्भावस्था के दौरान आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने महिलाओं को एनीमिया यानी शरीर में आयरन की कमी गर्भावस्था के दौरान मातृ और शिशु स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। इस स्थिति से बचाव के लिए आयरन युक्त आहार, फोलिक एसिड की गोलियां, नियमित वजन व ब्लड प्रेशर जांच जैसे उपायों की जानकारी दी। हेल्थ फोरम में उपस्थित महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता के महत्व, टीकाकरण, फल, हरी सब्जियाँ आदि के नियमित सेवन से होने वाले लाभ की विस्तार से जानकारी दी।

## भीषण गर्मी को देखते हुए नरेगा कर्मियों के कार्य समय में बदलाव

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** भीषण गर्मी को देखते हुए जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने मनरेगा कर्मियों के कार्य समय में परिवर्तन कर उन्हें बड़ी राहत दी है। जिला कलेक्टर डॉ. झा ने बताया कि अत्यधिक गर्मी (हीट वेव) को दृष्टिगत रखते हुए जिले में नरेगा श्रमिक सुबह 5:30 से दोपहर 12:30 बजे तब कार्य करेंगे। नरेगा श्रमिकों के लिए यह समय 15 जुलाई या मानसून आने तक प्रभावी रहेगा।

### प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर रही विफल : डोटासरा

# जो अपने सिंदूर की रक्षा नहीं कर सकते वो कैसे वीरांगनाओ के सिंदूर की रक्षा करेगें : टीकाराम जूली

## हौसले के साथ आगे आए तो मैं आगे रहकर कुछ भी करने को तैयार हूॅं : घासीलाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** ब्लॉक कांग्रेस कमूेटी मालपुरा के तत्वावधान में जयपुर रोड स्थित पाण्डुक शिला जैन मन्दिर में संविधान बचाओ अभियान व राहुल गांधी के सामाजिक न्याय के लिए जातिगत जनगणना को केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा स्वीकार करने पर हुई जीत को लेकर जनसभा का आयोजन किया गया।

बुधवार को आयोजित जन सभा को सम्बोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से विफल है। भाजपा सरकार ने पिछडे डेड़ साल की अवधि में कांग्रेस शासन की योजनाओं को भी पूरी नहीं कर सकी है। केवल कांग्रेस सरकार की योजनाओं की समीक्षा करने में लगी हुई है वो भी पूरी नहीं कर सकी। डोटासरा ने कहा कि प्रदेश का हर वर्ग परेशान व हैरान है लेकिन पर्ची से बने मुख्यमंत्री केवल आए दिन दिल्ली के दौरे कर राय लेने में ही लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार पेपर लीक की बाते करती है लेकिन यहां तो पूरी सरकार ही लीक हो रही है। सरकार के मंत्री ही अपनी ही सरकार की नाकामी पर आवाज बुलन्द कर रहे हैं। संविधान बचाने की बाते करने वाले स्वयं ही संविधान विरोधी काम कर संविधान की खुले आम धज्जियां उडा रहे हैं। राज्य विधान सभा में प्रतिपक्षा के नेता एवं पूर्व मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि सिंदूर की रक्षा करने की बाते करने वाले पहले स्वयं के सिदूर की रक्षा तो कर ले। जूली ने कहा कि कांग्रेस के युवा नेता राहुल गांधी वाले प्रकरण में केन्द्र सरकार ने संविधान बात कहकर एक ही दिन में निर्णय देने का काम करती है जबकि प्रदेश सरकार ऐसे ही एक प्रकरण अपने विधायक पर कार्रवाई करने में बीस से अधिक दिन लगा देती है। ऐसे में कहा संविधान की रक्षा होगी। यह पूरी तरह से सोचनीय विषय है। जनसभा में सांसद हरीश मीणा, हरिप्रसाद बैरवा , एनएसयूआई के विनोद जाखड़ ने भी विचार प्रकट किए। वहीं जनसभा आयोजक एवं विधानसभा चुनावो में मालपुरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे समाजसेवी एवं भामाशाह घासीलाल चौधरी ने क्षेत्र के कांग्रेसजनो को विश्वास दिलाते हुए कहा कि स्वयं के अधिकारो की रक्षा के लिए बिना किसी डर के आगे आए। आगे आने से डरे नहीं क्योंकि इस प्रकार आगे आने वाले हर आम जन में सबसे आगे वे स्वयं रहेगें। यदि गोलिया लगेगी या लाठिया चलेगी तो सबसे पहले मैं उन्हें झेलूंगा। लेकिन आगे आम जन को ही आना होगा। हौसला रखे और अपने अधिकारो की रक्षा के लिए स्वयं आगे आकर आन्दोलन करेगें तो ऐसे आन्दोलनो में सबसे आगे उन्हें ही पाएगें। जनसभा के मंच पर प्रभारी प्रशांत शर्मा, निवाई पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा, युवक कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष यशवीर सूरा, पूर्व




विधायक कमल बैरवा सहित अन्य कई कांग्रेसजन मौजुद रहे।

सभा स्थल पर पूर्व पालिकाध्यक्ष आशा नामा, केवीएसएस चेयरमेन भंवरलाल मुवाल, पूर्व मनोनीत सदस्य महावीर नामा, शहर अध्यक्ष इश्हाक नकवी सहित अन्य सैकड़ो कांग्रेसजन व क्षेत्र की जनता मौजुद रही। अंत में ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट ने जनसभा में मौजुद रहकर सभा को सफल बनाने के लिए सभी आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा के नेतृत्व में कांग्रेसजनो की रैली रवाना हुई जो व्यास सर्किल पहुंच कर समाप्त हुई।

# नो आवासीय भूखण्डो की निलामी से पालिका को हुई 4 करोड़ 6 लाख की आय

## ईओ का कार्यभार देख रहे उपखण्ड अधिकारी के प्रयास लाए रंग

बढ़ता राजस्थान

- अतिक्रमण से मुक्त कराया भूखण्ड 2 करोड़ 12 लाख में हुआ निलाम
- अब तक के इतिहास में एक भूखण्ड की मिली सबसे अधिक कीमत

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा को शास्त्री नगर विस्तार योजना में नो भूखण्डो की ई निलामी से 4 करोड़ 6 लाख 202 दो रूपये की रिकाड्र आय मिली। इसमें भी अतिक्रमण से मुक्त करवाए 141.44 वर्ग गज के भूखण्ड की निलामी से 2 करोड़ 12 लाख 19 हजार रूपये में निलाम होना इतिहास कायम हो गया।

नगरपालिका मालपुरा ने 15 मई को शास्त्री नगर विस्तार योजना में नो आवासीय भूखण्डो की ई निलामी सूचना जारी की। जिसके लिए मंगलवार शाम तक ई बोली लगाई गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए पालिका के ईओ का कार्य देख रहे उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि इस ई निलामी से पालिका को कुल 4 करोड़ 6 लाख 58 हजार 202 रूपये की आय हुई। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि गत दिनो पालिका द्वारा 141.44 वर्ग गज के आवासीय भूखण्ड को अतिक्रमण से मुक्त करवा कर इस ई निलामी में शामिल किया। इस भूखण्ड की अन्तिम बोली 2 करोड़ 12 लाख 16 हजार रूपये रही जो अपने आप में एक रिकार्ड होने के साथ साथ इतिहास भी कायम हो गया। पालिका के प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट ने बताया कि पालिका के ईओ का कार्य देख रहे उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी के अथक प्रयासो से पालिका कंगाल से करोड़ पालिका की गिनती में आ गई है। क्योंकि इससे पहले पालिका को इसी योजना के 23 भूखण्डो से 9 करोड़ रूपये तथा जयपुर रोड पर नर्सरी के आगे सात व्यवसायिक भूखण्डो की ई निलामी से 7 करोड़ रूपये की आय प्राप्त हो चुकी है। यह सब ईओ व उपखण्ड अधिकारी चौधरी के प्रयासो से संभव हो पाया है। यदि इस नो आवासीय भूखण्डो की बात की जाए तो इसमें 141.44 वर्ग गज के भूखण्ड से 2 करोड़ 12 लाख 16 हजार के अलावा भूखण्ड 100 से 45 लाख 33 हजार रूपये, भूखण्ड संख्या 165 से 7 लाख 77 हजार, भूखण्ड संख्या 133 से 9 लाख 72 हजार रूपये, भुखण्ड संख्या 97 से



36 लाख 79 हजार, भूखण्ड संख्या 98 से 28 लाख 26 हजार, भूखण्ड संख्या 51 से 33 लाख 67 हजार, भूखण्ड संख्या 21 से 15 लाख 62 हजार , तथा भूखण्ड संख्या 147 से 17 लाख 22 हजार रूपये की आय होने से कुल 9 आवासीय भूखण्डो की ई निलामी से कुल 4 करोड़ 6 लाख 58 हजार 202 रूपये की आय हुई है। मालपुरा के इतिहास में यह पहला अवसर है जब एक 141.44 वर्गगज के भूखण्ड की ई निलामी से रिकार्ड 2 करोड़ 12 लाख 19 हजार रूपये की आय संभव हो पाई है।

## जलदाय मंत्री के निर्देशानुसार प्रति व्यक्ति 100 लीटर पेयजल की होगी सप्लाई

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** जलदाय विभाग मालपुरा द्वारा प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशानुसार मालपुरा क्षैत्र के पेयजल उपभोक्ताओं को 100 लीटर प्रति व्यक्ति के हिसाब से पेयजल की आपूर्ति होगी। इस संबंध में जलदाय विभाग के एक्सईएन संदीप बाटड़ ने बताया कि जलदाय मंत्री कन्हैयालल चौधरी ने क्षैत्र की जनता से 100 लीटर प्रति व्यक्ति पेयजल आपूर्ति का वादा किया था। साथ ही विभाग को वादे के अनुसार शीध्र कार्रवाई कर वादे को पूरा करने के निर्देश प्रदान किए थे। उन्होंने बताया कि विभाग ने इसकी पूरी तैयारी कर ली है। अब मालपुरा क्षैत्र के लोगो को सूरजपूरा से सांभर तक डाली जा रही टीएम पाइप लाइन में पानी चालु होने तक की प्रतीक्षा करनी होगी। यह 310 करोड़ रूपये की योजना कार्य तीव्र गति से चल रहा है एवं निर्धारित समय में पूर्ण हो जाएगा। यह कार्य पूर्ण होने के साथ ही क्षैत्र के लोगो को 70 के स्थान पर प्रति व्यक्ति 100 लीटर पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

## प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक आयोजित

### कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए जिम्मेदादियो का किया बटवारा



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** श्री श्याम मित्र मंडल पदयात्रा संघ द्वारा डिग्गी नुक्कड़ चौराहे से डिग्गी की ओन आने वाली मुख्य सड़क किनारे बनने वाले श्री धाम में स्थापित की जाने वाली बाबा श्याम सहित लक्ष्मीनारायण मन्दिर, वीर बालाजी एवं शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में पवन मेन्दवास्या ने बताया कि 4 से 6 जुलाई तक भव्य विशाल एवं आकर्षक तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा। बैठक में महोत्सव को लेकर विचार विमर्श हुआ। साथ ही महोत्सव को आकर्षक एवं भव्य बनाने के लिए प्राप्त विचारो एवं सुझावो के अनुसार मोजुद सदस्यो को कार्यो का बटवारा कर जिम्मेदारियां सौंपी गई।

## उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया



**निवाई ( का.स. )।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के परीक्षा परिणाम 2025 में छात्र-छात्राओं ने परचम लहराया है। उच्च माध्यमिक सरस्वती विद्या मंदिर निवाई का छात्र मयंक अग्रवाल पुत्र प्रेमचंद अग्रवाल ने 97.17 प्रतिशत, छात्रा सोनल जाट पुत्री मदनलाल जाट 96.67, छात्र युग शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा ने 95.50, भुवनेश जैन पुत्र त्रिलोकचंद जैन ने 95.50, अभिषेक चौधरी पुत्र बद्री नारायण जाट ने 95.67, निशा गुर्जर पुत्री हरकेश गुर्जर ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इसी प्रकार दादुदयाल उच्च माध्यमिक विद्यालय निवाई की छात्रा सुमन मीणा पुत्री राजेंद्र मीणा ने 97.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वह प्रशासनिक सेवा में जाना चाहती है। इसी प्रकार वंशिका पब्लिक स्कूल स्कूल निवाई की छात्रा स्वाति जैन पुत्री विजय अग्रवाल 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। वह अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनना चाहती है व छात्र पीयूष कसाना पुत्र सुरेन्द्र कसाणा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है वह चिकित्सक बनना चाहते है। इसी प्रकार एमडीएस सीनियर हाय सैकेण्री स्कूल निवाई के छात्र आर्यन सैनी पुत्र प्रेमचन्द सैनी ने 91.68 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है वह आईएएस बनकर समाज सेवा करना चाहते है।

# केंद्र व राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध-सरोज बंसल

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से बुधवार को नगर परिषद टोंक के अग्निशमन केंद्र में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ।

कार्यशाला में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख सरोज बंसल ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। वृद्धजन पेंशन योजना के माध्यम से टोंक जिले में 1 लाख 25 हजार 148 पेंशनरों को लाभान्वित किया जा रहा है। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना 16 हजार 909 बुजुर्गों के जीवन का महत्वपूर्ण सहारा बनी है। सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति का ध्यान रख उसे समाज की मुख्य धारा से जोड़े रखने में सहायता कर रही है।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि बुजुर्ग भारतीय संस्कृति का अहम हिस्सा है। बुजुर्गों का अनुभव और ज्ञान परिवार की अनमोल धरोहर है। बुजुर्गों की सलाह और मार्गदर्शन को महत्व देना चाहिए। चौहान ने कहा कि बुजुर्गों के सानिध्य में बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर ढंग से हो पाता है। उम्र के इस अंतिम पड़ाव पर युवा पीढ़ी को वृद्धजनों की सेवा करनी चाहिए। अतिथियों ने जिले के



विभिन्न उपखंडों से आए वृद्धजनों का माला पहनाकर सम्मानित किया। साथ ही, उनको सहायक उपकरण वितरित किए।

कार्यशाला में आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. भरत लाल बैरवा एवं योग प्रशिक्षक सत्यनारायण नामा ने शरीर को स्वस्थ्य रखने के लिए योग व ध्यान के बारे में बताया। पुलिस विभाग से आए अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को लेकर उनके अधिकारों एवं कानून की जानकारी दी। बैंक से आए अधिकारियों ने वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय योजना और डिजिटल साक्षरता के बारे में विस्तार से बताया। मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक करतार सिंह मीणा ने कहा कि सरकार गरीब, असहाय और वंचित वर्ग के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है।

आमजन को जागरूक रहकर इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। साथ ही, अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को भी इन योजनाओं की जानकारी देकर उनकी मदद करनी चाहिए। कार्यशाला में बाल अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक नवल खान, पीआरओ अपूर्व शर्मा, जनसंपर्क कर्मी रिजवान अनीस, तरुण टिक्कीवाल एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

## मृतक की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने किया अन्तिम संस्कार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सदर पुलिस थाना पुलिस ने मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर नगरपालिका के सहयोग से मृतक के शव का अन्तिम संस्कार करवा दिया। सदर थानाधिकारी हीरालाल वर्मा ने बताया कि रविवार को जयपुर से इन्दौर जाने वाली ट्रेन से चनानी फाटक के समीप रेलवे ट्रेक पर संतुलन खराब होने से एक यात्री गिर गया था। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि मृतक के शव को उप जिला अस्पताल निवाई की मोर्चरी में रखवाया था। बुधवार को भी मृतक की पहचान नहीं होने पर उसका अन्तिम संस्कार किया गया।

# जिला कलक्टर ने ली केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं व बजट घोषणाओं आदि की समीक्षा बैठक

- केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं व बजट घोषणाओं का धरातल पर करावे प्रभावी क्रियान्वयन
- आमजन की परिवेदनाओं को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से करें निस्तारित
- गुरू गोवलकर योजना के लिए चयनित रामगढ में करावे योजना का प्रभावी क्रियान्वयन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं, बजट घोषणाओं, राजस्थान संपर्क पोर्टल, अंतर विभागीय लंबित कार्यों आदि की विस्तृत समीक्षा कर जिला स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को उनकी मंशा के अनुरूप धरातल पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित करावे। प्रत्येक पात्रा व्यक्ति को इन योजनाओं से जोडकर उन्हें लाभांवित कराया जावे। रेंडम आधार पर इन योजनाओं की जांच की जाएगी। यदि इनके संचालन में किसी प्रकार की खानापूर्ति व उदासीनता पाई गई तो संबंधित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा कर निर्देश दिये कि प्रतिदिन संबंधित अधिकारी पोर्टल का अवलोकन कर इस पर आने वाली परिवेदनाओं का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्राी कार्यालय, जनसुनवाई आदि से प्राप्त परिवेदनाओं का भी गुणवत्ता के साथ त्वरित निराकरण किया जावे। पोर्टल का अवलोकन नहीं करने, परिवेदनाओं के निस्तारण में उदासीनता बरतने व निस्तारण का कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक से संबंधित परिवेदनाएं अधिक समय तक लंबित रखने पर नाराजगी जाहिर कर आज ही दोनों प्रकरणों का निस्तारण कराने के निर्देश दिये।

जिला कलक्टर ने जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं की समीक्षा कर निर्देश दिये कि निर्धारित टाइम लाइन के अनुरूप कार्यों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। राज्य स्तर से संबंधित बिंदुओं को समय पर अवगत कराए ताकि उनका समयबद्ध रूप से निराकरण कराया जा सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जावे।

बैठक में एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, यूआईटी सचिव धीगदे स्नेहल नाना, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, डीटीओ सुरेश यादव, सरस डेयरी की एमडी श्रीमती सुनीता यादव, सीएमएचओ डॉ. योगेन्द्र शर्मा, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता श्री भूरी सिंह, जयपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियन्ता सुधीर पाण्डे, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता रमेश चन्द शर्मा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक पी.सी मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक श्री महेश चंद गुप्ता, रीको के वरिष्ठ क्षेत्राीय प्रबंधक परेश सक्सेना, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक रमेश मीणा, एलडीएम श्री बाबूलाल पालरिया, पर्यटन विभाग की उप निदेशक टीना यादव, राजीविका की डीपीएम श्रीमती रेखारानी व्यास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में जय दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने फिर लहराया सफलता का परचम



सृष्टि भंडारी, नंदनी जाटव, नैना गुप्ता, रिना मीना, कुनाल विजय
केशव मीना, कृष्ण साहू, आरची शर्मा, राजश्री सैनी, कनक कुमार
पायल सैनी, लक्ष्मी मीना, नायरा गुप्ता, अमित वर्मा, भावेश मीना

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** कस्बे के पोस्ट आफिस के पास स्थित जय दुर्गा सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शत प्रतिशत परिणाम देकर सफलता का परचम लहराया। विद्यालय के निदेशक मनोज कुमार सैनी ने बताया कि विद्यालय की छात्रा सृष्टि भंडारी ने 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक राजगढ़ सहित विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के छात्रा नंदनी जाटव ने 98.33 प्रतिशत, नैना गुप्ता 97.83 प्रतिशत, रिना मीना ने 97.50 प्रतिशत, कुनाल विजय 97.50, केशव सिंह मीना ने 97.17 प्रतिशत, कृष्ण साहू ने 97.17 प्रतिशत, अरची शर्मा ने 97 प्रतिशत, राजश्री सैनी ने 96.33 प्रतिशत, कनक कुमार टोंक ने 96 प्रतिशत, पायल सैनी ने 95.83 प्रतिशत, लक्ष्मी मीना ने 95.33 प्रतिशत, नायरा गुप्ता ने 95.33 प्रतिशत, अमित कुमार मीना ने 95.33 तथा भावेश मीना ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। उन्होंने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई दी।

## राजकीय महाविद्यालय में भूगोल विषय के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्रों का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** कस्बे के राजकीय महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा एक्सपेरिमेंटल ट्रैनिंग ज्योग्राफी फॉर नॉन कॉलोजिएट स्टूडेंट प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम बाबु शोभाराम राजकीय महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य एवं भूगोलवेत्ता प्रो. पी.एम. शर्मा की मौजूदगी में हुआ। उन्होंने बताया कि प्रायोगिक भूगोल का प्रशिक्षण भूगोल के विद्यार्थियों को ने केवल विषय की सैद्धांतिक जानकारी प्रदान करता है बल्कि उन्हें विभिन्न प्रकार की भौगोलिक समस्याओं को समझने के लिए आवश्यक व्यावहारिक कौशल भी सीखता है। प्राचार्य डॉ के. एल. मीना ने बताया कि यह प्रशिक्षण भूगोल विषय के प्रयोगात्मक ?पक्ष को संदर्भित करता है जिसमें विद्यार्थियों को मानचित्र तकनीकों, सर्वेक्षण उपकरणों के प्रयोग और भौगोलिक डेटा के विश्लेषण से परिचित करवाता है जिससे वे भूगोल के वैज्ञानिक आधार को बेहतर ढंग से समझ सकें। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जगफूल मीना ने बताया कि 7 दिवसीय एक्सपेरिमेंटल ट्रैनिंग प्रोग्राम विभिन्न कक्षाओं के स्वयंपाठी विद्यार्थियों के लिए कराया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गये। इस अवसर पर प्रो. जगतसिंह मीना, प्रो. देशराज वर्मा, प्रो. अनिल कुमार शर्मा, प्रो. भगतसिंह, डॉ आंचल मीना, पवन कुमार मीना व प्रताप सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक संघ प्रगतिशील ने किया जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील के पदाधिकारीयों ने जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक अलवर के पद पर देवेंद्र सिंह के कार्यग्रहण करने पर स्वागत एवं सम्मान किया। जिलाध्यक्ष अजय विजय ने बताया कि राजस्थान शिक्षक प्रगतिशील के पदाधिकारीयों ने प्रांतीय मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव और महामंत्री (मुख्यालय) प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुम्हेर डीग के पद से स्थानांतरित होकर जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) प्रारंभिक अलवर के पद पर देवेंद्र सिंह के कार्यग्रहण करने पर माला, साफा, गुलदस्ता और मिठाई खिलाकर उनका स्वागत और सम्मान किया गया। शिक्षक प्रगतिशील के पदाधिकारीयों ने जिला शिक्षा अधिकारी को शिक्षक वर्ग की लंबित विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया। इस पर उन्होंने संघ के पदाधिकारीयों को अपने लेटर हैड पर शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लिखित रूप में देने और उन पर चर्चा कर उनका यथोचित समाधान कराने का आश्वासन दिया। स्वागत एवं सम्मान कार्यक्रम में शिक्षक संघ प्रगतिशील के शक्ति सिंह यादव, संजय भाटिया, गिर्राज सैनी, हनुमान सिंह, अनिल सैनी, योगेश गुप्ता गजनेश सैनी आदि लोग मौजूद रहे।

## शेलोम स्कूल ने दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में फिर रचा इतिहास, छात्र दक्ष साहू ने 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किये



| दक्ष कुमार साहू | सोनम बाई | नेहा | प्रिंस मीना | हितेश कुमार शर्मा |
|---|---|---|---|---|
| 98.5 | 95.83 | 95.67 | 95.33 | 95 |

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर।** कस्बे के माचाड़ी मार्ग पर स्थित शेलोम इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्र दक्ष कुमार साहू ने बुधवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर द्वारा जारी दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में 98.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय सहित अपने परिवार का नाम रोशन किया। छात्र दक्ष कुमार साहू ने के पिता दुकान करते हैं वहीं मां ब्यूटी पार्लर का कार्य करती है। दक्ष इंजीनियर बनना चाहता है। छात्र दक्ष ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व स्कूल के शिक्षकों को दिया है। वहीं विद्यालय के निदेशक जोसफ राज ने बताया कि विद्यालय की छात्रा सोनम ने 95.83 प्रतिशत, नेहा ने 95.67 प्रतिशत, प्रिंस मीना ने 95.33 प्रतिशत, हितेश कुमार शर्मा ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# अपने परिजनों से मिलकर भावुक हुआ रमेश

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर में 15 अक्टूबर 24 से रहने वाले रमेश प्रभुजी के पिता प्रेम लाल कोरी भाई राजेश कुमार कोरी अपनाघर अलवर पहुंचे और पिछले आठ साल से अधिक समय से बिछुड़े रमेश से मिलकर भावुक हो गये। आश्रम अध्यक्ष सतीश सारस्वत ने बताया कि रमेश प्रभुजी को मालाखेड़ा के पास सोनपुर गाँव में रोड से अपनाघर की रेस्क्यू टीम ने असहाय लावारिस असंतुलित मानसिक स्थिति में लाकर सेवा और उपचार के लिए अपनाघर में भर्ती किया था। आश्रम ने अब उसके द्वारा बताये गाँव हरदी जागीर, जिला सतना, मध्यप्रदेश के ग्राम सचिव के माध्यम से भाई राजेश से समपर्क किया, जिसके बाद रमेश के पिता और भाई लेने आश्रम पहुंचे। भाई राजेश ने बताया कि हम रमेश को काम के लिए सूरत ले गये थे वहाँ से रमेश मानसिक अस्वस्थता के कारण लगभग 8 वर्ष 6 माह पहले निकल गया, तलाशने के प्रयास किये कड़ोदरा जिला पलसाना, गुजरात थाने में रिपोर्ट भी लिखाई, पम्पलेट छपवाये लेकिन कोई पता नहीं चल सका था। हम अपनाघर आश्रम अलवर का एहसान कभी नहीं भूलेंगे। पिता प्रेम लाल तो इतना भावुक हो गया कि अध्यक्ष के पैरों में पड़ने लगा। विदाई पूर्व पिता भाईए आश्रम अध्यक्ष और सेवा साथियों के साथ रमेश की फोटो संलग्न है।

आज ही आश्रम में हरियाणा सीमा के पास गाँव वीरनबास कोटकासिम जिला खैरथल तिजारा से लावारिस एवं असंतुलित मानसिक स्थिति में रोहतास को अपनाघर आश्रम अलवर की टीम ने रेस्क्यू कर आश्रम में भर्ती किया है।

# अपनाघर आश्रम में लगा मेडिकल कैम्प

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** वाई पी एस एम होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अलवर ने बुधवार को प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक विवेकानंद नगर स्थित संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम अलवर में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर आयोजित किया। अपनाघर में बीमार आवासियों की जांच कर निः शुल्क दवा भी दी गई। कौलेज डीन डाण् अशोक पाठक जी ने बताया कि अलवर जिले के तीनों आश्रमों में इस प्रकार के शिविर समय समय पर निरूशुल्क लगाये जाते रहेंगे। इस के साथ तीनों आश्रमों में एक एक कैंप हो गया टीम ने डा. निलांजला गुहा के नेतृत्व में कार्य किया जिसमें डा. राशि शर्मा, डा. भारती शर्मा, डा. शास्वत झालानी और डा. अरुनव बोरा ने सहयोग दिया।

इस अवसर पर अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर के अध्यक्ष सतीश सारस्वत, सचिव अशोक गुप्ता, वित्त सचिव के के खण्डेलवाल, महिला आश्रम के अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह यादव, संरक्षक अशोक मेठी, डा सक्सेना एवं सेवा साथी लक्ष्मण सिंह, रनवीर सिंह, नितिन शर्मा, भूपेन्द्र आदि उपस्थित रहे।

आश्रम अध्यक्ष सतीश सारस्वत ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन, डीन अशोक पाठक एवं जांच दल सभी डाक्टर व कर्मचारियों का साधुवाद ज्ञापित करते हुए धन्यवाद किया।



## बीज संग्रहण केन्द्र का हुआ शुभारम्भ, धामेंड़ा धाम में पर्यावरण बचाने का दिया संदेश



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर की अरावली पर्वतमाला की तलहटी में स्थित प्राचीन मन्दिर बाबा पीरसंज्यानाथ महाराज की तपोस्थली धामेंड़ा धाम गौशाला में बीज संग्रहण केन्द्र का सुभारम्भ किया गया। श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण बचाओ - पेड़ पौधे लगाओ महा अभियान के अंतर्गत महंत विवेकनाथ महाराज के सानिध्य में सचिव सुनील कुमार शर्मा ने अर्जुन जिसे स्थानीय भाषा में ताल कहा जाता है तथा बरगद, पीपल, गूलर, जामुन, करंज, नीम, शीशम सहित छायादार व फलदार पौधौ का रोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया जा रहा है। सचिव सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि श्री कृष्णा शिक्षा एवं ग्रामीण विकास समिति द्वारा जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, मृत्यु के उपरांत उसकी पुण्यतिथि में तथा अन्य आयोजन आदि के उपलक्ष्य में पौधे लगाने का अभियान चलाया जा रहा है,जिससे यह अभियान पर्यावरण को संरक्षण करने एवं ऑक्सीजन बैक टू एनवायरनमेंट के सपने को साकार करने के लिए साकार सिद्ध हो सके । उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रवासी भी इस अभियान में बढ़-चढ़कर सहयोग करेंगे तो इस तपोस्थली क्षेत्र कोऔर् भी हरा भरा और खुशहाल बनाया जा सकता है। शर्मा ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन पैदा करते हैं, हवा को शुद्ध करते हैं, उपजाऊ मिट्टी बनाते हैं, कटाव को रोकते हैं, नदियों को साफ रखते हैं, जलभृतों के लिए पानी इकट्ठा करते हैं, वन्यजीव आश्रय के रूप में काम करते हैं, मिट्टी के तापमान को कम करते हैं, अन्य प्रजातियों की स्थापना को बढ़ावा देते हैं, मिट्टी के पोषक तत्वों को पुनर्जीवित करते हैं और परिदृश्य में सुधार करते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की दृष्टि से पेड़ लगाना बेहतर जीवन की आशा पैदा करना है। वहीं क्षेत्रवासियों को नीम, आम, जामुन सहित विभिन्न पौधों के बीज एकत्रित कर संस्था के संग्रहण केन्द्र में जमा करवाने के लिए प्रेरित भी किया गया। जिसको आगामी मानसून काल में सीडबोल बनाकर पर्वतीय तलहटी भाग में रोपण किया जा सके।

# साइबर क्राइम से बचाव के लिए जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर( राजकुमार गुप्ता )।** आज के डिजिटल युग में जब मोबाइल और इंटरनेट हमारे जीवन का अहम हिस्सा बन चुके हैं, वहीं दूसरी ओर साइबर अपराध भी तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क और जागरूक करना बेहद ज़रूरी है। इसी उद्देश्य से रोप फाउंडेशन द्वारा संचालित समझो तो कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीचंदपुरा में साइबर क्राइम से बचाव और संविधान की समझ को लेकर एक मोहल्ला सभा का आयोजन किया गया। सभा का आयोजन रोप फाउंडेशन के संस्थापक आशीष टांक के मार्गदर्शन में हुआ। प्रोग्राम मैनेजर अमित कुमार शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर ठगी एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन चुकी है। लोग अपनी निजी जानकारी, ओटीपी, बैंक डिटेल्स अनजाने में शेयर कर देते हैं और फिर शिकार हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर अपराधी फर्जी कॉल कर खुद को बैंक अधिकारी बताना, ओटीपी मांगना, या नकली लिंक भेजकर डेटा चोरी करना जैसे हथकंडे अपनाते है। ऐसे में सबसे पहले सतर्क रहना, और फिर अगर कोई धोखाधड़ी हो जाए तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर सूचना देना जरूरी है। सभा का संचालन रोप फाउंडेशन के फेसिलिटेटर सोनू सैनी ने किया। उन्होंने सभा को संवादमूलक और सहभागी बनाते हुए उपस्थित लोगों से सवाल-जवाब किए और व्यावहारिक उदाहरणों से विषय को सरल बनाया। विशेष वक्ता कमांडो योगेश कुमार ने साइबर अपराध के तकनीकी पहलुओं और बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फर्जी लिंक पर क्लिक करने से मोबाइल में वायरस या ट्रैकिंग ऐप आ सकते हैं, जिससे आपकी सारी जानकारी किसी अन्य व्यक्ति के हाथ लग सकती है। उन्होंने यह भी बताया कि किसी अनजान क्यूआर कोड को स्कैन करना भी खतरनाक हो सकता है, क्योंकि इससे आपके खाते से पैसे कट सकते हैं।

## श्याम जागरण में बही भजनों की बयार, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**राजगढ़/अलवर।** पंचायत समिति के समीपवर्ती गढ़ बिणजारी में मंगलवार रात्रि बाबा श्याम के जागरण का आयोजन हुआ। इस दौरान बाबा श्याम का अलौकिक दरबार सजाया गया। गढ़ बिणजारी निवासी पूर्व सरपंच सीताराम यादव, राधेश्याम यादव ने बताया कि बाबा श्याम का फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया। भजन संकीर्तन में राजगढ़ के भजन प्रवाहक सुरजीत सिंह, अलवर के कमल कान्हा, राहुल बृजवासी ओर डोली सागर ने एक से बढ़कर एक बाबा श्याम के भजनों से उपस्थित श्रद्धालुओं को ताली बजाने व झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ डोली सागर ने गणेश वंदना, हनुमान जी महाराज तथा श्याम भजनों के साथ हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। भजन प्रवाहकों द्वारा एक से बढ़कर एक श्याम भजन सुनाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। संकीर्तन के समापन पर बाबा श्याम जी की आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया।

# जिला कलक्टर ने किया वी-शक्ति ट्रस्ट कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

## महिलाओं को आत्मनिर्भर और 'लखपति दीदी' बनाने के साथ-साथ बच्चों को डिजिटल ज्ञान मुहैया करा रहा है वी-शक्ति ट्रस्ट

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बुधवार को हसनखां मेवात नगर में वी-शक्ति ट्रस्ट के कार्यालय एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस दौरान उन्होंने तुलसी पूजन कर तुलसी के पौधे का रोपण किया। वी-शक्ति ट्रस्ट की अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा यादव ने बताया कि ट्रस्ट का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

उन्होंने कहा कि पहले महिलाएं केवल मिट्टी के बर्तन बनाने, सिलाई करने जैसे कार्य हाथ से करने तक ही सीमित थीं, वर्तमान समय में महिलाएं कंप्यूटर, अंग्रेजी शिक्षा और डिजिटल दुनिया में अपनी जगह बनाना चाहती हैं। वी-शक्ति ट्रस्ट उन्हें विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट ने सेवानिवृत महिलाओं और पुरुषों के लिए एक 'गौशाला लाइब्रेरी' की भी स्थापना की गई है जहां वे अपने खाली समय में जाकर गीता और गोपाल के पाठ पढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए कंप्यूटर शिक्षा हेतु 'ई-गुरुकुल' और 'ई-लाइब्रेरी' की शुरुआत की गई है,जहाँ उन्हें डिजिटल ज्ञान प्रदान किया जा रहा है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों के लिए 'ज्ञान वाहन' संचालित किया जा रहा है जिसमें डिजिटल सुविधाओं से युक्त पुस्तकें मौजूद हैं जो बच्चों को तकनीकी रूप से सशक्त बना रही हैं। उन्होंने बताया कि वी-शक्ति ट्रस्ट द्वारा अलवर के विभिन्न क्षेत्रों में लघु मेलों का आयोजन किया गया था जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु प्रशिक्षण, निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इन मेलों में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। उन्होंने अलवर सांसद खेल उत्सव की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष आयोजित हुए कार्यक्रम में लगभग 13 हजार बच्चों ने हिस्सा लिया। उनमें से विजेता रहे 700 लड़के और लड़कियों के लिए 1 जून से समर कैंप आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में देशभर से श्रेष्ठ कोच प्रतिभागियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसके अतिरिक्त इस शिविर में बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ भी करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि वी-शक्ति ट्रस्ट महिलाओं को विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को



चिकित्सकों द्वारा माहवारी के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इस प्राकृतिक प्रक्रिया के दौरान महिलाओं को न तो घबराना चाहिए और न ही शर्म महसूस करनी चाहिए। इस दौरान राजीविका की डीपीएम रेखारानी व्यास सहित बडी संख्या में महिलाए एवं बालिकाएं मौजूद रही।

## ट्रैक्टर-कार भिड़ंत में घायल परिवार की मदद को आगे आए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** सांगोद से कोटा लौटते समय ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने सड़क दुर्घटना में घायल परिवार की मानवीय सहायता करते हुए मिसाल पेश की। मंत्री नागर ने रास्ते में ट्रैक्टर और कार की जोरदार टक्कर के बाद घायल अवस्था में पड़े परिवार को देख अपनी गाड़ी रुकवाई और तुरंत घायलों की कुशलक्षेम पूछी। देवली डिकोली निवासी महावीर सुमन का परिवार अरुणखेड़ा गांव में आयोजित एक विवाह समारोह से लौट रहा था, जब उनकी कार की ट्रैक्टर से भिड़ंत हो गई। उसी समय मंत्री नागर सांगोद में तिरंगा यात्रा में भाग लेकर कोटा लौट रहे थे। मौके की गंभीरता को समझते हुए मंत्री नागर ने तत्काल अपने स्टाफ व कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि घायल परिवार को अपनी निजी गाड़ी से अस्पताल पहुंचाया जाए।

इस त्वरित निर्णय से घायलों को समय पर प्राथमिक उपचार मिल सका। बाद में मंत्री नागर स्वयं एक अन्य वाहन से केथून सीएससी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) पहुंचे और वहां घायलों की स्थिति की जानकारी ली। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जब दोनों घायलों की स्थिति सामान्य बताई, तब उन्हें कोटा रैफर कर दिया गया। मंत्री हीरालाल नागर की इस संवेदनशीलता और तत्परता की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

# शिक्षा मंत्री ने किया माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित, 93.60 प्रतिशत रहा परिणाम

## अजमेर से वीसी के जरिए पहली बार कोटा में घोषित हुआ बोर्ड परीक्षा परिणाम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** शिक्षा एवं पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को कोटा से वीसी के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर राजस्थान की दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया। बोर्ड की माध्यमिक एवं माध्यमिक व्यावसायिक परीक्षा 2025 के साथ-साथ प्रवेशिका परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम भी बुधवार को जारी कर दिया गया। परीक्षा परिणाम 93.60 प्रतिशत रहा जो अब तक का सर्वश्रेष्ठ परिणाम है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा तंत्र के सुदृढ़ीकरण, विद्यालय में अनुशासन और नवाचारों के कारण परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। दिलावर उच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वहीं, जो विद्यार्थी अपेक्षानुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए उन्हें संदेश दिया कि वे हताश न हों बल्कि मेहनत के साथ तैयारी करते हुए अगले वर्ष श्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि माध्यमिक व माध्यमिक व्यावसायिक परीक्षा में 10 लाख 94 हजार 186 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं जिसमें से 10 लाख 71 हजार 460 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए। माध्यमिक एवं माध्यमिक व्यवसायिक परीक्षा का परिणाम 93.60 प्रतिशत रहा जिसमें से छात्रों का उत्तीर्णता प्रतिशत 93.16 तथा छात्राओं का उत्तीर्णता प्रतिशत 94.08 रहा। माध्यमिक एवं माध्यमिक व्यवसायिक परीक्षा में 5 लाख 75 हजार 554 छात्रों में से 2 लाख 69 हजार 141 छात्र और 5 लाख 18 हजार 632 छात्राओं में से 2 लाख 77 हजार 229 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई हैं।

प्रवेशिका परीक्षा 2025 में कुल 7 हजार 316 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं जिसमें से 7 हजार 99 परीक्षार्थी परीक्षा में प्रविष्ट हुए। परीक्षा का परीक्षा परिणाम 83.67 प्रतिशत रहा जिसमें छात्रों का उत्तीर्णता प्रतिशत 82.01 तथा छात्राओं का उत्तीर्णता प्रतिशत 85.03 रहा। प्रवेशिका परीक्षा में 3 हजार 310 छात्रों में से 643 छात्र और 4 हजार 6 छात्राओं में से 974 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई हैं।

पहली बार कोटा से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी करते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा तंत्र में व्यापक सुधार और नवाचारों से परीक्षा परिणाम श्रेष्ठ रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में शिक्षण के दौरान व्यवधान न हो, तारतम्य न टूटे इसके दृष्टिगत कक्षा में मोबाइल के उपयोग को पूर्णतया सख्ती से प्रतिबंधित किया गया जिससे विद्यालयों में शिक्षण के लिए पर्याप्त वातावरण एवं समय मिल पाया और परीक्षा परिणाम बेहतर रहे। इसी तरह सत्रांक को लेकर भी तय किया गया कि जितने सत्रांक विद्यालय द्वारा विद्यार्थी को दिए गए हैं उसका आधा प्रतिशत विद्यार्थी आवश्यक रूप से प्राप्त करें अन्यथा शिक्षक को उत्तरदायी माना जाएगा। विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर निरतंतर समीक्षा से भी



निरंतर सुधार हुआ है।

इसके अलावा पदोन्नति से भी शिक्षकों का मनोबल बढ़ा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि कई वर्षों से शिक्षक पदोन्नति के इंतजार में थे, मौजूदा राज्य सरकार ने हाल ही 35 हजार शिक्षकों की डीपीसी कर पदोन्नत किया जिससे शिक्षक उत्साहित होकर अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि निकट भविष्य में 21 हजार पदों पर भी पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, शिक्षा विभाग एवं शिक्षकों की टीम को बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी।

परीक्षा परिणाम घोषणा के दौरान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष डॉ. महेशचन्द शर्मा एवं अन्य अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े। वीसी कक्ष में एडीएम सीलिंग कृष्णा शुक्ला, शिक्षा मंत्री के ओएसडी सतीश गुप्ता, सीडीईओ योगेश पारीक, डीईओ सैकण्ड्री के.के. शर्मा सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## अफीम तस्करी के छह साल पुराने मामले में आरोपी को 5 वर्ष का कठोर कारावास, 50,000 जुर्माना

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** अवैध मादक पदार्थ अफीम तस्करी के करीब छह वर्ष पुराने मामले में विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने आज एक आरोपी को दोषी करार देते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने आरोपी पर 50,000 का जुर्माना भी लगाया है।

विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र सिंह निर्भय ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 जुलाई 2019 को जीआरपी थाना कोटा द्वारा कोटा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर खड़ी ट्रेन से एक युवक को संदेह के आधार पर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राकेश सिंह, निवासी थाना परीक्षा, माता वसैया, जिला मुरैना (मध्यप्रदेश) बताया।

तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ अफीम बरामद की गई, जिसका शुद्ध वजन 500 ग्राम था। पुलिस ने अफीम को जब्त कर एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान के बाद आरोपी राकेश सिंह के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।

विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से कुल 11 गवाहों के बयान कराए गए और 36 दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। सबूतों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए उसे पांच वर्ष का कठोर कारावास और 50,000 के जुर्माने की सजा सुनाई।

## रामगंजमंडी जिला अस्पताल में किडनी मरीजों को राहत: 22 लाख की दो डायलिसिस मशीनें आज से शुरू

# अब कोटा-झालावाड़ जाने की जरूरत नहीं

बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/कोटा।** किडनी रोगियों के लिए राहत की खबर है। राज्य सरकार की राजस्थान निरोगी सेवा चिकित्सा योजना के अंतर्गत रामगंजमंडी जिला अस्पताल में डायलिसिस सुविधा आज से शुरू हो रही है। गुरुवार दोपहर 2 बजे शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर अस्पताल परिसर में डायलिसिस मशीनों का लोकार्पण करेंगे।

नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल ने बताया कि इन डायलिसिस मशीनों को जनवरी 2024 में करीब 22 लाख रुपये की लागत से खरीदा गया था। अब इनके शुरू होने से किडनी रोगियों को डायलिसिस के लिए कोटा या झालावाड़ नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही यह सुविधा मिलने से मरीजों और उनके परिजनों को यात्रा की परेशानी और आर्थिक बोझ से राहत मिलेगी।

अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि लंबे समय से रामगंजमंडी में डायलिसिस मशीन की मांग की जा रही थी। नई मशीनों की स्थापना से अब यह सुविधा सुलभ हो गई है। उन्होंने बताया कि डायलिसिस एक सामान्य चिकित्सा प्रक्रिया है, जिसमें मरीज के रक्त को डायलाइज़र के माध्यम से शुद्ध किया जाता है। यह प्रक्रिया आमतौर पर 3 से 4 घंटे तक चलती है और मरीजों को सप्ताह में 2 से 3 बार यह करवानी होती है।

लोकार्पण समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष अखिलेश मेडतवाल, पंचायत समिति प्रधान कलावती मेघवाल, भाजपा शहर अध्यक्ष शैलेष काला सहित कई



जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

## शाहपुरा जिले समाप्ति के विरोध में शाहपुरा बंद

### शाहपुरावासियों द्वारा मनाया जा रहा काला दिवस।

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिला समाप्ति के विरोध को लेकर शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के आव्हान पर बुधवार को शाहपुरा बंद दिखा। शहरवासी 24 मई का दिन काला दिवस के रूप में मनाते हुए सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में उतरे। शाहपुरा के बालाजी छतरी, सदर बाजार, क्लींजरिगेट गेट उदय भानगेट, भीलवाड़ा, जहाजपुर मार्ग के बाजार सहित सभी मुख्य बाजारों के प्रतिष्ठान व्यवसायियों ने बंद रख कर शाहपुरा बंद का समर्थन करते दिखाई दे रहे है। बंद के दौरान चाय की थड़ी, हाथ ठेला छोटे व्यवसाई भी बंद के समर्थन में उतरे। संघर्ष समिति सहित आमजन बंद के दौरान सड़को पर उतरते हुए विरोध प्रदर्शन कर बाजारों, गली मोहल्ले में वाहन रेलियों निकाल रहे है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने बाजारों, चौराहों पर मोर्चा संभाल रखा है। थानाधिकारी सुरेश चंद्र, एसआई बालकिशन शर्मा अगल अलग जाप्ते के साथ वाहन से निकलते हुए लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करते दिखे।

## मंदिर के बाहर खड़ा गंदगी से भरा ऑटो ट्रिपर बना भक्तों की परेशानी का कारण



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा नगर परिषद का एक ऑटो ट्रिपर जो गंदगी और कचरे से पूरी तरह भरा हुआ है, बीते कुछ समय से रिलायंस पंप के पास शिव मंदिर एक प्रमुख मंदिर के बाहर खड़ा हुआ है। वाहन के सड़ने की स्थिति में होने और उससे उठती बदबू के कारण स्थानीय श्रद्धालु और आमजन बुरी तरह परेशान हैं। भक्तों का कहना है कि मंदिर एक पवित्र स्थान है और वहां स्वच्छता और शुद्धता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। ऐसे में कचरे से भरे वाहन का मंदिर के बाहर खड़ा रहना न केवल आस्था का अपमान है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बन रहा है। स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से इस मुद्दे को गंभीरता से लेने और जल्द से जल्द गंदगी हटाकर ट्रिपर को वहां से हटवाने की मांग की है। अगर समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो जनता को मजबूर होकर विरोध प्रदर्शन करना पड़ सकता है।

## राजकीय छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए जिले में संचालित राजकीय और अनुदानित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अर्पित जैन ने बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्र-छात्राएं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया 16 मई, 2025 से शुरू हो गई हैं।

उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार, आवेदन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की वेबसाइट सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकते हैं। आवेदन के लिए विद्यार्थी का राजस्थान का मूल निवासी होना अनिवार्य है, साथ ही परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 21 राजकीय, 2 अनुदानित छात्रावास और 1 राजकीय देवनारायण बालिका आवासीय विद्यालय संचालित हैं। इन छात्रावासों में छात्रों के लिए कुल 1115 और बालिका आवासीय विद्यालय में 280 छात्राओं के प्रवेश की क्षमता है।

## रोटरी क्लब के रक्तदान शिविर में 70 यूनिट स्वैच्छिक रक्त संग्रह

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** रोटरी क्लब कोटा एवं रामाह फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जनसहभागिता से सम्पन्न इस शिविर में कुल 70 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो समाज के प्रति जागरूकता और सहयोग की भावना को दर्शाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब अध्यक्ष श्री मुकेश व्यास ने की, वहीं रामाह फिनसर्व प्रा. लि. के संस्थापक श्री मुकेश चौधरी, क्लब कोषाध्यक्ष जयंत उपाध्याय , संदीप अग्रवाल चांदीवाला , दीपक मेहता सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने भी सक्रिय भागीदारी करते हुए रक्तदान कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। क्लब अध्यक्ष मुकेश व्यास ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि रक्तदान केवल एक मुहिम नहीं, बल्कि जीवनदान का पुनीत कार्य है। इस माध्यम से हम किसी भी जरूरतमंद को कठिन




समय में नई जिंदगी देने का अवसर प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम संयोजक मुकेश चौधरी ने बताया इस अवसर पर श्री राजेश कृष्ण बिरला भी उपस्थित रहे। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया और इस परंपरा को आगे बढ़ाने की अपील की। सभी रक्तदाताओं से भेंट कर उन्हें स्मृति-चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

यह रक्तदान शिविर रामाह फिनसर्व की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस शिविर में सभी रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपनी जिम्मेदारी निभाई और रक्तदान के महत्व को समझते हुए इस पुनीत कार्य में भाग लिया।

## महात्मा गांधी राजकीय विधालय का 10 वी बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा



अशनूर अंसारी 90.00% | अनुष्का कंवर 89.67% | तन्वी लड्ढा 88.00%

बढ़ता राजस्थान

**सरवाड़-अजमेर ( इक़बाल अहमद )।** सरवाड़ स्थित पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय विजय द्वार का 10वी बोर्ड का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य दीपक गौड़ से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में इस सत्र का कक्षा 10 वी बोर्ड का परिणाम गुणात्मक और मात्रात्मक दृष्टि से काफी अच्छा रहा। गौड़ ने सभी सफल होने वाले छात्र छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही परीक्षा प्रभारी मोहम्मद आरिफ मंसूरी ने बताया कि इस वर्ष कक्षा 10 में 39 विद्यार्थी बैठे जिसमे 34 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए, 3 द्वितीय श्रेणी से और 2 तृतीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए ।विद्यालय में 90त्न अंक प्राप्त कर कर विद्यालय में प्रथम स्थान अशनूर अंसारी पुत्री नूर मोहम्मद ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान अनुष्का कंवर पुत्री हिम्मत सिंह ने प्राप्त किया इसने 89.67त्न प्रतिशत अंक प्राप्त किए वहीं तन्वी लड्ढा पुत्री दिनेश कुमार लड्ढा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसने 88.00त्न अंक प्राप्त किए। अच्छा परिणाम रहने पर विद्यालय में खुशी की लहर है।

## कबीर जी फुलिया : स्वस्ति धाम जैन मंदिर में डेढ़ करोड़ की चोरी का पुलिस ने किया खुलासा - दो आरोपी गिरफ्तार, एक बाल अपचारी निरुद्ध

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के जहाजपुर के स्वस्ति धाम जैन मंदिर में 22 मई की मध्यरात्रि हुई डेढ़ करोड़ रुपये की बहुमूल्य धातु चोरी की वारदात का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि से संघर्षरत बालक को निरुद्ध किया गया है। मंदिर से चोरी गया सोने-चांदी से निर्मित सूर्याकार भामंडल, कछुआ व श्री यंत्र मंदिर की मूर्ति का हिस्सा था और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण था।

23 मई 2025 को मंदिर समिति के मंत्री पारस कुमार जैन (उम्र 50 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 22 मई की रात 12 से 1 बजे के बीच एक अज्ञात व्यक्ति ने श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में सेंधमारी कर लगभग 1305 ग्राम सोने व 3 किलो चांदी से निर्मित मूर्ति का भामंडल, कछुआ व श्री यंत्र चोरी कर लिया। पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो गई थी।

मामला अत्यंत संवेदनशील और धार्मिक भावना से जुड़ा होने के कारण पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश में विशेष टीमों का गठन किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राजेश आर्य, वृताधिकारी नरेन्द्र पारीक और थानाधिकारी राजकुमार की निगरानी में जांच शुरू की गई।

सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण कर आरोपी के हुलिये के आधार पर उसकी गतिविधियों की तस्दीक की गई। तकनीकी अनुसंधान और क्षेत्रीय जांच के आधार पर पुलिस ने दो अभियुक्तों राजाराम उर्फ राज (उम्र 23) एवं बलराम (उम्र 23), दोनों निवासी हीरा का बाड़ा (धोवड़ा), थाना दबलाना, जिला बूंदी को गिरफ्तार किया। साथ ही एक विधि से संघर्षरत बालक को भी निरुद्ध किया गया है।

### पुलिस की तत्परता से मिली सफलता

जैन समाज और स्थानीय नागरिकों में इस चोरी को लेकर भारी आक्रोश था। पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से न सिर्फ आरोपियों की गिरफ्तारी हुई, बल्कि जनता में विश्वास भी बढ़ा है।



# मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश, 5 जून तक सभी व्यवस्थाए पूरी करने के आदेश



बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, ( राजेश खारड़ू )।** मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्टर श्री काना राम की अध्यक्षता में अहम समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि इस वर्ष मानसून सामान्य से बेहतर रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार पिछले वर्ष की तुलना में 106 फीसदी वर्षा होने का अनुमान है। ऐसे में पूरी सतर्कता और सजगता से पूर्व तैयारिया करनी होगी। खासतौर पर घग्घर नदी में संभावित अधिक जल आवक को ध्यान में रखते हुए तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव की समस्या वाले स्थानों की सूची बनाकर त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2023 में घग्घर में बाढ़ की आशंका के बावजूद बेहतरीन प्रबंधन किया गया था। इस बार भी इससे बेहतर तैयारी अपेक्षित है। उन्होंने घग्घर के पटड़ों का निरीक्षण कर जहां ज़रूरी हो वहां उन्हें पक्का करवाने, झाड़ियाँ हटवाने तथा आवश्यकता अनुसार ग्रेवल सड़कें स्वीकृत कराने को कहा। 5 जून तक अवैध व अस्थायी बंधों को हटाने का निर्देश देते हुए एसडीएम को अधिकारियों को निगरानी कार्य सौंपने की बात कही। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए, सूचना तंत्र मजबूत रखे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों व निवासियों से संवाद बनाए रखें और तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। बाढ़ नियंत्रण हेतु बालू भरे कट्टे समय पर तैयार रखें और डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान को अपडेट किया जाए।

आपदा से निपटने हेतु जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, चिकित्सा एवं सिविल डिफेंस विभागों को 5 जून तक भारत सरकार के पोर्टल पर अपने संसाधन अपडेट करने के निर्देश दिए गए। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों, विशेष रूप से जलभराव प्रभावित इलाकों में 10 जून तक नालों की सफाई पूरी करवाने के निर्देश एसडीएम को दिए गए। अधिकारी टीम बनाकर समयबद्ध निरीक्षण करें। जिला कलेक्टर ने जर्जर व क्षतिग्रस्त भवनों का 5 जून तक आंकलन कर रेड मार्किंग करने और निजी जर्जर भवनों को लेकर नोटिस जारी करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि इस मानसून में किसी भी प्रकार की दुर्घटना नहीं होनी चाहिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री हरि शंकर, एडीएम श्री उम्मेदी लाल मीना, जिला परिषद सीईओ श्री ओपी बिश्नोई सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# शहरी मनरेगा कार्य में चल रहा घोटाला, तहसीलदार के निरीक्षण में मिली खामियां

## कलेक्टर के निर्देश पर जांच करने पहुंचे अधिकारी को नहीं मिले पंजीकृत संख्या में श्रमिक

### कार्य में भी मिली लापरवाही,12 दिन के काम में मौके पर कुछ नहीं,

बढ़ता राजस्थान





**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी शहर में नगर पालिका द्वारा चलाई जा रही शहरी मनरेगा योजना के कार्यों में बड़ा घोटाला निकल कर सामने आ रहा है। शहरी मनरेगा के कार्य के तहत जिन स्थानों पर मस्टरोल लगाकर कार्य किया जा रहा है। उसकी जांच में यह तथ्य सामने आया है। जिला कलेक्टर के निर्देश पर तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल ने शहर के बसेड़ी रोड़ स्थित कृषि उपज मंडी पहुंच जब मनरेगा कार्यो की जांच की तो वहां मस्टरोल के अनुसार आधे श्रमिक भी नहीं मिले। साथ में मौके पर चल रहे कार्य में भी कोई गुणवत्ता दिखाई नहीं दी। ऐसे में तहसीलदार द्वारा पूरे मामले की रिपोर्ट तैयार की गई है जिसे कलेक्टर को भेजा जाएगा।

तहसीलदार उत्तमचंद बंसल ने बताया कि जिला कलेक्टर के निर्देश पर शहरी मनरेगा के कार्यों का औचक निरीक्षण किया है। जिसमें 6 स्थान में से चार स्थानों पर उन्होंने अभी तक कार्यों की जांच की है जहां मौके पर ना तो मस्टरोल के अनुसार श्रमिक पाए गए हैं ना ही कार्य में कोई गुणवत्ता या प्रगति दिखाई दी है। तहसीलदार ने बताया कि शहर की कृषि उपज मंडी में चल रहे कार्य में कुछ ही श्रमिक मौके पर मिले हैं। पिछले 12 दिन से शहरी मनरेगा का यह कार्य चल रहा है लेकिन कार्य में कोई गति दिखाई नहीं दे रही। ऐसे में लग रहा है कि यहां कार्य हुआ ही नहीं है। पूरे मामले की जांच कर जिला कलेक्टर को रिपोर्ट भेजी जाएगी। कृषि उपज मंडी में जांच से पूर्व तहसीलदार द्वारा महाराणा प्रताप खेल मैदान और दो अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया गया है।

नगर पालिका के पार्षद और प्रतिनिधि जसवंत सिंह, ग्याप्रसाद कुशवाहा और अरविंद सिंह सहित कुछ अन्य पार्षदों ने आरोप लगाया है कि मस्टरोल के कार्य में घोटाला हो रहा है।

मौके पर ना तो लेवर लगाई जा रही और ना ही कोई कार्य हो रहा है। जिसके पीछे मनरेगा ऑफिस के कर्मचारी और नगर पालिका के अधिकारी हैं। जिनकी मिलीभगत से यह पूरा घोटाला हो रहा है। पार्षदों का आरोप यह भी है कि पूर्व में उनसे विभिन्न वार्डों में कार्य कराने को लेकर प्रत्येक पार्षद से 70 हजार रुपए की रिश्वत जिले के एक बड़े अधिकारी के नाम से ली गई लेकिन आज तक उनके वार्ड में कोई कार्य नहीं दिया या किया गया।

# नप ने 5 बीघा पर काटी अनधिकृत कॉलोनी में की कार्रवाई, रास्ते काटे

## जमीन के मालिकाना हक के बारें में की जा रही जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** मंगलवार को नगर परिषद ने पुराना शहर स्थित शैतानपुरा के नजदीक लगभग 5 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अनधिकृत कॉलोनी के पक्के रास्ते को काट दिया।

यहां बिना मंजूरी के 15 फुट सीसी रोड का निर्माण कर दिया था, साथ ही अवैध रुप से सीवर लाइन भी डाल दी। जिसके चेंबर सड़क पर थे।

जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार को अवैध रेता परिवहन की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। रेता माफिया, नगर परिषद के नाले को पाट कर ट्रैक्टर-ट्रॉली निकालने के लिए रास्ता बना रहे थे। पुलिस ने रेड मारी तो मौके पर जगह जगह रेता स्टॉक मिला। इस सूचना पर नगर परिषद की टीम भी पहुंची थी। तब नाले से थोड़ी दूरी पर पक्का रास्ता मिला। जांच करने पर अनधिकृत कॉलोनी विकसित करने की बात सामने आई। नगर परिषद की टीम ने गौशाला कॉलोनी में

आम रास्ते को घेरकर बनी अवैध दीवार को भी हटाया। जेसीबी से ध्वस्त कराया गया और आम रास्ते को उसका पुराना स्वरुप दिया गया। इसके साथ ही 100 फुटा रोड पोखर कालोनी मं एक मकान स्वामी ने 20 साल पुराने रास्ते पर कब्जा कर रखा था। जिसे पूरी तरह बंद कर दिया गया था। रास्ते पर पक्का निर्माण करा लिया गया था।

जिसे नगर परिषद ने जेसीबी से ध्वस्त कराया है। इसके साथ ही शारदे स्कूल के खिलाफ भी अतिक्रमण की कार्रवाई की गई है। स्कूल के पिलर अवैध तरीके से बनाए गए थे, जिन्हें ध्वस्त किया गया है। नगर परिषद आने वाले दिनों में कई कार्रवाई करने वाली है, जिसका उद्देश्य मुख्यत शहर को जलभराव मुक्त और जाम मुक्त बनाना है। मौके पर स्टॉक कर रखी रेता को लेकर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। अनधिकृत कॉलोनी पर कार्रवाई करने के लिए आयुक्त अशोक शर्मा टीम के साथ मंगलवार को मौके पर पहुंचे ।

आयुक्त ने बताया कि निर्माणकर्ता ने नगर परिषद से बिना मंजूरी लिए 15 फुट चौड़ा और लगभग 800 मीटर लंबा पक्का रास्ता बना लिया था। जिसमें प्लाटिंग की तैयारी चल रही थी। नगर परिषद ने जेसीबी से पूरे रास्ते को ध्वस्त कराया है। कॉलोनी कौन विकसित करा रहा था इसका पता लगा रहे हैं। जमीन के मालिकाना हक की भी जांच कराई जा रही है।

# जिले में औद्योगिक विकास पर फोकस, उद्योग विभाग की योजनाओं पर हुई विस्तृत कार्यशाला

## राज्य की आठ प्रमुख नीतियों की दी गई जानकारी दी, निवेशकों को मिलेगा लाभ

बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, ( राजेश खारड़ू )।** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र की ओर से बुधवार को औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत में राज्य सरकार की विभिन्न औद्योगिक नीतियों की जानकारी दी गई। कार्यशाला में एमएसएमई पॉलिसी 2024, एक जिला एक उत्पाद नीति 2024, इंटीग्रेटेड क्लस्टर डवलपमेंट पॉलिसी, राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी 2024, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2025, टेक्सटाइल एंड अपैरल पॉलिसी 2025, डाटा सेंटर पॉलिसी 2025 एवं राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 जैसे आठ प्रमुख नीतिगत प्रावधानों को विस्तार से समझाया गया।

कार्यशाला में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के संयुक्त निदेशक श्री धर्मेंद्र पुनिया मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा घोषित नीतियां उद्यमियों के लिए एक सुनहरा अवसर हैं। इन नीतियों के तहत दी जा रही रियायतें, अनुदान, टैक्स में छूट और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सहायता से न केवल स्थानीय उद्योगों को गति मिलेगी, बल्कि युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। उन्होंने %एक जिला एक उत्पाद% नीति के तहत हनुमानगढ़ में कृषि-आधारित प्रसंस्करण इकाइयों की संभावनाओं पर विशेष जोर दिया। जिला उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती आकाशदीप सिद्ध ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से जिले में औद्योगिक माहौल को मजबूत किया जाएगा।

इस अवसर पर उप निदेशक राजस्थान कृषि विपणन बोर्ड श्री डीएल कालवा, सचिव कृषि उपज मंडी समिति श्री सीएल वर्मा, रीको के आरएम श्री आरके श्रीवास्तव, वाणिज्य कर अधिकारी श्री राजूराम गोदारा, उद्योग समिति अध्यक्ष श्री सुरेंद्र सिंगला, सीए एसोसिएशन के प्रतिनिधि, विभिन्न बैंकर्स, उद्यमी और राजीविका से जुड़ी महिलाए भी शामिल थी।

# सैनिकों के सम्मान में भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली सिंदूर यात्रा



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सुरक्षा नीति, सैन्य पराक्रम और निर्णायक नेतृत्व का नया मानक स्थापित किया है। इस गौरवशाली सफलता ने केवल हमारे दुश्मनों को करार जवाब नही दिया, बल्कि देशवासियों में एक नई राष्ट्रीय चेतना जाग्रत की है। इस ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में वीर सशस्त्र बलों की बलिदान, बहादुरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अग्रिम नेतृत्व को सम्मानित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी अभियान आरंभ किया गया। यात्रा में भाजपा महिला मोर्चा जिला संयोजक कल्पना शर्मा, सिंदूर यात्रा संयोजक शिप्रा गर्ग, सहसंयोजक शशि त्यागी, ललिता यादव रश्मि गौड, मंजू शेखावत, मोना, गुड्डी, कोमल, मीरा, नेहा राघव, नर्मदा सिंह, अनुपमा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं।

# धौलपुर में सिलिकोसिस मरीजों का फर्जीवाड़ा : 106 लोगों को झूठा प्रमाण पत्र, एक्सरे और जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में सिलिकोसिस बीमारी के नाम पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। जिला क्षय निवारण केंद्र के कर्मचारियों ने 109 लोगों को सिलिकोसिस से पीड़ित बताकर प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। सीएमएचओ डॉ. धर्म सिंह मीणा को जब इस मामले की जानकारी मिली, तो उन्होंने जांच शुरू की। जांच में पता चला कि जनवरी से मार्च 2025 के बीच रोजाना 25 से 35 मरीज सिलिकोसिस के आ रहे थे। यह संख्या सामान्य से कहीं अधिक थी, क्योंकि पहले केवल 2-5 मरीज ही आते थे।

जांच में एक और चौंकाने वाला तथ्य सामने आया। 106 मरीजों के एक्सरे के ओपीडी नंबर तो धौलपुर अस्पताल के थे, लेकिन एक्सरे बाहर से कराए गए थे। रेडियोग्राफर से ओपीडी नंबर लिए जा रहे थे और मरीजों की अन्य जांचें भी दूसरी जगहों से की जा रही थीं। इस घोटाले की जानकारी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को दी गई है। स्वास्थ्य विभाग को भी रिपोर्ट भेजी गई है। फर्जी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले 106 लोगों के खिलाफ कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया गया है। विभाग अब इस मामले की गहन जांच कर रहा है।

# अज्ञात वाहन ने दंपती को मारी टक्कर, पति की मौत, पत्नी घायल सहजपुर गांव की घटना

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** मंगलवार दोपहर को शादी समारोह के लिए सामान की खरीददारी करने बाइक से धौलपुर आ रहे दंपती को सहजपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयसिंह उम्र लगभग 30 वर्ष पुत्र राजेंद्र सिंह तोमर निवासी चीलपुरा पत्नी ज्योति के साथ बाइक पर सवार होकर अपने गांव से धौलपुर आ रहा था। जयसिंह की साली की शादी 30 मई को चौधरीपुरा में होनी है। इसी सिलसिले में दोनों कपड़े व सामान खरीदने घर से निकले थे। सहजपुर गांव के पास अचानक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में जयसिंह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी ज्योति गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल ज्योति को तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

# गोशाला रास्ते पर कीचड़ व गड्डे परीक्षार्थियों को होगी परेशानी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शहर में अधिकांश कॉलोनियों में सीवरेज के चैंबरों से निकलने वाले गंदा पानी से जलभराव की समस्या बनी हुई है। वही शहर की गउशाला कॉलोनी में वनस्थली स्कूल को जाने वाले रास्ता में सीवरेज का गंदा पानी भरा होने से जहां कॉलोनी के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वही स्कूल आने जाने वाले बच्चे एवं अभिभावक भी परेशान है। स्कूल संचालक हरिओम तोमर ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है लेकिन परिषद की ओर से इस ओर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्कूल में डीएलएड परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें बच्चे परीक्षा देने के लिए पहुंचेंगे ऐसे में रास्ता में कीचड़ एवं गड्ढे होने से परीक्षार्थियों के साथ ही स्टफ को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने परीक्षा से पहले रास्ता को ठीक कराने की नगर परिषद से मांग की है। जिससे बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

# संस्कार केंद्र दर्शन के अवसर पर सिखाएं कई प्रकार के हुनर

रावतभाटा (नि.स.)। विद्या भारती शिक्षा संस्थान कोटा द्वारा संचालित श्री राम बाल विद्या मंदिर उच्च प्राथमिक भैंसरोडगढ़ के बाबा रामदेव सरस्वती संस्कार केंद्र हनुमान बस्ती के दर्शन के अवसर पर जिला संस्कार केंद्र प्रमुख बाल कृष्ण सुमन द्वारा भैया बहनों को कई सारे हुनर बताए गए जिसमें गिनती से पहाडे बनाना, गीत ,कविता के हाव भाव करते समय दृष्टि हाथों के इशारों के साथ चले ऐसा भी बताया गया पेंसिल से चित्र बनाकर उन पर रंग का सेड कैसे करें यह भी बातचीत की गई द्य इस प्रकार के समय अनुसार हमें अपनी सुरक्षा कैसे करनी चाहिए यह भी भैया बहनों को विस्तार पूर्वक बताया गया तथा दो, तीन गीत कविताएं बुलवाई गई तथा दीप मंत्र का अभ्यास करवाया गया।

# माहवारी स्वच्छता एवं एनीमिया जागरूकता पर तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

## राजकीय कन्या महाविद्यालय पीलीबंगा में जिला स्तरीय कार्यशाला, विशेषज्ञों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी




बढ़ता राजस्थान

**हनुमानगढ़, ( राजेश खारड़ू )।** विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग द्वारा तीन दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजनान्तर्गत इस कार्यक्रम का समापन बुधवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय पीलीबंगा में जिला स्तरीय कार्यशाला के रूप में किया गया। कार्यशाला में कॉलेज की छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, शिक्षकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम में यूनाइटेड नेशंस पॉपुलेशन फंड के तकनीकी सहयोग से तैयार मार्गदर्शिका के माध्यम से छात्राओं को माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीमती सरिता अरोड़ा ने बालिकाओं को बताया कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है, जिसे समझना, स्वीकारना और स्वच्छता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने माहवारी के समय सावधानी, स्वच्छता के उपाय, सैनिटरी पैड और अन्य सामग्री के उपयोग तथा सुरक्षित निस्तारण की विधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में एनीमिया रोग विशेषज्ञ डॉ. श्री हरिओम बंसल ने छात्राओं को एनीमिया (रक्त की कमी) के कारण, लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में जागरूक किया। उन्होंने प्रश्नोत्तर के माध्यम से बालिकाओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया और आयरन युक्त आहार को जीवनशैली में शामिल करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में पौष्टिक भोजन और नियमित स्वास्थ्य जांच से एनीमिया पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी श्री पूर्णराम ने छात्राओं को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए बेटा-बेटी में समानता को समाज में स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वस्थ और शिक्षित बेटियां ही भविष्य की सशक्त नींव हैं। सहायक निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग श्री जगदीश चौधरी ने कालीबाई भील उड़ान योजना सहित विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की और बालिकाओं को इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. कृष्णा पैसियां ने किया। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारी, सखी-वन स्टॉप सेंटर व पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र, डिस्ट्रीक्ट हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन तथा कॉलेज के शिक्षक व कार्मिक उपस्थित रहे।

# एक दिन की सीईओ बनी नेहा - बालिका शिक्षा और संविधानिक चेतना का प्रेरणास्रोत

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( नि.स. )।** चन्द्रंज्योति अभियान के तहत एक दिन की सीईओ बनने का अवसर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पचगांव, धौलपुर की कक्षा 11वीं की छात्रा नेहा को प्राप्त हुआ। यह अवसर उसे भारतीय संविधान पर आयोजित जिला स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में विजेता स्थान प्राप्त करने पर मिला, जिसमें जिलेभर के रोल प्ले विजेता विद्यार्थियों ने भाग लिया था। नेहा ने आज जिला परिषद कार्यालय का दौरा किया और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ, आईएएस के साथ दिनभर प्रशासनिक गतिविधियों का अनुभव लिया। उन्होंने राजीविका स्वयं सहायता समूह की बैठक में भाग लेकर महिलाओं की समस्याएं सुनीं, उनके आत्मविश्वास और समूहों के नवाचारों को समझा। साथ ही, टीम के अन्य सदस्यों से संवाद कर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी ली। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जी ने नेहा से संवाद किया और उसके आत्मविश्वास, दृष्टिकोण और नेतृत्व कौशल की सराहना करते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं।

इस पहल ने नेहा को न केवल संविधान की व्यवहारिक समझ दी, बल्कि उसके भीतर देश सेवा का सपना और अधिक सशक्त किया। चन्द्रंज्योति अभियान का उद्देश्य बाल संसद के माध्यम से संविधानिक जागरूकता को विद्यार्थियों के जीवन में आत्मसात करना है। यह केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक आंदोलन है — जो शिक्षा विभाग, जिला प्रशासन और विद्यालयों के सहयोग से गाँव-गाँव तक पहुँच रहा हैं।

# पतंजलि परिवार ने शुरू की अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियां

## बड़े स्तर पर होगा,योग दिवस का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)** । पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के तत्वावधान में पतंजलि परिवार द्वारा इस वर्ष 21 जून 2025 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन गौतम शिक्षण संस्थान, भीलवाड़ा के प्रांगण में बड़े स्तर पर किया जाएगा।इस आयोजन की तैयारियाँ पतंजलि परिवार के संरक्षक भूपेंद्र मोगरा और गोविंद सोडानी के निर्देशन में प्रारंभ हो चुकी हैं। शहर में योग दिवस के सफल आयोजन हेतु विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योगाभ्यास शिविरों की शुरुआत की गई है। मुख्य योग शिक्षक एवं भारत स्वाभिमान न्यास के जिला महामंत्री प्रेम शंकर जोशी के नेतृत्व में यह अभ्यास प्रारंभ हुआ है। गौतम शिक्षण संस्थान में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी भंवरलाल शर्मा और युवा प्रभारी पीयूष शर्मा द्वारा कृषि उपज मंडी के सामने शिविर लगाया गया है। ग्रामीण हाट प्राइवेट बस स्टैंड पर दुर्गालाल जोशी, शिवाजी गार्डन में महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी नीरा मेहता, गायत्री शक्तिपीठ में प्रदीप कुमार शर्मा, सेलिब्रेशन पार्क गांधी नगर में प्रकाश सुराणा, हनुमान मंदिर बापूनगर में लक्ष्मी नारायण जोशी, स्मृति वन में योगेंद्र कुमार सक्सेना, नीम के बालाजी पंचवटी में गोपाललाल सेन, और स्वाध्याय भवन आजाद नगर में अनिल कोठारी द्वारा योग दिवस के प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास शुरू करवा दिया गया है।इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त स्थानों में से अपने निकटतम स्थान पर प्रातः 6 से 7 बजे तक पहुँचकर निःशुल्क योग अभ्यास में भाग ले सकते हैं।

भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी भीमाराम और कोषाध्यक्ष रजनीकांत आचार्य ने जानकारी दी कि जिले में योग के विस्तार हेतु गौतम शिक्षण संस्थान में 25 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया गया है, जो प्रभारी प्रभाकर चतुर्वेदी के निर्देशन में संचालित हो रहा है। इच्छुक व्यक्ति पंजीकरण कर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं तथा प्रशिक्षण उपरांत प्रमाण पत्र प्राप्त करेंगे।

# जिला परिषद की साधारण बैठक में जिला कलेक्टर केउपस्थित नहीं रहने से नाराज हुवे जनप्रतिनिधि

## आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से हों निस्तारण-जिला प्रमुख

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला प्रमुख ने जिला परिषद सदस्यों की समस्याएं सुनते हुए उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें दूर किया जाएं।

बैठक में हिण्डोली विधायक अशोक चांदना ने विद्युत व जल आपूर्ति सहित विभिन्न विभागों से संबंधित जन समस्याओं की बात रखते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। चांदना ने कहा कि जब से भजनलाल सरकार बनी है तब से राजस्थान में भ्रष्टाचार अधिक होने लगे हैं, और सबसे ज्यादा बूंदी में भ्रष्टाचार अधिक हो रहे हैं।

कांग्रेस के पांच जन प्रतिनिधियों पर झूठी रिपोर्ट बनाने पर पेश करने वालों अधिकारियों पर होगी कांग्रेस सरकार बनने पर होगी सख्त कर्यवाही

अशोक चांदना ने कहा कि जिले के पांच कांग्रेस जन प्रतिनिधियों को झूठी रिपोर्ट के आधार पर हटाया गया, उन अधिकारियों और कर्मचारियों की खेर नहीं जिन्होंने झूठी रिपोर्ट पर साइन कर उनको हटाने में सहयोग किया कांग्रेस सरकार आने पर इस पर पूर्ण रूप से जांच होगी और दोषी पाए जाने पर उन सब अधिकारी व कर्मचारियों पर होगी सख्त कार्यवाही। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले में करवाए जा रहे विकास कार्यों में वांछित वन विभाग की स्वीकृतियां प्राप्त होने से विकास कार्यों को गति मिलेगी। जब से भजन लाल की सरकार राजस्थान में बनी है तब से भ्रष्टाचार परचम पर है, और बूंदी में सबसे अधिक भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है।

### जिला कलेक्टर का साधारण बैठक में उपस्थित नहीं रहने से जनप्रतिनिधि हुवे नाराज

जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा बुधवार की साधारण बैठक में उपस्थित नहीं होने से जनप्रतिनिधियों में रोष देखने को मिला , इस पर अशोक चांदना ने भी कहा कि यह सब जनप्रतिनिधियों का अपमान है। मीटिंग पहले से ही तय हो चुकी थी। उनका रहना जरूरी था। जिला कलेक्टर के डी ए की कोटा मीटिंग में गए हैं वहां मात्रा जिले के 16 गांव पर चर्चा है मगर यहां पूरे जिले की समस्याओं पर चर्चा है। उनको इस मीटिंग में रहना चाहिए उनके यहां नहीं रहना समस्त जनप्रतिनिधि का अपमान करना है, भविष्य में आगर जिला कलेक्टर बैठक में नहीं रहेंगे तो समस्त जनप्रतिनिधि जो निर्णय लेंगे वह



मंजूर होगा।

जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक में महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा कर अनुमोदन किया गया। साथ ही वर्ष 2025-26 की जिला पंचायत विकास योजना का अनुमोदन भी किया गया।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों की विभिन्न समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों को त्वरित गति से पूर्ण करें और सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलवाना सुनिश्चित करें।

बैठक में नैनवां प्रधान पदम नागर, तालेडा प्रधान राजेश रायपुरिया, केशवरायपाटन प्रधान वीरेन्द्र सिंह हाडा, हिण्डोली प्रधान कृष्णा माहेश्वरी, जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आशावत, पुरूषोत्तम शर्मा, प्रशांत मीणा अन्य जिला परिषद सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहें।

# गोराजी का निंबाहेड़ा ग्राम का मेधावी छात्र भावेश रेगर 10वीं में 95.83 अंकों से उत्तीर्ण

## क्षेत्रवासियों एवं परिजनों में भावेश की उपलब्धि से हर्ष व्याप्त

बढ़ता राजस्थान



**कपासन( नि.स. )।** क्षेत्र के गोराजी का निंबाहेड़ा ग्राम निवासी पंचर व्यवसायी ओमप्रकाश रेगर के सुपुत्र भावेश रेगर द्वारा 10वीं कक्षा में 95.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने पर क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है। जानकारी अनुसार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गौराजी का निंबाहेड़ा में अध्ययनरत छात्र भावेश रेगर द्वारा बुधवार को जारी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में यह उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि छात्र भावेश रेगर विद्यालय बाद अपने पिता जी के साथ पंचर की दुकान पर सहयोग तथा माता रेखा रेगर को कृषि खेती कार्य में सहयोग करता है।छात्र भावेश स्काउट गाइड में रुचि रखता है।यहां मेधावी छात्र भावेश रेगर की उक्त उपलब्धि से स्थानीय विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।

# हरियाणा में राष्ट्रीय कुश्ती में जीता भीलवाड़ा की खुशी जाट ने रजत पदक

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)** । हरियाणा के पलवल शहर स्थित सुभाष चंद्र स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय सब-जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में भीलवाड़ा की केसरी नंदन व्यायामशाला (टंकी के बालाजी) की महिला पहलवान ने रजत पदक जीतकर न सिर्फ भीलवाड़ा, बल्कि पूरे राजस्थान का नाम देशभर में रोशन किया है। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद एवं केसरी नंदन व्यायामशाला के अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रशिक्षक जगदीश जाट से प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला पहलवान खुशी जाट ने 73 किलोग्राम वजन वर्ग में भाग लेकर रजत पदक राजस्थान के नाम किया।खुशी जाट की इस उपलब्धि पर राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष श्री राजीव दत्ता और सचिव श्री उम्मेद सिंह झांझरिया ने फोन पर पहलवान से वार्ता कर बधाई दी। साथ ही समस्त कुश्ती संघ परिवार और केसरी नंदन व्यायामशाला के संरक्षक राधेश्याम बाहेड़िया, अध्यक्ष सुवालाल जाट, सचिव अरुण शर्मा, कोषाध्यक्ष महेश पांडे, नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, भारतीय रेलवे के पहलवान रतनलाल जाट, छोटूलाल माली, धनराज माली, जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के जिला युवा अध्यक्ष रतनलाल सुथार, भेरू पटेल, विष्णु पहलवान, रतनलाल (आरटीओ एजेंट), नरेंद्र जाट, शंकरलाल जाट एवं सह प्रशिक्षक मुकेश जाट, नवीन मारू सभी ने पदक विजेता को शुभकामनाएं और बधाइयाँ दीं।

# प्रयास दिवस पर जे सी आई बूँदी ऊर्जा द्वारा जागरूकता सत्र आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** प्रयास दिवस के अवसर पर जेसीआई बूंदी ऊर्जा द्वारा एक विशेष जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ. मोबीन अख्तर ने महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. अख्तर ने अपने सत्र में पैड के सही उपयोग, सुरक्षा जागरूकता और मासिक धर्म को एक प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म कोई शर्म की बात नहीं है और हर महिला को इसे अपनी गरिमा और नारीत्व का हिस्सा समझना चाहिए। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर प्रकाश डाला कि पैड को हर 4 घंटे में बदलना कितना महत्वपूर्ण है ताकि संक्रमण से बचा जा सके। डॉ. अख्तर ने सभी उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों या घर की छोटी बच्चियों को भी इस बारे में जागरूक करें। इस अवसर पर, जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने सैनिटरी पैड का वितरण किया, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद मिली। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना और महिलाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर अध्यक्ष अंशुल जैन सचिव अंकिता नवल कोषाध्यक्ष कवितानुवाल एवं डॉ. मंजू युगल आदि उपस्थित रहे।

# डग उपजिला चिकित्सालय मेहनत, लगन, समर्पण से उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं की और अग्रसर

## अब प्रसव के लिए नहीं लगाने पड़ रहे फेरे, मानसिक राहत के साथ-साथ आर्थिक राहत भी

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के डग-क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल के अथक प्रयासों से डग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जिला उप चिकित्सालय में क्रमोन्नत हुआ था जो अब उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का पर्याय माने जाने लगा है यह हॉस्पिटल अब मरीजों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है जंहा मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं शांतिपूर्ण वातावरण में मिल रही है ।

### क्षेत्रवासियो के लिए भौगोलिक परिस्थितिया प्रतिकूल

कहने को राजस्थान का अंतिम विधानसभा मुख्यालय डग है लेकिन जिला मुख्यालय से दुरी 110किमी है तीन दिशाओ से मध्यप्रदेश सीमाओं से आच्छादित है पूर्व में गंभीर, जटिल प्रसव आदि के लिए जिला मुख्यालय का सहारा लेना पड़ता था लेकिन अब गंभीर रोगों का उपचार भी विशेषज्ञ चिकित्स्कों द्वारा किया जा रहा है जटिल प्रसव भी महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्स्कों द्वारा करवाये जा रहे है जिसके चलते अब मरीजों और तीमारदारों को प्रसव के लिए फेरे नहीं लगाने पड़ रहे है और मानसिक राहत के साथ साथ आर्थिक राहत भी महसूस कर रहे है जो दबी जुबान से क्षेत्रीय विधायक कालूराम मेघवाल, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ साजिद खान और ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी सहित पूरी टीम का आभार व्यक्त करते है जिनकी टीम मेहनत लगन और समर्पण भावनाओं से उप जिला चिकित्सालय को उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं की और अग्रसर कर रहे है

### *विशेषज्ञ चिकित्स्कों की उपलब्धता*

डग उप जिला चिकित्सालय में इन दिनों 7चिकित्स्क है जिनमे वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास जैन,डॉ राममनोहर कुशवाह एमडी, डॉ पन्नालाल शर्मा महिला रोग विशेषज्ञ, डॉ रजनी मीणा डेंटिस्ट, डॉ अमीन खान एनेस्थसिया विशेषज्ञ, डॉ बालकृष्ण जिंदल चिकित्सा अधिकारी, डॉ हरी किशन वर्मा आयुर्वेद चिकित्सक आदि शामिल है जो मरीजों को व्यवस्थित परामर्श, बेहतर इलाज



और देखभाल प्रदान करते है जिससे क्षेत्रवासी लाभान्वित हो रहे है

### *सुव्यवस्थित व आधुनिक इमरजेंसी यूनिट*

जिला उप चिकित्सालय में प्रवेश करते ही सुव्यवस्थित और आधुनिक इमरजेंसी यूनिट स्थित है जो पहले की तुलना में अधिक साफ सुथरी, सुचारु, गुणवत्तापूर्ण, आइसोलेटेड है सभी बेड पर प्रतिदिन उच्च गुणवत्तापूर्ण वाली चादर का प्रयोग किया जा रहा है मरीज व परिजन भी इस नई व्यवस्था से संतुष्ट नजर आ रहे है कई बार मरीज उपचार के बाद भी कुछ दिन और अस्पताल में रहना चाहता है जिससे चिकित्स्कों पर कार्यभार जरुर बड़ा है लेकिन सेवा की गुणवत्ता बनी हुई है सिर्फ इमरजेंसी ही नहीं ओपीडी सेवाओं में भी बदलाव किया गया नियमित रूपये से ब्लड प्रेशर, शुगर व अन्य आवश्यक जांचे भी की जा रही है ।

ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ विकास जैन ने बताया की यह सुधार मुख्यमंत्री की स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देने की नीति का एक अहम हिस्सा है आने वाले समय में इसे और आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जायेगा ताकि क्षेत्रवासियो को शत प्रतिशत स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

# जिला कारागृह भीलवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)** । माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट याचिका संख्या 1404/2023, सुकन्या शांता बनाम भारत सरकार में दिनांक 03.10.2024 को पारित आदेश तथा राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (रालसा), जयपुर के निर्देशों की अनुपालना में आज जिला कारागृह भीलवाड़ा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

इस निरीक्षण का नेतृत्व जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन ने किया। उनके साथ जेल विजिटिंग बोर्ड के सदस्य - जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विशाल भार्गव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीपी गोस्वामी, समाज कल्याण अधिकारी नूतन कुमार शर्मा, अधीक्षण अभियंता (पीडब्ल्यूडी) मनोज जोशी, जिला शिक्षा अधिकारी (विधिक) राकेश सारस्वत, जिला उद्योग अधिकारी केके मीणा, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार जैन एवं मनीष उपस्थित रहे।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश अभय जैन सहित उपस्थित सदस्यों ने जेल अधीक्षक भैरू सिंह राठौड़ एवं जेल चिकित्सक अभिषेक शर्मा से बंदियों की स्वास्थ्य स्थिति एवं चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। रसोईघर का भी निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई। महिला बैरक का निरीक्षण कर महिला बंदियों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की गई।

कारागृह में किसी विशेष जाति, धर्म, वर्ग, सामाजिक-आर्थिक स्थिति या लिंग के आधार पर कैदियों से कोई भेदभाव किया जा रहा है अथवा नहीं, इस संबंध में भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान परिसर, बैरकों की मरम्मत, पुताई एवं साफ-सफाई बनाए रखने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश जेल अधीक्षक को दिए गए। इस अवसर पर सीओ सिटी मनीष बड़गुर्जर, जेलर हीरालाल, स्वीटी स्टेला, मनोज व्यास एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# शिक्षक संघ शेखावत के प्रदेशव्यापी आंदोलन में कपासन के शिक्षक भी संघर्षरत

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** प्रदेशभर के शिक्षकों द्वारा राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के नेतृत्व में बुधवार को शिक्षकों के स्थानांतरण,स्थाई स्थानांतरण नीति,गैर-शैक्षणीक कार्यों से मुक्ति,वेतन विसंगति दूर करने,राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 समीक्षा सहित विभिन्न मांगों को लेकर नावां से शुरू पैदल मार्च रूप में भाटीपुरा ग्राम से जयपुर जिले की सीमा में प्रवेश किया गया।

उल्लेखनीय है राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत द्वारा विगत लंबे समय से प्रदेशभर के शिक्षकों संबंधी विभिन्न समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांगों को लेकर प्रयास किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा कपासन के शिक्षकगण भी शिक्षक वर्ग की




विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु संघर्षरत है।राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा कपासन मंत्री राजेंद्र यादव ने बताया कि नावां से जयपुर पैदल कूच के दूसरे दिवस बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत खराड़ी एवं चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क की अगुवाई में जयपुर पैदल कूच के प्रदेशव्यापी कार्यक्रम में कपासन ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी,राशमी ब्लॉक सहसंयोजक प्रमोद भास्कर आदि संगठन के शिक्षकों द्वारा भाग लिया गया।उक्त शिक्षको के प्रदेशव्यापी आंदोलन में विभिन्न जिलों के शिक्षको द्वारा बढ़चढकर भाग लिया जा रहा है।

# भीषण गर्मी में जलपात्रों की सफाई कर जनजागरूकता फैलाई

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)** । फूलियाकलां में भीषण गर्मी को देखते हुए टीम भगत सिंह आर्मी द्वारा विभिन्न स्थानों पर जलपात्र रखवाए गए थे, ताकि प्यासे पशु-पक्षियों और आमजन को राहत मिल सके। टीम ने संकल्प लिया था कि इन जलपात्रों की नियमित सफाई और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं उठाएगी।

इसी कड़ी में टीम भगत सिंह आर्मी के उपाध्यक्ष हर्षित तोषनीवाल ने बताया कि जलपात्रों की सफाई का कार्य टीम के सदस्यों द्वारा किया गया। इस कार्य में हर्षित तोषनीवाल, आवेश पटवा, दानिश और नौशादने सक्रिय भागीदारी निभाई।

टीम ने न केवल जलपात्रों की सफाई की बल्कि आम जनता को भी गर्मी में जल की महत्ता और सफाई के प्रति जागरूक किया। यह पहल न केवल एक सेवा भावना का परिचायक है, बल्कि समाज के प्रति जागरूकता का भी एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करती है।

# श्री शनि जयंती के अवसर पर कपासन के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली में उमड़ा श्रद्धा का ज्वार

बढ़ता राजस्थान

**कपासन( नि.स. )।** श्री शनि जयंती के अवसर पर मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर में मंगलवार को विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।साथ ही श्री शनिदेव मंदिर परिसर में महाआरती बाद पुजारियों द्वारा न्याय के देवता श्री शनिदेव का जन्मोत्सव मनाया गया।इस दौरान क्षेत्रीय सांसद सीपी जोशी,श्री शनिमहाराज मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी सहित स्थानीय व्यापारी वर्ग द्वारा कुल सात केक काटे गये।केक काटने के बाद श्रद्धालुओं द्वारा हैप्पी बर्थडे शनिदेव के जयकारे गुंजायमान रहे।श्री शनिमहाराज आली के दरबार में भक्तों एवं श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा।भक्तों में प्रसाद वितरण बाद रात्रि में रंगमंच पर भजन संध्या का आयोजन किया गया।





इस समारोह में न्यायाधीश निष्ठा पांडे,मध्यप्रदेश के कथा वाचक पं. ऋषि शास्त्री,वृंदावन धाम से पंडित बृज बिहारी पांडे,श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह चौहान, सचिव कालू सिंह चौहान,मंत्री छगनलाल गुर्जर, रुपलाल गाडरी,कालूराम लोंदा,मंदिर पुजारी कैलाश गिरी गोस्वामी,भगवान गिरी गोस्वामी,देवगिरी गोस्वामी,राहुल गिरी गोस्वामी सहित सैकड़ो भक्तों एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से मिल सकते हैं ये फायदे

आज के समय में जब हर कोई अपनी फिटनेस को लेकर अधिक सजग हो गया है तो अमूमन लोग जिम में जाकर वर्कआउट करना पसंद करते हैं। जिम में कार्डियो, योगा के अलावा स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग भी जरूर की जाती है। स्ट्रेन्थ ट्रेनिंग करते हुए वे अपने हर बॉडी पार्ट पर फोकस करते हैं। अमूमन यह देखने में आता है कि जिस दिन लोग चेस्ट वर्कआउट करते हैं, उस दिन बेंच प्रेस जरूर करते हैं। ऐसा माना जाता है कि बेंच प्रेस करने से चेस्ट की मसल्स टारगेट होती हैं। जबकि यह एक कंपाउंड एक्सरसाइज है, जिसमें एक साथ आपके शरीर की कई मसल्स इनवॉल्व होती हैं। बेंच प्रेस सिर्फ एक एक्सरसाइज से कहीं अधिक है। जो लोग अपने वर्कआउट रूटीन में बेंच प्रेस एक्सरसाइज को शामिल करते हैं, उन्हें अनजाने ही कई तरह के लाभ मिलते हैं।

## बढ़ती है अपर बॉडी स्ट्रेन्थ

बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने का सीधा फायदा आपकी अपर बॉडी को मिलता है। दरअसल जब आप इस एक्सरसाइज को परफॉर्म करते हैं तो उस दौरान शरीर के ऊपरी हिस्से की मसल्स बहुत ज़्यादा शामिल होती हैं और ऐसे में बारबेल को लिफ्ट करने से आपकी स्ट्रेन्थ भी बढ़ती है। इसके अलावा बेंच प्रेस करने से कोर स्टेबिलिटी भी इंप्रूव होती है, क्योंकि इस दौरान अनजाने में ही कोर की मसल्स शामिल होती है।

## हड्डियों को मिलता है लाभ

बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि बेंच प्रेस एक्सरसाइज करने से बोन हेल्थ पर भी पॉजिटिव असर पड़ता है। दरअसल, जब आप बेंच प्रेस करते हैं तो अपनी क्षमतानुसार वजन उठाते हैं, जिससे बोन डेंसिटी बेहतर होती है। यह ऑस्टियोपोरोसिस को रोकने में भी मददगार है। कंधे और कोहनी के आस-पास की मांसपेशियों को मजबूत करके बेंच प्रेस ज्वॉइंट्स स्टेबिलिटी को भी बेहतर बनाता है। इससे समग्र हड्डियों का स्वास्थ्य अच्छा होता है और चोट लगने का जोखिम अपेक्षाकृत कम हो जाता है।

## बेहतर होता है पोश्चर

आज के समय में शरीर में होने वाले कई तरह के दर्द व समस्याओं का मुख्य कारण खराब बॉडी पोश्चर होता है। ऐसे में आपको बेंच प्रेस का अभ्यास करन चाहिए। यह एक्सरसाइज छाती और कंधे की मसल्स को अधिक मजबूत बनाती है, जिससे आपका बॉडी पोश्चर इंप्रूव होता है और ऐसे में आपको काफी फायदा मिलता है।

## मेंटल हेल्थ को मिलता है फायदा

बेंच प्रेस करने से ना केवल आपको शारीरिक रूप से फायदा मिलता है, बल्कि यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी उतना ही फायदेमंद है। जब आप बेंच प्रेस करते हैं तो इससे कहीं ना कहीं आपका तनाव भी कम होता है। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि फिजिकल एक्टिविटी करते हुए एंडोर्फिन रिलीज होता है, यह एक नेचुरल मूड लिफ्टर के रूप में काम करता है।

## मेटाबॉलिज्म होता है बूस्ट

आपको शायद पता ना हो, लेकिन बेंच प्रेस का पॉजिटिव असर मेटाबॉलिज्म पर देखने को भी मिलता है। बेंच प्रेस एक कंपाउंड एक्सरसाइज है और इसलिए इसे करने के लिए काफी मात्रा में ऊर्जा की आवश्यकता होती है। जिससे आपके मेटाबॉलिज्म पर अच्छा असर पड़ता है। यह उन लोगों के लिए एक अच्छी एक्सरसाइज है जो वजन कम करना चाहते हैं या अपना वजन मेंटेन करना चाहते हैं।





# इन लोगों की सेहत के लिए नुकसानदेह हो सकता है बादाम का सेवन करना

मेवे का सेवन करना स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। वहीं सूखे मेवे की अपनी खासियत होती है। इसका शरीर पर विशेष प्रभाव पड़ता है। बादाम काफी ज्यादा पौष्टिक माना जाता है। लेकिन कुछ विशेष स्वास्थ्य परिस्थितियों में बादाम का सेवन आपके लिए हानिकारक साबित हो सकता है। वैसे तो बादाम की खूबियों के बारे में हम सभी भलीभांति जानते हैं। इसके साथ ही बादाम के साइड इफेक्ट्स के बारे में भी जानना बेहद जरूरी होता है। बादाम में कैल्शियम, फास्फोरस, विटामिन ई, फाइबर और एंटी ऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ऐसे में अगर आप रोजाना सीमित मात्रा में बादाम का सेवन करते हैं, तो यह आपको फायदा पहुंचाएगा। लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा बादाम का सेवन करते हैं, तो यह आपके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। हालांकि बादाम का सेवन कुछ स्वास्थ्य समस्याओं में हानिकारक माना जाता है। जिसकी जानकारी इन समस्याओं से पीड़ित लोगों को जरूर होनी चाहिए। तो आइए जानते हैं किस तरह की सेहत संबंधी परेशानियों में बादाम का सेवन करना हानिकारक साबित हो सकता है।



## हाई ब्लड प्रेशर

जिन लोगों को उच्च रक्तचाप की समस्या होती है और आप इसके लिए दवा का सेवन कर रहे हैं। तो बादाम का अधिक सेवन करना आपकी दवा के प्रभाव को बेअसर कर सकता है। क्योंकि बादाम में मैंगजीन भरपूर मात्रा पाई जाती है। बादाम की शरीर में अधिकता दवाओं के असर को बेअसर कर सकती है। वहीं बादाम में हाई कैलोरी की मात्रा हाई ब्लड प्रेशर के रोगियों के लिए समस्या खड़ी कर सकता है।

## स्टोन की समस्या

जिस व्यक्ति की किडनी में पथरी या गॉल ब्लेडर की समस्या है, तो ऐसे लोगों को भी बादाम के सेवन से बचना चाहिए। बादाम में अधिक मात्रा में ऑक्सलेट पाया जाता है, जोकि स्टोन की समस्या को बढ़ता है। इसलिए किडनी की समस्या से पीड़ित व्यक्ति को सीमित रूप में बादाम का सेवन करना चाहिए।

## पेट की समस्या

आमतौर पर सेहतमंद बने रहने के लिए रोजाना मुट्ठी भर बादाम खाने की सलाह दी जाती है। जबकि मुट्ठी भर बादाम पेट के लिए नुकसानदेह साबित हो सकता है। असल में मुट्ठी भर बादाम में 170 ग्राम फाइबर पाया जाता है। वहीं आपके शरीर को रोजाना सिर्फ 25 से 40 ग्राम फाइबर की आवश्यकता होती है। यानी की एक दिन में सिर्फ 3-4 बादाम का सेवन करना चाहिए। अगर आप पूरा दिन में इससे अधिक बादाम खाने से आपको दस्त की समस्या हो सकती है। पाचन की समस्या होने पर बादाम के सेवन से बचना चाहिए।

## विटामिन ई

इसके साथ ही बादाम में विटामिन ई की अधिक मात्रा पाई जाती है। बादाम के अधिक सेवन से शरीर में विटामिन ई का ओवरडोज हो सकता है। जिसकी वजह से थकान और सिरदर्द की समस्या हो सकती है। अधिक मात्रा में विटामिन ई होने से माइग्रेन की समस्या ट्रिगर हो सकती है। माइग्रेन की समस्या से पीड़ित लोगों को बादाम का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए।

## मोटापा

मोटापे की समस्या से पीड़ित लोगों को भी बादाम का कम सेवन करना चाहिए। क्योंकि बादाम में भरपूर मात्रा में कैलोरी और वसा पाया जाता है। ऐसे में बादाम का अधिक सेवन मोटापे को बढ़ावा दे सकता है। इसलिए जिन लोगों का वजन अधिक होता है, उनको सीमित मात्रा में बादाम का सेवन करना चाहिए।

# भागदौड़ भारी लाइफ के बाद भी महिलाएं खड़े होकर करें ये योगासन, रहेंगी फिट और स्वस्थ

अक्सर महिलाओं के पास खुद के लिए समय बिलकुल नहीं होता। महिलाएं परिवार की देखभाल करतीहैं। वे अपने जीवनसाथी और बच्चों के स्वास्थ्य की ज़िम्मेदारी रखती हैं, लेकिन खुद की सेहत का नहीं। गौरतलब है कि योग करना सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। योगा करने से मानसिक और शारीरिक रुप से स्वस्थ रखने में मदद करता है। स्वस्थ मन और फिट शरीर वाली महिलाएं परिवार के स्वास्थ्य को बढ़ाने में संभावना रखती हैं। इसलिए, यह कहना उचित होगा कि महिलाओं का स्वास्थ्य एक स्वस्थ समुदाय की कुंजी है।



## ताड़ासन

महिलाएं खुद को स्वस्थ रखने के लिए ताड़ासन कर सकती है। ताड़ासन मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही, यह पीठ के तनाव को कम करने में मदद करता है। ताड़ासन करने के लिए दोनों हाथों को सिर के ऊपर उठाते हुए सीधा खड़े हो जाएं। इसके बाद हाथों और एड़ियों को ऊपर उठाते हुए जितना हो सके शरीर को ऊपर की तरफ स्ट्रेच करें।

## वीरभद्रासन

वीरभद्रासन सबसे अनोखे आसनों में से एक है क्योंकि यह खड़े होने और शरीर को संतुलित करने की दोनों गतिविधियों को जोड़ती है। इस मुद्रा में, एक पैर 90 डिग्री के कोण पर आगे की ओर झुका होता है जबकि दूसरा पिछला पैर 15 डिग्री के कोण पर पीछे की ओर फैला होता है, हाथ हवा में सीधे होते हैं। कम से कम 20 सेकंड तक रुकें और दोहराएं। यह आसन संतुलन बनाए रखने में मदद करता है और पीठ की मांसपेशियों, हैमस्ट्रिंग और कंधे की मांसपेशियों और जोड़ों को मजबूत बनाता है।

## त्रिकोणासन

त्रिकोणासन का अभ्यास करने से पैरों, रीढ़ की हड्डी और पीठ को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही, इसे करने से डाइजेशन सिस्टम बेहतर होता है।

## वृक्षासन

वृक्षासन या वृक्ष मुद्रा, चिंता कम करने के लिए एक शक्तिशाली योगा के रूप में सामने आया है। जैसे ही आप एक पेड़ की तरह ऊंचे खड़े होते हैं, एक पैर जमीन पर रखते हैं जबकि दूसरा पैर भीतरी जांघ या पिंडली पर रखते हैं, आप स्थिरता और आंतरिक शक्ति की भावना पैदा करते हैं। यह मुद्रा केंद्रित श्वास को प्रोत्साहित करती है, मन और शरीर के बीच संबंध को बढ़ावा देती है। इसके साथ ही, पैरों और शरीर की मांसपेशियों को मजबूत मिलती है।

# ये स्ट्रेचिंग कब्ज से दिलाएंगी राहत, रोजाना सिर्फ 10 मिनट करें

सुबह उठकर फ्रेश होना न सिर्फ हमारे मूड को लाइट करता है, बल्कि शरीर फिट है...यह संकेत भी देता है। अगर आपके साथ ऐसा नहीं हो रहा है, तो हो सकता है कि आपको कब्ज की समस्या है। ऐसा खानपान में लापरवाही यानी पेट संबंधी समस्याएं होने की वजह से हो सकता है। इसलिए कहा जाता है कि हमें नियमित रूप से सही आहार लेना चाहिए, ताकि पाचन तंदुरुस्त रहे। खाना सही तरीके से न पचने के कारण कब्ज हो जाती है। कब्ज की समस्या की वजह से खाने का भी मन नहीं करता है। हालांकि, कई बार अच्छी डाइट लेने के बावजूद भी कब्ज की समस्या होने लगती है। पता नहीं कमी कहां रह जाती है...रोजाना दूध पीते है, अच्छी खुराक लेते हैं...पर यह समझ नहीं आता कि कमी कहां रह जाती है। अगर आपको भी कब्ज रहता है, तो जरूरी है कि अपने रूटीन में कुछ ऐसी एक्सरसाइज को शामिल किया जाए जिनकी मदद से फिट भी रहा जा सके और कब्ज की समस्या दूर भी हो जाए। तो बस हम आपके लिए ऐसी एक्सरसाइज लेकर आ गए हैं।

## पवनमुक्तासन

पवनमुक्तासन करने से शरीर के निचले हिस्से में पर असर पड़ता है। इससे पेट पर दबाव पड़ता है, जिससे पेट की चर्बी कम होने लगती है। इससे पेट की गैस बाहर आती है। पेट पर दबाव पड़ने से कब्ज में भी राहत मिलती है।



### कैसे करें?

- इस आसन को करने के लिए पीठ के बल जमीन पर लेट जाएं।
- दाएं पैर को घुटने से मोड़ें। इस घुटने को दोनों हाथों से पकड़कर चेस्ट की ओर लाएं।
- इसके बाद सिर को जमीन से ऊपर उठाने की कोशिश करें कि नाक घुटने को स्पर्श करें। लेकिन ध्यान रहें कि जबरदस्ती ना करें।
- इस स्थिति में आरामदायक अवधि तक रोककर वापस पहले वाली स्थिति में आ जाएं।
- यही क्रिया दूसरे पैर से भी करें। इसके बाद इसे दोनों पैरों से एक साथ करें।

## वज्रासन

वज्रासन न केवलकब्ज की समस्या कम करता है, बल्कि पेट के आस-पास में वजन कम करने में भी मदद करता है, क्योंकि शरीर को सीधे रहने के लिए एक मजबूत कोर की आवश्यकता होती है, जो इस हिस्से में मसल्स को मजबूत करता है।



### कैसे करें?

- इस योग की फर्श पर घुटने टेककर शुरुआत करें।
- आराम के लिए योगा मैट का इस्तेमाल करें।
- घुटनों और टखनों को एक साथ स्ट्रेच करें और पैरों को सीध में रखें।
- सांस छोड़ते हुए पैरों पर वापस बैठ जाएं।
- हिप्स एड़ियों और जांघें काफ पर टिकी रहनी चाहिए।
- हाथों को जांघों पर रखें और पेल्विक को थोड़ा पीछे और आगे की ओर तब तक समायोजित करें जब तक आप सहज न हो जाएं।
- रीढ़ की हड्डी को सीधा करके बैठने की स्थिति में धीरे-धीरे सांस लें और छोड़ें।
- शरीर को ऊपर की ओर खींचने के लिए सिर का इस्तेमाल करें और टेलबोन को फर्श की ओर दबाएं।
- चिन को फर्श के समानांतर रखते हुए आगे की ओर देखने के लिए सिर को सीधा करें।
- हाथों की हथेलियों को जांघों पर आराम से बाजुओं के साथ रखें।
- इस मुद्रा में कुछ देर ठहरे रहें और वापस सामान्य हो जाएं।

## तितली आसन

यह आसन पाचन संबंधी समस्याओं जैसे कब्ज को रोकता है, क्योंकि तितली आसन करते समय पेट और आंतों पर प्रेशर बनता है, जिससे शरीर तनाव पैदा करता है। रोजाना इसको करने से पाचन तंत्र का कार्य बढ़ता है, जो उचित मल त्याग में सुधार करता है।



### कैसे करें

- इसे करने से पहले सुखासन में बैठ जाएं।
- अब दोनों पैरों को घुटने से मोड़ें।
- इस तरह अंदर रखें कि पैरों के तलवे एक दूसरे को छू रहे हों।
- एड़ियों को जितना हो सके अंदर की ओर खींचने की कोशिश करें।
- अब हाथों से दोनों पैरों को एक साथ पकड़ें और रीढ़ की हड्डी को जितना हो सके सीधा रखें।
- अब सांस अंदर लें और हाथ को दोनों घुटनों पर रखें।
- जैसे ही हम सांस छोड़ते हैं, घुटनों को ऊपर और नीचे तब तक ले जाएं जब तक कि घुटने जमीन को स्पर्श न करें।
- नॉर्मल सांस लें इस प्रक्रिया को कम से कम 15 से 20 बार दोहराएं।

# गर्मियों में बगल से आने वाली बदबू को दूर करेंगे ये आयुर्वेदिक उपाय

बगल से बदबू आना एक आम समस्या है, जो लोगों को परेशान करती है। खासकर, गर्मियों में यह दिक्कत काफी बढ़ जाती है। गर्मी के मौसम में पसीना अधिक आता है और इसके कारण, बगल से दुर्गंध आने लगती है। आर्मपिट से आने वाली स्मैल कई बार शर्मिंदगी का कारण भी बनती है। अक्सर लोग, इस स्मैल को दूर करने के लिए, डिओडोरेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन, केमिकल वाले डिओ भी स्किन को नुकसान पहुंचाते हैं। आयुर्वेद के अनुसार, अंडरआर्म से आने वाली बदबू को दूर करने के लिए क्या पीना चाहिए, क्या लगाना चाहिए और किस चीज से नहाना चाहिए, इस बारे में एक्सपर्ट से जानते हैं।

**नीम के पानी से नहाएं :** नीम स्किन इंफेक्शन से छुटकारा दिलवाने के लिए बहुत अच्छा है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये स्किन पर होने वाले दानों को दूर करता है। नीम के पानी से नहाने से आपको बगल की दुर्गंध से राहत मिल सकती है। पानी में कुछ नीम की पत्तियां डालकर रख दें और इसे रातभर छोड़ दें। सुबह उठकर इस पानी से नहाएं। आपको बगल की बदबू और स्किन इंफेक्शन्स व एलर्जी से छुटकारा मिलेगा।



**चंदन का पेस्ट लगाएं :** एक्सपर्ट के मुताबिक, बगल से आने वाली दुर्गंध को दूर करने के लिए, आपको चंदन और गुलाबजल का पेस्ट बगल में लगाना चाहिए। बगल को रोजाना साफ करें। इसके साथ ही, चंदन और गुलाबजल का पैक बनाकर इसे बगल पर लगाएं। आपको 2 चम्मच चंद पाउडर में, जरूरत के अनुसार गुलाबजल मिलाकर इसका एक पेस्ट बनाना है। इसे नहाने से कुछ मिनट पहले, बगल में लगाएं और फिर इसे नहाते वक्त धो लें। इससे बगल में डेड स्किन सेल्स जमा नहीं होंगी और बैक्टीरिया को पनपने का मौका नहीं मिलेगा। इससे अंडरआर्म का कालापन भी दूर होगा।

**मुलैठी की चाय पिएं :** मुलैठी में मौजूद फ्लेवोनोइड्स और कूमारिन स्किन व सांसों से आने वाली बदबू को दूर करते हैं। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं। यह पसीने के कारण, पनपने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद करती है। इसे पीने से शरीर से आने वाली बदबू से राहत मिलेगी। दिन में 1 बार इस चाय को पिएं। गर्मियों में बगल से आने वाली बदबू को दूर करने में ये आयुर्वेदिक उपाय आपकी मदद करेंगे।

# गर्मियों में हाई ब्लड प्रेशर रोगी फॉलो करें ये टिप्स, कंट्रोल रहेगा बीपी

आजकल बिगड़ी लाइफस्टाइल के साथ-साथ खराब खानपान के कारण लोगों में बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ गया है। मसालों से लेकर खानपान की अन्य चीजों में केमिकल और पेस्टिसाइड जैसी चीजें मिलाई जा रही हैं, जो कि कैंसर, हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन रही हैं। इसके साथ ही वर्कप्रेशर और आगे बढ़ने की होड़ में लोग ज्यादा स्ट्रेस यानी तनाव लेने लगे हैं, जिससे भी ब्लड प्रेशर से जुड़े मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। खासकर, गर्मियों के मौसम में लोग ब्लड प्रेशर की समस्या से काफी परेशान रहते हैं, जो कि अगर लंबे समय तक रहती है तो दिल की बीमारियों का खतरा भी बढ़ता है।



**भरपूर मात्रा में पानी पिएं :** गर्मियों में बाहर का तापमान ज्यादा होता है, ऐसे में शरीर से पानी की कमी हो सकती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत हो सकती है। इसलिए, रोजाना पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी पीने से शरीर हाइड्रेटेड रहेगा और जरूरी मिनरल्स भी मिलेंगे। अगर आप ज्यादा सादा पानी नहीं पी पाते हैं तो आप पानी में नींबू मिलाकर पी सकते हैं। इसके अलावा नारियल पानी, दाल का पानी, चावल का पानी भी ले सकते हैं। इनसे शरीर को जरूरी विटामिन्स और मिनरल्स प्राप्त होंगे, जिससे गर्मियों के दिनों में भी आपका ब्लड प्रेशर कंट्रोल हो सकता है।

**स्ट्रेस से दूरी बनाएं :** स्ट्रेस यानी तनाव शरीर की कई गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। ऐसे में तनाव से दूरी बनाकर रखना चाहिए। तनाव और चिंता भी बीपी को बढ़ा सकते हैं। इसलिए, आपको स्ट्रेस को कंट्रोल करने के लिए योग और मेडिटेशन का अभ्यास करना चाहिए। इसके साथ ही अपनी लाइफस्टाइल को भी सुधारें और रोजाना 7-8 घंटे की लगातार नींद लें। जिससे कि आपको एंग्जायटी और स्ट्रेस की समस्या कम होगी और शरीर में ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहेगा।

**जंक फूड न खाएं :** गर्मियों में अधिक मसालेदार और तले हुए खाने का सेवन करना ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है। ऑयली और जंक फूड में न सिर्फ तेल और मसाले होते हैं बल्कि इसमें नमक की मात्रा भी ज्यादा होती है जिससे ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसे में गर्मियों में घर का बना साफ और हल्का खाना ही खाना चाहिए और डाइट में ज्यादा से ज्यादा फलों और सब्जियों को शामिल करना चाहिए।

**नींद पूरी करें :** अच्छी नींद लेना भी शरीर में ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में रखने में मदद कर सकता है। इसलिए, रात में 7-8 घंटे की नींद जरूर लें। इसके लिए आप सोने से कम से कम 3 घंटे पहले अपना डिनर कर लें और टीवी-मोबाइल से दूरी बनाएं। कई बार ज्यादा स्क्रीन टाइम के कारण भी लोग अनिद्रा के शिकार हो जाते हैं।

**योग-मेडिटेशन करें :** योग और मेडिटेशन का रोजाना अभ्यास करने से आपकी मानसिक स्थिति में सुधार होता है और ब्लड प्रेशर कंट्रोल में रहता है। नियमित योग और मेडिटेशन के अभ्यास से मानसिक तनाव कम होता है, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

## लखनऊ पर स्लोओवर रेट के लिए तीसरी बार फाइन

### कप्तान पंत पर 30 लाख का जुर्माना



नई दिल्ली।

लखनऊ सुपर जायंट्स (लखनऊ सुपर जायंट्स) के कप्तान ऋषभ पंत पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ स्लो ओवर रेट के कारण जुर्माना लगाया गया है। लखनऊ सुपर जायंट्स का इस सीजन का ऐसा तीसरा अपराध था, इसलिए पंत पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। खेलने वाले बाकी 11 खिलाड़ियों में से प्रत्येक पर 12 लाख रुपए या उनके मैच शुल्क का 50% (जो भी कम हो) जुर्माना लगाया गया। हालांकि, यह पंत का ऐसा तीसरा अपराध था, फिर भी उन्हें बैन नहीं किया गया, जैसा कि आईपीएल 2024 तक होता था। यह नियम आईपीएल 2025 से पहले बदल दिया गया था। वहीं, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पिछले सीजन के बैन के कारण इस सीजन का पहला मैच नहीं खेल सके थे।

#### लखनऊ सुपर जायंट्स 7वें नंबर पर रही

लखनऊ सुपर जायंट्स ने इस सीजन में 14 मैचों में 6 जीत और 12 अंकों के साथ दस टीमों की पॉइंट्स टेबल में सातवां स्थान प्राप्त किया। वहीं आरसीबी ने लीग स्टेज में 19 पॉइंट्स के साथ क्वालिफायर-1 के लिए क्वालिफाई कर लिया है। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में बेंगलुरु ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 3 विकेट पर 227 रन बनाए। कप्तान ऋषभ पंत ने 61 बॉल पर नाबाद 118 रन की पारी खेली। उन्होंने 11 चौके और 8 छक्के लगाए। मिचेल मार्श (67 रन) ने भी अर्धशतक लगाया। बेंगलुरु ने 228 रन का टारगेट 18.4 ओवर में 4 विकेट पर हासिल कर लिया। टीम ने आईपीएल में अपना सबसे बड़ा टारगेट चेज किया है। बेंगलुरु के कप्तान जितेश शर्मा ने 33 बॉल पर नाबाद 85 रन बनाए। जबकि मयंक अग्रवाल ने 23 बॉल पर नाबाद 41 रन की पारी खेली। दोनों ने 107 रन की साझेदारी की। विराट कोहली ने 54 रन बनाए। कोहली ने मौजूदा सीजन में 8वां और ओवरऑल 63वां आईपीएल अर्धशतक लगाया है। उन्होंने आईपीएल में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने के मामले में डेविड वॉर्नर (62 फिफ्टी) का रिकॉर्ड तोड़ा है।

## गस एटकिंसन हैमस्ट्रिंग चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

लंदन।

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज गस एटकिंसन को हैमस्ट्रिंग की चोट के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज से बाहर कर दिया गया है। यह सीरीज आज शुरू होगी, लेकिन इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि एटकिंसन की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल नहीं किया जाएगा। एटकिंसन को यह चोट हाल ही में नॉटिंघम में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच के दौरान लगी थी। इस मैच में उन्होंने कुल 19.2 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट हासिल किए थे। उनकी चोट इंग्लैंड की तेज गेंदबाजी में एक और बड़ा झटका है, क्योंकि इससे पहले जोफ्रा आर्चर भी इसी सीरीज से बाहर हो चुके हैं। इंग्लैंड टीम प्रबंधन को उम्मीद है कि एटकिंसन 20 जून से भारत के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले तक पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

## इंडियन वॉरियर्स ने किया धमाकेदार आगाज अफ्रीकन लायंस को 7 विकेट से हराया

ग्रेटर नोएडा।

शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंटरकॉन्टिनेंटल लीजेंड्स चैंपियनशिप (आईएलसी) के पहले दिन का आगाज बेहद रोमांचक अंदोज में हुआ। मंगलवार रात उद्घाटन मुकाबले में शिखर धवन की इंडियन वॉरियर्स ने अफ्रीकन लायंस को 7 विकेट से शिकस्त देकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफ्रीकन लायंस ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 195 रन बनाए। टीम के लिए शेखर सिरोही ने सिर्फ 26 गेंदों पर 65 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें कई आकर्षक शॉट्स देखने को मिले। अंतिम ओवरों में शिवम शर्मा ने 14 गेंदों में 24 रन जोड़कर स्कोर को मजबूती दी। 195 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडियन वॉरियर्स की शुरुआत तूफानी रही। शिखर धवन और कप्तान प्रियांक पांचाल ने पहले छह ओवर में ही 67 रन जोड़ दिए। हालांकि सातवें ओवर में टीम ने दो विकेट खो दिए, लेकिन इसके बाद पारी को पवन नेगी और केदार देवधर ने संभाला।

**आईपीएल : क्वालीफायर-1**

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु-पंजाब किंग्स के बीच आज

नई दिल्ली।

श्रेयस अय्यर की प्रेरक नेतृत्व क्षमता की अब तक की सबसे कठिन परीक्षा होगी जब पंजाब किंग्स की टीम आज मुलांपुर में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की मेजबानी करेगी। शीर्ष दो में स्थान प्राप्त करने के बाद इन दोनों टीम से फाइनल में पहुंचने की उम्मीद की जा रही है क्योंकि पहले क्वालीफायर में हारने के बावजूद उन्हें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा।

#### आरसीबी का मिडल ऑर्डर भी हुआ मजबूत

आरसीबी पिछले कई वर्षों से अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर निर्भर रही है, लेकिन जितेश शर्मा जैसे खिलाड़ियों के मध्यक्रम में अपनी क्षमता दिखाने के बाद ऐसा लगता है कि यह बदल रहा है। जितेश ने मंगलवार रात को अपने आईपीएल करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और प्लेऑफ में जाने से पहले उनका आत्मविश्वास सातवें आसमान पर होगा। टीम के दृष्टिकोण से यह महत्वपूर्ण होगा कि फिल सॉल्ट पावरप्ले में अपनी सर्वश्रेष्ठ विस्फोटक बल्लेबाजी करें और विराट कोहली उसी तरह बल्लेबाजी करते रहें जैसे वे पूरे सत्र में करते आए हैं। आरसीबी लीग चरण में इस मैदान पर पंजाब किंग्स पर अपनी जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेगी। यहां की पिच का व्यवहार अभी तक अप्रत्याशित रहा है।

यहां खेले गए चार मैचों की पहली पारी में केवल एक बार 200 रन बने हैं।

**आरसीबी के लिए खिताबी सूखा खत्म करने का अच्छा मौका :** आरसीबी को भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में कुछ खिलाड़ियों की चोट को लेकर चिंता थी लेकिन वह काफी हद तक दूर हो गई है। तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है और टिम डेविड भी चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे।

### बल्लेबाजी तो बल्ले-बल्ले लेकिन गेंदबाजी है पंजाब के लिए चिंता

पंजाब के लिए चिंता का विषय गेंदबाजी विभाग है, खासकर दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन के जाने के बाद, जो राष्ट्रीय टीम की तरफ से खेलने के लिए स्वदेश लौट गए हैं। यानसन ने पावरप्ले और डेथ ओवरों में महत्वपूर्ण ओवर फेंके और टीम को निश्चित रूप से उनकी कमी खलेगी। लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल उंगली की चोट के कारण पिछले दो मैचों में नहीं खेल पाए थे। उनके इस महत्वपूर्ण मैच में वापसी करने और हमेशा सटीक गेंदबाजी करने वाले हरप्रीत बरार के साथ मजबूत जोड़ी बनाने की उम्मीद है। अर्शदीप सिंह अपनी फ्रेंचाइजी के लिए लंबे समय से बेहतरीन तेज गेंदबाज रहे हैं और उन्होंने खेल के सभी चरणों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

### दोनों टीमों का इस सीजन में अब तक शानदार प्रदर्शन

लेकिन पंजाब किंग्स को अपने घरेलू मैदान पर जीत का भरोसा होगा क्योंकि पिछले महीने उसने यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 111 रन के लक्ष्य का सफलतापूर्वक बचाव किया था। दोनों टीम इस पहली सीढ़ी से ही फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेंगी। इस मैच में हारने वाली टीम दूसरे क्वालीफायर में गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से भिड़ेगी।



### पंजाब किंग्स

नेहल वढेरा, हरनूर सिंह, श्रेयस अय्यर, मुशीर खान, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, विष्णु विनोद, जोश इंग्लिस, मार्कस स्टोइनिस, प्रवीण दुबे, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई, आरोन हार्डी, हरप्रीत बराड़, सूर्यांश शेडगे, शशांक सिंह, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, विजयकुमार विशाक, यश ठाकुर, मिशेल ओवेन, काइल जैमीसन।

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), स्वास्तिक चिकारा, जितेश शर्मा, फिलिप साल्ट, मनोज भंडागे, टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, लियाम लिविंगस्टोन, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेटेल, स्वप्निल सिंह, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, नुवान तुषारा, यश दयाल, रसिख दार सलाम, सुयश शर्मा, मोहित राठी, अभिनंदन सिंह, मयंक अग्रवाल, ब्लेसिंग मुजाराबानी, टिम सीफ़र्ट।

#### 2014 के बाद पहली बार पंजाब किंग्स प्लेऑफ में

पंजाब किंग्स ने 2014 के बाद पहली बार प्लेऑफ में जगह बनाई है। इसका श्रेय अय्यर और रिकी पोंटिंग (मुख्य कोच) की जोड़ी को जाता है जिन्होंने टीम की संस्कृति को बदलकर उसे नया स्वरूप प्रदान किया। दूसरी ओर आरसीबी को नॉकआउट चरण में कई बार हार का सामना करना पड़ा। इस बार वह खिताब के सूखे को खत्म करने की उम्मीद कर रही है। उनके अपने शब्दों में खिताब के दोनों दावेदारों के लिए काम अभी आधा ही हुआ है। अय्यर-पोंटिंग की जोड़ी पंजाब किंग्स में शानदार बदलाव लेकर आई है और टीम ने लीग चरण में शुरू से लेकर आखिर तक अच्छा प्रदर्शन किया है। यह

## गुकेश की नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार

### दूसरे राउंड में अर्जुन ने हराया, अगले दौर में हिकारू से भिड़ेंगे

नई दिल्ली।

मौजूदा वर्ल्ड चेस चैंपियन डी गुकेश की नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट 2025 में शुरुआत बेहद खराब रही। उन्हें शुरुआती दोनों मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को खेले गए दूसरे राउंड में उन्हें हमवतन अर्जुन एरिगैसी ने हराया। इस हार के बाद गुकेश स्टैंडिंग में सबसे निचले छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। इससे पहले, उन्हें पहले राउंड में पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन और मौजूदा वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था।

**तीसरे राउंड में हिकारू से भिड़ेंगे गुकेश :** इस जीत से अर्जुन दूसरे नंबर पर पहुंच गए हैं। टॉप पर अमेरिका के हिकारू नाकामुरा हैं। एक अन्य मुकाबले में हिकारू ने मैग्नस कार्लसन को हरा दिया। तीसरे राउंड में गुकेश का सामना हिकारू से होगा।

**कार्लसन बनाम नाकामुरा : क्लासिकल में शांति, अर्मागेडन में तूफान :** विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और नंबर 2 हिकारू नाकामुरा के बीच बहुप्रतीक्षित भिड़ंत एक शांत क्लासिकल ड्रॉ के साथ समाप्त हुई। दोनों खिलाड़ियों की सटीक चालों ने गेम को संतुलन में रखा। लेकिन असली रोमांच अर्मागेडन में देखने को मिला। शुरुआती बढ़त कार्लसन के पास थी और वे जीत की ओर अग्रसर दिखे।

मगर एंडगेम में एक चूक ने बाजी पलट दी और नाकामुरा ने एक चमत्कारी चाल के साथ मुकाबला जीतकर महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक हासिल किए।



**कारुआना की वापसी, एरिगैसी ने गुकेश को हराया :** पहले राउंड में हार झेलने वाले फबियानो कारुआना ने जोरदार वापसी करते हुए चीन के यी वेई को काले मोहरों से मात दी। यह मुकाबला बेहद जटिल और संतुलनपूर्ण रहा, लेकिन निर्णायक क्षणों में कारुआना की सटीकता ने उन्हें बाजीगर साबित किया। दिन का सबसे चर्चित मुकाबला दो भारतीय दिग्गजों -अर्जुन एरिगैसी और विश्व चैंपियन गुकेश डोमरराजू के बीच रहा। एरिगैसी ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए, लेकिन गुकेश की सधी हुई डिफेंस ने मुकाबले को संतुलित बनाए रखा। जैसे-जैसे समय घटा, स्थिति जटिल होती गई और अंततः अर्जुन ने निर्णायक बढ़त लेते हुए जीत दर्ज की।

**महिला वर्ग में अन्ना मुजिचुक की मजबूत पकड़ :** महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ने भारत की हम्पी कोनेरू को हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। ओपनिंग से ही मुजिचुक ने स्थिति पर नियंत्रण बना लिया था और अंततः एंडगेम में हम्पी की एक बड़ी गलती ने उन्हें जीत दिला दी। वहीं अन्य दो मुकाबले-वैशाली रमेशबाबू बनाम तिंगजी लेई और सारा खातेमअलशारिया बनाम जू वेनजुन -क्लासिकल में ड्रॉ पर समाप्त हुए। हालांकि अर्मागेडन में लेई और जू ने जीत हासिल कर महत्वपूर्ण अतिरिक्त अंक जुटाए। अब तक के परिणामों के बाद हिकारू नाकामुरा और अर्जुन एरिगैसी 3-3 अंकों के साथ संयुक्त रूप से पुरुष वर्ग में अग्रणी हैं।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना को शूटआउट में 2-0 से हराया



नई दिल्ली।

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चल रहे फोर नेशंस टूर्नामेंट में मेषबान अर्जेंटीना को शूटआउट में 2-0 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। निर्धारित समय तक मुकाबला 1-1 की बराबरी पर रहा। भारत की ओर से कनिका ने 44वें मिनट में गोल दागा, जबकि शूटआउट में लालरिनपुई और लालथनतलुआंगी ने गोल कर टीम को जीत दिलाई।

**पहले क्वार्टर में पिछड़ी, तीसरे में की बराबरी :** मेजबान अर्जेंटीना ने मुकाबले की आक्रामक शुरुआत की और 10वें मिनट में मिलाग्रोस डेल वैले ने गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। हालांकि, भारतीय टीम ने धैर्य नहीं खोया और तीसरे क्वार्टर में वापसी करते हुए कनिका ने 44वें मिनट में शानदार गोल दाग कर स्कोर 1-1 कर दिया।

निर्धारित समय तक स्कोर बराबरी पर रहने के बाद मुकाबला शूटआउट में गया। यहां भारत की कप्तान और गोलकीपर निधि ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना के चारों प्रयासों को रोक दिया। वहीं, भारत की ओर से लालरिनपुई और लालथनतलुआंगी ने अपने मौके भुनाते हुए शूटआउट में गोल दागे और भारत को जीत दिला दी।

## आरसीबी के खिलाफ मिली हार के बाद पंत ने कहा-हम 40 ओवर अच्छी क्रिकेट नहीं खेल पाए

लखनऊ।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के आखिरी लीग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ 61 गेंदों पर नाबाद 118 रन की विस्फोटक पारी खेलने वाले ऋषभ पंत ने कहा कि इस बार वह शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने पर फोकस कर रहे थे, जो वह पिछले मैचों में नहीं कर पाए थे। हालांकि, उनकी इस शानदार पारी के बावजूद लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को 227 रन बनाने के बाद भी हार का सामना करना पड़ा। पंत ने इस हार पर कहा, हम 40 ओवर अच्छी क्रिकेट नहीं खेल पाए।

मैच के बाद प्रेजेंटेशन में पंत ने कहा, हर मैच के साथ मैं अच्छा महसूस कर रहा था, लेकिन कई बार चीजें आपके मुताबिक नहीं होतीं। आज मैंने ठान लिया था कि अगर शुरुआत मिलती है तो उसे बड़े स्कोर में बदलना है, जैसे अनुभवी खिलाड़ी करते हैं। सबसे अच्छे खिलाड़ियों से यही सीखा है कि जब मौका मिले तो उसे भुनाओ। पंत का यह सीजन बल्ले से बेहद फीका रहा था। इस मुकाबले से पहले वह 12 पारियों में सिर्फ 151 रन ही बना पाए थे। उन्होंने बताया कि इस मैच में उन्होंने सीधा खेलने और गैप्स तलाशने की रणनीति अपनाई, जो पहले काम नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने सोचा कि गेंदबाज किस एंगल से गेंदबाजी करेंगे और उसी के मुताबिक खुद को ढालने की कोशिश की। सीधा खेलना, गैप्स देखना, सब कुछ सिंपल रखा और हर गेंद को एक जैसी गंभीरता से खेला। गेंदबाजी में अनुभव की कमी ने लखनऊ को किया परेशान : एलएसजी की गेंदबाजी इस मैच में खास असर नहीं छोड़ पाई। विल ओरूर्क और शाहबाज अहमद ने मिलकर सिर्फ 7 ओवरों में 113 रन लुटा दिए। वहीं फील्डिंग में चूक और दिग्वेश राठी की बैकफुट नो-बॉल, जिस पर प्लेयर ऑफ द मैच जितेश शर्मा को जीवनदान मिला, टीम की हार का कारण बनी। पंत ने कहा,टी20 में सिर्फ 20 ओवर अच्छा खेलना काफी नहीं है। 40 ओवर पूरे मैच में अच्छा खेलना होता है और यही हमारी कहानी रही है।

## टी दिलीप फिर से टीम इंडिया के फील्डिंग कोच बने

### पिछले महीने हटा दिया गया था, रोहित के अनुरोध पर वापस बुलाया गया

नई दिल्ली।

टी दिलीप को फिर से टीम इंडिया का फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, उन्हें एक साल का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। वे अगले महीने इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम के साथ जाएंगे। हालांकि इसे लेकर बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई बयान नहीं आया है। भारत के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खराब प्रदर्शन के बाद पिछले महीने कोचिंग स्टाफ में बदलाव किया गया था, जिसमें दिलीप को भी हटा दिया गया था। इसके बाद दिलीप का काम असिस्टेंट कोच रेयान टेन डेस्काटे देखने वाले थे। रिपोर्ट के मुताबिक, रोहित शर्मा के अनुरोध पर बीसीसीआई ने दिलीप को वापस बुला लिया है।

सूत्रों का कहना है कि रोहित ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के बावजूद व्यक्तिगत रूप से गंभीर से दिलीप को बनाए रखने का अनुरोध किया। रेयान टेन डेस्काटे जिन्हें शुरू में उनकी जगह लेने की उम्मीद थी, वे असिस्टेंट कोच के रूप में बने रहेंगे।

**इंग्लैंड के लिए 6 जून को रवाना होगी भारतीय टीम :** इस बीच टेस्ट टीम के कुछ मेंबर्स के साथ भारत-ए टीम इंग्लैंड पहुंच गई है। आकाश दीप को छोड़कर सभी खिलाड़ी केंट में टीम होटल में पहुंच गए हैं। सीनियर भारतीय टेस्ट टीम 6 जून को मुंबई से रवाना होगी। 20 जून से शुरू हो रहे इंग्लैंड दौरे में भारत को 5 टेस्ट खेलने हैं। हाल ही शुभमन गिल को टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया है। उन्हें इंडिया-ए के साथ इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरे टेस्ट में जुड़ना था। बीसीसीआई चाहती है कि गिल बतौर कप्तान सीनियर टीम के साथ फ्रेश शुरुआत करें।



#### बॉर्डर गावस्कर सीरीज ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीती थी

भारत बॉर्डर गावस्कर सीरीज 3-1 से हारा था। इस सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला गया था। भारत ने 295 रन से इस मैच को जीता था। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वापसी की और एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हराया। वहीं, बिस्ब्रेन में खेला गया तीसरा मुकाबला ड्रॉ रहा। मेलबर्न में खेले गए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हराया। सिडनी में खेला गया आखिरी मुकाबला भी ऑस्ट्रेलिया 6 विकेट से जीता।

#### 2021 में फील्डिंग कोच नियुक्त किए गए थे

टी दिलीप को 2021 में भारतीय मेंस क्रिकेट टीम का फील्डिंग कोच नियुक्त किया गया था। उन्होंने आर श्रीधर की जगह ली थी। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 के बाद उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसके बाद मार्च 2025 तक उनका कॉन्ट्रैक्ट बढ़ाया गया था, लेकिन उन्हें बीच में ही हटा दिया गया था। लेकिन बीसीसीआई को अभी भी उनका रिप्लेसमेंट नहीं मिल सका है। इसलिए अब दोबारा उन्हें ये जिम्मेदारी दी गई है। दिलीप ने 2007 से 2019 तक हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के साथ कोचिंग की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने नेशनल क्रिकेट एकेडमी में कोचिंग की।

## इंग्लैंड दौरे के 16 सदस्यीय टीम का ऐलान

### लखनऊ सुपर जायंट्स-डीसी के इन स्टार खिलाड़ियों ने मारी बाजी

नई दिल्ली।

भारतीय टीम को जो इंग्लैंड का दौरा करना है, उसके लिए टीम इंडिया का ऐलान किया जा चुका है, जिसमें एक से बढ़कर एक अनुभवी और दिग्गज खिलाड़ियों को मौका मिला है। वही एक नए कप्तान को टीम की जिम्मेदारी सौंप गई है, जिन्होंने अभी तक टीम के लिए खेलते हुए दमदार प्रदर्शन दिखाया है। वैसे तो इसके लिए मैनेजमेंट द्वारा पहले ही टीम की घोषणा कर दी गई है लेकिन इन सब के बीच बोर्ड को अचानक एक 16 सदस्यीय टीम का ऐलान करना पड़ा है जिसमें दिल्ली कैपिटल्स और लखनऊ सुपरजाइंट्स के कई धुरंधर खिलाड़ियों ने बाजी मारी है। अगर आप यह सोच रहे हैं कि अगले महीने भारतीय पुरुष टीम को जो इंग्लैंड दौरे पर जाना है, उसके लिए टीम इंडिया की घोषणा हुई है तो आप यहां गलत है। दरअसल दक्षिण अफ्रीका की वूमेंस टीम का यहां ऐलान किया गया है, जिन्हे वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबला खेलना है। 11 जून से दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी, जिसके लिए वूमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली की टीम का हिस्सा रही कई खिलाड़ियों के साथ-साथ लखनऊ सुपरजाइंट्स की भी कई खिलाड़ियों की किस्मत खुलती नजर आ रही है। देखा जाए तो टीम की निगाहें भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप 2025 के लिए अच्छी तैयारी करने पर होगी ताकि वह अपनी टीम के लिए मौका हासिल कर सके।



मैरिजाने कैप ने काफी लंबे समय बाद अपनी टीम में वापसी की है, जो वूमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली की टीम का हिस्सा है। पिछले सीजन उन्होंने दमदार खेल दिखाया था जिनके नाम 3116 रन और 164 विकेट दर्ज है, जिनके टीम में होने से टीम को काफी ज्यादा फायदा मिलेगा। इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका वूमेंस टीम की कमान एक ऐसे खिलाड़ी को सौंपी गई है जो लखनऊ की फ्रेंचाइजी के लिए मुकाबला खेलती है। वह कोई और नहीं लौरा वोल्वार्ट है। इस खिलाड़ी को दक्षिण अफ्रीका वूमेंस टीम की कमान सौंपी गई है जिनके ऊपर यह जिम्मेदारी होगी कि वह वेस्टइंडीज के खिलाफ दमदार तरीके से अपनी टीम का प्रतिनिधित्व करें।

रिश्तों की कदर भी पैसों की तरह ही करनी चाहिए क्योंकि दोनों को कमाना मुश्किल है पर गँवाना आसान।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# अनिल विज बोले-कांग्रेस नेताओं का दिमाग पाकिस्तान का

## पहलगाम हमले पर कहा-कश्मीर की सुरक्षा उमर अब्दुल्ला की जिम्मेदारी

बढ़ता राजस्थान

**अंबाला ( एजेंसी )।** अंबाला में प्रदेश के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के महानुभाव नेता भारत के हैं लेकिन उनका दिमाग पाकिस्तान का है। ये लोग हमेशा पाकिस्तान की बात करते हैं, ये वही बात कहते हैं जो पाकिस्तानी अखबारों और पाकिस्तानी चैनलों में कही जाती है। दरअसल, अनिल विज आज पत्रकारों द्वारा कांग्रेस नेता के उस बयान पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि पुंछ और पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर संघर्ष और समझौता हुआ लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। पहलगाम में सुरक्षा को लेकर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के बयान कि टूरिज्म मेरी जिम्मेदारी है, लेकिन सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी नहीं है, के बारे में पूछे गए प्रश्न के उत्तर पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सुरक्षा भी उन्हीं (मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला) की जिम्मेवारी है। उनकी सरकार है, वे मुख्यमंत्री है, वहां पर काम करने वालों की पहचान करना भी उनकी जिम्मेदारी है। कौन-कौन किस प्रकार की काम कर रहे हैं वह देखने की जिम्मेदारी भी उनकी है और हर सरकार का काम है कि वह अपने देश के नागरिकों की सुरक्षा करें।

### केजरीवाल बिना सोचे समझे करते हैं घोषणाएं- विज

केजरीवाल के बयान कि बनिया का बेटा हूं, पैसे कहीं से भी लाऊंगा, हमने पंजाब में बिजली फ्री की, स्कूल और अस्पताल सुधारे, इस पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने अरविंद केजरीवाल को जुमलेबाज बताते हुए कहा कि ये पिछले कई दिनों से शांत थे। देश का इतना बड़ा युद्ध था, ये फिर भी शांत रहे।

# भाजपा सांसद बोले- आतंकी फिर हमले की तैयारी में थे

## इसलिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया; उम्मीद थी पाकिस्तान आतंकियों पर एक्शन लेगा पर नहीं लिया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** भाजपा के राज्यसभा सांसद मनन कुमार मिश्रा ने कहा है कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद आतंकी भारत में फिर से अटैक की तैयारी कर रहे थे। इसलिए भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाया और आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। मनन मिश्रा ने 27 मई को कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआर कांगो) में कहा, 22 अप्रैल को पहलगाम की घटना के बाद भारत ने 15 दिनों तक इंतजार किया। हमें उम्मीद थी कि पाकिस्तान खुद आतंकियों के खिलाफ एक्शन लेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके उलट, हमारी खुफिया एजेंसियों ने बताया कि आतंकी फिर से भारत में हमले की तैयारी कर रहे हैं। तभी, 7 मई को भारत ने आतंकी ठिकानों पर हमला किया, जिसमें 100 आतंकी मारे गए। मनन मिश्रा आतंकी हमले पर दुनिया को भारत का पक्ष बताने के लिए अलग-अलग देशों में गए 7 में से एक डेलिगेशन का हिस्सा हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में एक डेलिगेशन ने मंगलवार को कांगो के सांसदों और नेताओं के सामने भारत का पक्ष रखा। मनन मिश्रा इसी डेलिगेशन में शामिल हैं।

# लालसोट विधायक ने हेड कॉन्स्टेबल को लगाई फटकार

## थाने में जब्त बोलेरो को छुड़वाने गए कार्यकर्ता से बदसलूकी का लगाया आरोप

**लालसोट।** दौसा के लालसोट विधायक रामविलास मीणा ने थाना प्रभारी के सामने एक हेड कॉन्स्टेबल को थाने में ही जमकर फटकार लगाई। विधायक ने एसपी से फोन पर बात कर हेड कॉन्स्टेबल पर एक्शन लेने की मांग भी की। इस पूरे मामले का वीडियो भी सामने आया है। लालसोट कस्बे के रामगढ़ पचवारा थाने में कार्यरत पुलिसकर्मी द्वारा एक भाजपा कार्यकर्ता के साथ अभद्रता करने का मामला सामने आया है। कार्यकर्ता की शिकायत पर विधायक रामविलास मीणा रामगढ़ पचवारा थाने पहुंचे और थाना प्रभारी रामशरण गुर्जर के सामने हेड कॉन्स्टेबल चंदन सिंह को जमकर फटकार लगाई है।

# राजस्थान बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी

## जयपुर की नव्या गुप्ता के 99.67% अंक

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने दसवीं कक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने परिणाम जारी किया। बोर्ड के अनुसार, जयपुर में सर्वाधिक छात्रों ने परीक्षा दी थी। जयपुर में आरबीएसई 10 वीं कक्षा का रिजल्ट 94.18% रहा। जयपुर में कुल 1 लाख 4 हजार 894 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 97 हजार 606 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। रिजल्ट में लड़कियां आगे रही। जयपुर में 94.17 प्रतिशत लड़कियां और 93.72 प्रतिशत लड़के पास हुए। किरण बाल भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुरा कालवाड़ रोड जयपुर की नव्या गुप्ता ने 99.67% अंक हासिल किए। वहीं, गुरुकुल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जयपुर के मिहिर गुर्जर ने 10वीं बोर्ड में 99.33% मार्क्स हासिल किए। मिहिर ने 4 विषयों में 100 अंक हासिल किए। वेदांता इंटर सेकेंडरी स्कूल कालवाड़ रोड जयपुर की श्रेया प्रजापति ने 10वीं बोर्ड में 99.17 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उन्होंने अंग्रेजी और गणित में 100 अंक प्राप्त किए हैं। चौमूं के गुरूकुल वी एन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र प्रियांशु शर्मा ने 99.17 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनके 600 में से 589 अंक आए हैं। निकिता बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सांगानेर की छात्रा पूर्वांशी राजोरिया ने 98.50% मार्क्स हासिल किए। उन्होंने 600 में से 591 अंक हासिल किए। सुंदर पब्लिक स्कूल की छात्रा स्वाति चौधरी ने 10वीं क्लास में 98.33% अंक हासिल किए हैं। जयपुर के विकास वर्मा ने 10वीं में 98.17 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सांगानेर के छात्रा वंशपाल जादौन ने 10वीं बोर्ड में 97.33% मार्क्स हासिल किए। वंशपाल गवर्नमेंट स्कूल के छात्र है। इसके साथ ही 11 लाख स्टूडेंट का इंतजार खत्म हो गया। बोर्ड 12वीं आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स का रिजल्ट 22 मई को घोषित कर चुका है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कोटा कलेक्टर कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए अजमेर बोर्ड से जुड़कर परिणाम जारी किया।


### पिछले साल 29 को आया था रिजल्ट

पिछले साल 2024 में बोर्ड ने 29 मई को शाम 5 बजे परिणाम घोषित किया था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोर्ड ने पास प्रतिशत और टॉपर्स के नाम की घोषणा की थी। 2024 में दौसा जिले की छात्रा गुड़िया मीणा ने 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया था।

# राजस्थान में कोरोना के 7 नए केस

## जोधपुर में 2 और जयपुर में 5 नए मरीज आए सामने

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान में कोविड मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मंगलवार को जयपुर और जोधपुर में 7 नए मरीज मिले हैं। बढ़ते मामलों को देखते हुए हेल्थ डिपार्टमेंट ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डिपार्टमेंट के निदेशक ने सभी संभागीय स्तर के संयुक्त निदेशकों को जिला अस्पतालों में ऑक्सीजन उपलब्धता की जांच (मॉकड्रिल) के निर्देश दिए हैं। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, जोधपुर एम्स में बालोतरा की 16 वर्षीय बालिका और बीकानेर की 31 वर्षीय महिला कोविड पॉजिटिव पाई गई हैं। जयपुर में एसएमएस अस्पताल में 2, आरयूएचएस और जयपुरिया अस्पताल में एक-एक तथा एक निजी अस्पताल में एक मरीज मिला है। प्रदेश में इस साल अब तक कुल 39 केस सामने आ चुके हैं और एक मरीज की मौत इस बीमारी से हुई है। विभाग ने सभी जिला अस्पतालों को अलर्ट कर दिया है।

**जिला अस्पतालों में ऑक्सीजन व्यवस्था की होगी जांच :** हेल्थ डिपार्टमेंट के निदेशक रवि प्रकाश शर्मा ने सभी संभागीय संयुक्त निदेशकों को पत्र जारी कर जिला अस्पतालों में ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। अस्पतालों को ऑक्सीजन स्टॉक, कन्सन्ट्रेटर की संख्या और उनकी स्थिति, लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन टैंक की उपलब्धता और कार्यशीलता की विस्तृत रिपोर्ट 2 जून तक प्रस्तुत करनी होगी।

**कोविड से बचाव के लिए रखें इन बातों का ध्यान :** स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, कोविड के शुरुआती लक्षणों में खांसी-जुकाम, बुखार और मांसपेशियों में दर्द शामिल हैं। ये लक्षण सामान्य दिखने पर भी सतर्क रहना जरूरी है। ऐसे लक्षण दिखें तो तुरंत जांच करवाएं और पॉजिटिव पाए जाने पर होम आइसोलेशन में रहें। वर्तमान में हल्के लक्षणों वाले मरीजों के जल्द ठीक होने की संभावना है।

# ऑपरेशन शील्ड- जम्मू कश्मीर और हरियाणा में आज मॉकड्रिल, सायरन बजेंगे, ब्लैक आउट होगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान से सटे राज्यों में कल यानी गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, हरियाणा शामिल हैं। इसे ऑपरेशन शील्ड नाम दिया गया है। वहीं, पंजाब में 3 जून को ड्रिल होगी। पहले राजस्थान, गुजरात और चंडीगढ़ में भी होने वाली थी, लेकिन फिलहाल इसे टाल दिया गया है। अभी तक तारीख सामने नहीं आई है। इससे पहले 7 मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गई। यह इसलिए किया गया ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद 7 मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और पाक में मौजूद 9 आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी।

# राष्ट्रपति शासन वाले मणिपुर में नई सरकार बनाने की तैयारी

## गवर्नर के पास पहुंचे 10 विधायक, 8 बीजेपी के

**इम्फाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें 8 भाजपा, एनपीपी और निर्दलीय के एक-एक विधायक हैं। इन्होंने दावा किया है इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा, कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। नई सरकार के गठन का विरोध करने वाला कोई नहीं है। मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से मुलाकात की है। दूसरी तरफ, विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो गए हैं। जल्द ही सरकार बनाने पर आलाकमान का फैसला आ सकता है।

# महेश जोशी की जमानत पर बहस 31 तक टली

## ईडी अब 31 मई को जवाब पेश करेगी इसके बाद जमानत पर फैसला

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** जल जीवन मिशन में गड़बड़ी के मामले में महेश जोशी की जमानत पर अब 31 मई को फैसला होने के आसार हैं। बुधवार को ईडी की तरफ से बहस नहीं होने के कारण महेश जोशी की जमानत पर फैसला आगे के लिए टल गया है। बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय मामलों की विशेष अदालत में जमानत याचिका पर ईडी की तरफ से बहस होनी थी, लेकिन ईडी ने जवाब पेश करने और बहस के लिए 31 मई तक का समय मांग लिया। अब 31 मई को महेश जोशी की जमानत याचिका पर ईडी की तरफ से बहस होगी। महेश जोशी की तरफ से जमानत याचिका पर मंगलवार को बहस हो चुकी है। महेश जोशी की ओर से वरिष्ठ वकील वीआर बाजवा ने बहस करते हुए तर्क दिया था कि एसीबी के जिस मामले के आधार पर ईडी ने प्राथमिकी दर्ज की है, उस एफआईआर में महेश जोशी का नाम तक नहीं था। जिस लेन-देन को लेकर ईडी ने प्राथमिकी दर्ज की है, वह लेन-देन जुलाई 2023 में बेटे की कंपनी में लोन के रूप में हुआ था। यह पूरा पैसा कुछ महीने बाद ही लौटा दिया गया था। ईडी ने एक साल बाद मार्च 2024 में समन दिया था। जिसका जवाब दस्तावेजों के साथ ईडी को भेज दिया गया था। ईडी ने एक साल तक कोई कार्रवाई नहीं की। अब ईडी की तरफ से जमानत याचिका के विरोध में तर्क पेश किए जाएंगे।

# जयपुर में 9 पार्षदों पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार!

## यूडीएच मंत्री खर्रा बोले- हाईकोर्ट से याचिका खारिज होने के बाद जल्द होगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर में नगर निगम में मेयर मुनेश गुर्जर को पद से हटाने के बाद अब सरकार पूर्व मेयर, डिप्टी मेयर समेत 9 पार्षदों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी में है। यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि वे जल्द ही गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह से मुलाकात कर आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्रवाई को अंजाम देंगे। क्या है पूरा मामला:जयपुर नगर निगम हेरिटेज के पूर्व एडिशनल कमिश्नर राजेंद्र वर्मा ने जून 2023 में माणक चौक थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। शिकायत में तत्कालीन मेयर, उनके पति, डिप्टी मेयर और पार्षदों पर बंधक बनाने, अपशब्द कहने और धमकाने के आरोप लगाए थे। मामले में राज कार्य में बाधा, जबरन फाइलों पर साइन कराने और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर प्रताड़ित करने का मामला दर्ज हुआ था। धरने से शुरू हुआ विवाद:विवाद की शुरुआत जून 2023 में हुई, जब एडिशनल कमिश्नर के निलंबन की मांग को लेकर तत्कालीन मेयर मुनेश गुर्जर पार्षदों के साथ धरने पर बैठी थीं। अस्थाई सफाई कर्मचारियों की फाइल पर साइन करने को लेकर विवाद बढ़ा। हालांकि प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के हस्तक्षेप से धरना समाप्त हुआ, लेकिन मामला थाने पहुंच गया। किन पर दर्ज हुई स्न्नढ्ढक्रःएडिशनल कमिश्नर ने मेयर मुनेश गुर्जर, उपमहापौर अस्लम फारुखी, पार्षद उमर दराज, नीरज अग्रवाल, शफीक कुरैशी, सुनिता मावर, राबिया गुडएज, अंजलि ब्रह्मभट्ट, फरीद कुरैशी, पार्षद पति मोहम्मद अख्तर, आयशा सिद्दीकी, पार्षद पति फूलचंद, पार्षद पुत्र शाकिर, तत्कालीन महापौर के पति सुशील गुर्जर और बसंत असवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# 2024-25 के तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार खाद्यान्न उत्पादन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी : शिवराज सिंह चौहान

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्ष 2024-25 के तृतीय अग्रिम अनुमान जारी करते हुए बताया कि देश के खाद्यान्न में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है और खाद्यान्न उत्पादन बढ़कर 3539.59 लाख टन हो गया है। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली, सोयाबीन में उत्पादन ने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। हमारे किसान भाइयों-बहनों की अथक मेहनत, कृषि वैज्ञानिकों की कुशलता और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की किसान हितैषी नीतियों-योजनाओं के सफल कार्यान्वयन व राज्य सरकारों के सहयोग से देश में खाद्यान्न के भंडार भर गए है। केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि कृषि एवं कल्याण का विचार प्रधानमंत्री श्री मोदी के केंद्र में रहा है। कृषि उत्पादन बढ़ाने और लागत घटाने पर प्रधानमंत्री जी का मुख्य ध्यान रहा है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए कई योजनाएं प्रभावी ढंग से लागू की गई हैं। चाहे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध करवाना हो, पर ड्रॉप-मोर क्रॉप हो, मैकेनाइजेशन की योजना हो, सस्ती खाद हो या फर्टिलाइजर सब्सिडी, जो लगभग 2 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) जैसी योजना हो या अन्य, इन सबके सद्परिणाम हमारे सामने है। श्री चौहान ने कहा कि किसानों की उन्नति, खाद्यान्न उत्पादन में बढ़ोतरी के रूप में हम सकारात्मक परिणाम देख सकते हैं। श्री शिवराज सिंह ने कहा` कहाविराज सिंह चौहान नि चावन मकि उत्पादन बढ़ाना, लागत घटाना, ठीक दाम देना, नुकसान की भरपाई करना, कम ब्याज पर ऋण देना और अनेक योजनाओं के कारण आज देश के खाद्यान्न भंडार भरे हुए हैं। उत्पादन निरंतर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि दलहन व तिलहन के उत्पादन और बढ़ाना है, जिसके प्रयास किए जा रहे हैं। शिवराज सिंह ने कहा कि प्रसन्नता की बात है कि 2024-25 के तृतीय अग्रिम अनुमान के अनुसार देश ने अनुमानित 3539.59 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हासिल किया है, जो 2023-24 के 3322.98 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन से 216.61 लाख मीट्रिक टन अधिक (6.5% की वृद्धि) है। श्री चौहान ने बताया कि कृषि वर्ष 2024-25 में धान, गेहूं, मक्का, मूंगफली, सोयाबीन जैसी प्रमुख फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन प्राप्त हुआ है। खरीफ मौसम में बुवाई क्षेत्रफल में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, साथ ही धान, मक्का, बाजरा, मूंग, सोयाबीन, गन्ना जैसी प्रमुख खरीफ फसलों की उपज में भी वृद्धि दर्ज की गई है। चौहान ने विभिन्न फसलों के उत्पादन का विवरण देते हुए बताया कि चावल उत्पादन 1490.74 लाख मीट्रिक टन (रिकॉर्ड), गेहूं 1175.07 लाख मीट्रिक टन (रिकार्ड), मक्का 422.81 लाख मीट्रिक टन (रिकार्ड), श्रीअन्न 180.15 लाख मीट्रिक टन, तूर 35.61 लाख मीट्रिक टन, चना 113.37 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है। तिलहन में 426.09 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है, जिसमें मूंगफली 118.96 लाख मीट्रिक टन (रिकार्ड), सोयाबीन 151.80 लाख मीट्रिक टन (रिकार्ड), रेपसीड-सरसों में 126.06 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ है।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने बताया कि गन्ना 4501.16 लाख मीट्रिक टन, कपास 306.92 लाख गांठें (प्रत्येक गांठ 170 किलोग्राम), जूट 84.33 लाख गांठें (प्रत्येक गांठ 180 किलोग्राम) है। चावल उत्पादन 1490.74 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो 2023-24 के 1378.25 लाख मीट्रिक टन उत्पादन की तुलना में112.49 लाख मीट्रिक टन अधिक है। गेहूं उत्पादन 1175.07 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो गत वर्ष के उत्पादन की तुलना में 42.15 लाख मीट्रिक टन अधिक है। श्रीअन्न उत्पादन 180.15 लाख मीट्रिक टन अनुमानित है, जो गत वर्ष से4.43 लाख मीट्रिक टन अधिक है।